रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

संसेक्स 81,741134 +285195

डॉलर 831679 -01055

रांची सर्राफा

10 ग्राम 68,990 | 01 किलो 89,000

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

श्रावण कृष्ण पक्ष 12, संवत 2081 | रांची, गुरुवार, 01 अगस्त 2024, वर्ष-25, अंक- 180, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 श्रीजा टेबल टेनिस महिला एकल...

## कांके, ओरमांझी, और नामकुम इलाके में जमीन हुई महंगी

**रांची।** रांची के ग्रामीण इलाकों में गुरुवार (1 अगस्त) से जमीन और मकान की रजिस्ट्री महंगी हो जाएगी, इससे संबंधित प्रस्ताव पर मुहर लग चुकी है। जिले के शहरी ग्रामीण इलाकों में निबंधन शुल्क में अधिकतम 10 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है। जिन इलाकों में निबंधक शुल्क में बढ़ोतरी होनी है, जिसका सीधा असर बुंडू नगर पंचायत और आरआरडीए क्षेत्राधिकार एवं सेंसस टाउन के इलाकों की भूमि के मूल्य एवं रजिस्ट्री फीस पर पड़ेगा। रांची में जमीन की सबसे ज्यादा कीमत कांके, ओरमांझी, नगड़ी,रातू और नामकुम इलाके में हुई है। बता दें कि भू-राजस्व एवं निबंधन विभाग के निर्देश पर हर वर्ष निबंधन शुल्क में वृद्धि का पुनरीक्षण होता है **शेष पेज 11 पर**

## झारखंड में जल्द होगा जल संसाधन आयोग

**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन बुधवार को सदन में जल संसाधन मंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि झारखंड में जल्दी ही जल संसाधन आयोग का गठन किया जायेगा। आयोग का गठन हो जाने के बाद राज्य में वृहद जलाशय का रोड मैप सरकार की ओर से तैयार किया जायेगा। वृहद जलाशय से केनाल या पाइप लाइन के जरिए खेतों तक पानी पहुंचाने का काम सरकार करेगी। **शेष पेज 11 पर**



### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **8292553444** पर भेज सकते हैं।

आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।

### आज कल








# देर रात सदन में धरना दे रहे विधायकों को किया मार्शल आउट

### सीएम से जवाब मांगने सदन के अंदर धरने पर बैठे थे विधायक

### सदन के अंदर की सभी लाइटें और एसी बंद कर दी गई हैं

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा मानसून सत्र के चौथे दिन बुधवार को भाजपा विधायक बड़ा सा बैनर लेकर सदन पहुंचे और प्रदर्शन करने लगे। इसमें आजसू के विधायक लंबोदर महतो भी शामिल हो गए। यह धरना-प्रदर्शन सदन के स्थगित हो जाने के बाद देर रात तक जारी रही। विधायक इस बात पर अड़े थे कि कि जब तक उनके सवालों का सीएम जवाब नहीं देते तब तक हम यहीं रूकेंगें। बीना जवाब सूने हम यहा से नहीं जाएगें। देर शाम तक विधायक सदन के अंदर धरने पर बैठे रहे। इसके बाद सदन की लाइट और एसी बंद कर दी गई है। लेकिन सभी विधायक अंधेरे में भी बैठे रहे। एक बार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद विधायकों को मनाने आए लेकिन विधायक नहीं माने। इधर देर रात साढ़े नौ बजे मार्शल ने विधायकों को सदन से जबरन बाहर किया। इसके बाद विधायक सदन के बाहर विधानसभा परिसर में ही धरने पर बैठ गए, ये धरना प्रदर्शन देर रात खबर लिखे जाते तक जारी है। इसके पूर्व सदन की पहली पाली में बीजेपी के सारे विधायक बेल में चले आए जिसके बाद सत्ता पक्ष के विधायक भी बेल में आ गए। ऐसे में विधानसभा अध्यक्ष ने सदन स्थगित कर दिया। दूसरे पाली में जब कार्यवाही शुरू हुई तो फिर बीजेपी विधायक सीएम से सारे प्रश्नों का जवाब देने की मांग करने लगे।

**बैनर में लिखे है कई सवाल :** बैनर में भ्रष्ट, निकम्मी, झूठी, लुटेरी और युवाओं को ठगने वाली हेमंत सरकार जवाब दो लिखा है। साथ ही कई सवाल लिखे हैं। मनरेगा कर्मी के परमानेंट का क्या हुआ, सहायक पुलिस के परमानेंट का क्या हुआ, होमगार्ड के परमानेंट का क्या हुआ, पोषण सखी के परमानेंट का क्या हुआ, पारा शिक्षक के परमानेंट का क्या हुआ।

### धरने पर बैठे विधायकों को मनाने पहुंचे मुख्यमंत्री

इस बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विधायको को मनाने सदन के अंदर पहुंचे और कहा कि चलिए सत्ता लोबी में जाय पिते हुए बात करते हैं। बीजेपी विधायकों ने काह कि आप आश्वासन दिजिए की गुरुवार को आप बोलेंगे और जवाब देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कौन कब बलेगा ये तो स्पिकर तय करेंगे। मुख्यमंत्री के मानाने के बावजूद विधायक नहीं माने तो मुख्यमंत्री वहां से वापस चले गए।

## जब से जेल से बाहर आया हूं, विपक्षियों को ज्यादा कांटा चुभ रहा : हेमंत सोरेन



**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन बुधवार को सदन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विपक्ष पर खुलकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब से मैं जेल से बाहर आया हूं, विपक्षियों को ज्यादा ही कांटा चुभ रहा है। विपक्षियों की बहुत सारी चिंताएं हैं। सीट पर बैठ नहीं पाते हैं। इनकी कुर्सी में कांटा है। झट से खड़े हो जाते हैं। विपक्षियों को भरपूर रूप से संतुष्ट करेंगे। इनका धरना-प्रदर्शन भी देखा, इनकी मंशा भी समझ लिया। सभी सवालों को नोट किया जा रहा है, इसका बिंदुवार जवाब दिया जायेगा। नौकरी से लेकर बाकी सारी इच्छाओं का भी इनको जवाब मिलेगा। आपलोग जरूर सुनियेगा। मुख्यमंत्री सदन में अनंद ओझा के पेयजलापूर्ति से जुड़े एक सवाल के जवाब में खड़े हुए थे। इससे पहले अनंत ओझा और पेयजल मंत्री मिथिलेश ठाकुर के बीच साहेबगंज जलापूर्ति योजना को लेकर बहस चल रही थी। हेमंत सोरेन ने कहा कि अनंत ओझा हमारे जिले के साथी हैं। दो दिन पहले ही मैंने जलापूर्ति योजना को देखा था। 2013-14 में मैंने ही इसकी आधारशिला रखी थी। वहां पर कई समस्याएं हैं।

गंगा नदी सामान्य नदी नहीं है। गंगा नदी से पानी लेने की लंबी प्रक्रिया है। देश के एक बड़े व्यापारी अडानी का भी फोन आया था। इस प्रोजेक्ट के लिए काफी डायवर्जन करना पड़ा। कई अचड़ने आयी हैं। इस विषय पर मैं संज्ञान लेता हूं। इसको मैं खुद देखूंगा। जल्द से जल्द मिलजुल कर ये काम पूरा करेंगे।

## झारखंड विधानसभा में बालू पर बवाल

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र में लगातार हंगामे के कारण किसी विषय पर सार्थक चर्चा नहीं हो पा रही है। बुधवार को सत्र के चौथे दिन विधानसभा में बालू के सवाल पर जमकर बवाल हुआ। मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा में नॉन टैक्स पेयर को फ्री में बालू देने की घोषणा की थी। इसे लेकर विपक्ष ने बुधवार को हेमंत सरकार को घेरने की कोशिश की। भाजपा विधायक शशिभूषण मेहता ने कहा कि सरकार की कथनी और करनी में अंतर है। पहले भी सरकार ने इसी सदन में कहा था कि पंचायत के माध्यम से बालू उपलब्ध करायेंगे। बालू ना तो पंचायत के माध्यम से मिला ना ही अबुआ आवास का निर्माण हुआ। झारखंड के मजदूर पलायन कर रहे हैं। शशिभूषण मेहता ने कहा कि जब भाजपा ने सरकार को घेरने का काम किया तो लोगों का ध्यान बांटने के लिए फ्री बालू देने की घोषणा कर दी।

सरकार को यदि बालू फ्री में देना रहता तो अब तक मिलना शुरू हो जाना चाहिए था। सरकार की यह यह घोषणा सिर्फ पेपर और मीडिया के लिए है। यह सरकार बालू उपलब्ध नहीं करा पायेगी। इनकी मनसा ठीक नहीं है। नदी से बालू चोरी कर धड़ल्ले से बेची जा रही है। पहले बालू 300 रुपये ट्रैक्टर बिकता था, जो अब 12000 रुपये ट्रैक्टर बिक रहा है। उन्होंने कहा कि पैसा से बालू मिल ही नहीं रहा है, मुफ्त में मिलना तो दूर की बात है।



### फ्री में बालू देना अच्छा कदम : दीपिका पांडे

मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने इस योजना को झारखंड के लिए सराहनीय कदम बताते हुए कहा कि झारखंड की कई योजनाएं चाहे वह सर्वजन पेंशन योजना हो, अबुआ आवास हो, मइयां सम्मान योजना हो, यहां से सीखकर अन्य राज्य भी इसका अनुसरण करेंगे। दीपिका ने नॉन टैक्सपेयर के लिए मुफ्त में बालू उपलब्ध कराने वाली ऐतिहासिक योजना को लागू करने के लिए हेमंत सोरेन को धन्यवाद दिया।

### कुछ तो लोग कहेंगे लोगों का... : बन्ना

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने सायराना अंदाज में कहा कि कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है कहना। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने सदन में मंगलवार को ही बालू वाली योजना की घोषणा की है। इस योजना के लिए जल्द सारी एसओपी तैयार की जायेगी, जो नॉन टैक्स पेयर है, जिनके अबुआ आवास पूरे नहीं हो पाये हैं, जो गरीब है, उन्हें मुफ्त में बालू उपलब्ध करायी जायेगी, ताकि उनका मकान बन सके।

### झारखंड में बालू है ही नहीं, तो देंगे कहां से : भानू

भानू प्रताप शाही ने सरकार पर तंज करते हुए कहा कि आप एक मुट्ठी बालू लेकर दिखा दीजिए। झारखंड में बालू है ही नहीं। सरकार ने पूरी तरह से झूठ बोला है। जनता की आंखों में धूल झोंकने का काम किया है। जब सरकार ने टेंडर ही नहीं कराया, बालू स्टॉक ही नहीं किया, तो बालू कहां से देंगे। भानू प्रताप शाही ने कहा कि अब 20 अक्टूबर के बाद ही टेंडर कर बालू स्टॉक किया जा सकता है। उसके बाद ही बालू मुहैया कराया जा सकता है लेकिन तब तक तो सरकार की विदाई ही हो जायेगी। जनता समझ रही है कि आप झूठ बोलकर कर भागे हैं। सरकार ने जो आश्वासन दिया है, वह सरासर झूठा है।

## झारखंड के राज्यपाल के रूप में संतोष गंगवार ने ली शपथ



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड के नवनियुक्त राज्यपाल संतोष गंगवार ने बुधवार को पद की शपथ ली। झारखंड हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने राजभवन के बिरसा मंडप में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में संतोष गंगवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। गंगवार ने सीपी राधाकृष्णन की जगह ली। राधाकृष्णन को महाराष्ट्र का राज्यपाल बनाया गया है। शपथ ग्रहण के बाद संतोष गंगवार ने जोहार के साथ अपना संबोधन शुरू किया। राज्यपाल ने कहा कि यह राज्य प्रकृतिक और खनिज संपदा से परिपूर्ण है। हम उम्मीद करते हैं कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड काफी अच्छे ढंग से तरक्की करेगा। शपथ लेने से पहले संतोष गंगवार ने बिरसा मुंडा स्मृति पार्क में बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर श्रद्धा **शेष पेज 11 पर**

## लातेहार में पुलिस जवान की गोली लगने से मौत

**लातेहार।** जिले के छिपादोहर थाना क्षेत्र अंतर्गत करमडीह पिकेट में पदस्थापित जवान प्रमोद सिंह की मौत बुधवार को संदेहास्पद स्थिति में गोली लगने से हो गई। हालांकि, प्रारंभिक जांच के बाद यह संभावना जताई जा रही है कि जवान के द्वारा राइफल की सफाई किए जाने के दौरान फायर हो जाने से उसे गोली लगी। बताया गया है कि मृतक जवान प्रमोद सिंह पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत पोलपोल गांव के रहने वाले थे। वह तीन दिन पहले छुट्टी से वापस ड्यूटी पर लौटे थे। बुधवार को वह अपने बैरक में ही थे। इसी दौरान अचानक गोली चलने की आवाज सुनकर कैंप में पदस्थापित अधिकारी और जवान वहां पहुंचे तो देखा कि प्रमोद सिंह खून से लथपथ जमीन पर पड़े हुए हैं। जब तक अधिकारी कुछ समझ पाते तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

**शेष पेज 11 पर**

## वायनाड भूस्खलन : मृतकों की संख्या बढ़कर 153 हुई



**कोझिकोड ।** केरल के वायनाड में हुए भीषण भूस्खलन में मरने वालों की संख्या 153 पहुंच गई है। 98 लोग अभी भी लापता हैं। बचाव दल क्षतिग्रस्त हो चुके घरों तक पहुंच रहे हैं और लापता लोगों की तलाश में जुटे हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में चूरलमाला, वेल्लारीमाला, मुंडकाईल और पोथुकालू शामिल हैं। सेना, वायु सेना, नौसेना, एनडीआरएफ, पुलिस, फायर फोर्स और स्थानीय लोग बचाव कार्य में लग गईं। **विस्तृत खबर पेज नौ पर**

## इंडिया गायब होते तालाब और अंधाधुंध शहरीकरण घातक



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

झारखंड उच्च न्यायालय ने नगर निगम से पूछा है रांची के 71 तालाब कहां गए ? शहर,कस्बों से लेकर महानगर तक की प्रशासनिक सीमारेखा से ठीक बाहर लगभग पूरे भारत में बड़े भवन निर्माताओं की सुव्यस्थित कॉलोनियों के अलावा बहुत तेजी से बिना किसी मापदंड के मनमाने ढंग से तेजी से समानान्तर शहरीकरण भी हो रहा है और यह अपेक्षाकृत कम खर्चे में मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए एक सपने के पूरे होने जैसा भले हो,जिसके मायाजाल में राजनेताओं से लेकर भू माफिया तक शामिल हैं पर आने वाले दशकों में इस में बसने वाले लोगों के साथ-साथ आधुनिक भारत को विकसित देशों की श्रेणी में खड़ा करने में यह अंधाधुंध विकास एक घातक मक्कड़जाल साबित होने वाला है। पर्यावरण एवं प्रकृति विनाश को नियंत्रित करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए, इसके लिये बढ़ते शहरीकरण को रोकना एवं गांव आधारित जीवनशैली पर



बल देना होना चाहिए था पर हुआ इसका उल्टा गांव पिछड़ेपन और भ्रष्टाचार के केंद्र बनते चलते गए क्योंकि विकास के नाम पर या तो अंधांधुंध राजसहायता बांटी गई या बिना अर्थव्यवस्था के सभी पहलुओं का अध्ययन किए योजनाएं चलाईं गईं या सस्ते में अनाज बांटे गए। बतौर मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने सबसे पहले इसका विरोध यह कहकर किया था कि इससे कृषि प्रधान राज्यों में मेहनत-मजूरी करने वाले लोगों के बीच मुफ्तखोरी की बढ़ेगी जो आगे चलकर कृषि के लिए घातक साबित होगी ।पर उन्हें तत्कालीन केंद्र सरकार ने चुप करा दिया था। भले ही शहरीकरण को आर्थिक और सामाजिक वृद्धि का सूचक माना जाता है लेकिन अनियंत्रित शहरीकरण बड़ी समस्या बन रहा है। भारत में तो शहरीकरण ने अनेक समस्याएं खड़ी कर दी हैं, आम जनजीवन न केवल स्वास्थ्य बल्कि जीवनमूल्यों की दृष्टि से जटिल होता जा रहा है। आर्थिक विकास भी इसी कारण असंतुलित हो रहा है। ऐसे में जब कोरोना जैसे अभूतपूर्व संकट के दौरान बेतरतीब जीवनशैली से भरे शहर अचानक डराने लगे तब हमारे गांवों ने ही शहरी लोगों को प्रेरणा और राहत दी। इसलिए यह आवश्यक है कि ऐसी योजनाएं बनाई जाएं जिससे गांवों में मानक के अनुरूप शहरों जैसी सुविधाएं उपलब्ध हो सकें ताकि शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के लिए ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों को होने वाले पलायन की रफ्तार कुछ थम सके ।लोगों ने छोटे कस्बों से दिल्ली एवं ऐसे ही महानगरों की सीमा से सटे खेतों पर अवैध कॉलोनियां बना लीं हैं । इसके बाद जहां कहीं सड़क बनी, उसके आसपास के खेत, जंगल, तालाब को वैध या अवैध तरीके से कंक्रीट के जंगल में बदल दिया गया। विश्व बैंक इसे भारत का अघोषित एवं अस्त-व्यस्त शहरीकरण मानता है ।शहरीकरण से संबंधित समस्याओं में बंगलुरु की प्रदूषित झीलें,गुरुग्राम का ट्रैफिक जाम,मुंबई की बारिश,दिल्ली के वायु प्रदूषण से लेकर छोटे शहरों और आसपास के बेतरतीब कस्बों तक की अनेक समस्याएं हैं जो आज संकेत हैं और कल सिरदर्द साबित होने वाली हैं ।इसके मूल में बेरोज़गारी है। नौकरी से लेकर बेहतर चिकित्सा और अधिक पैसे कमाने के लिए गांवों की कट्टर जातीय,सामाजिक बंधनों को तोड़कर युवा चमकते शहरों की तरफ भागते हैं। कृषि मंत्रालय के अनुसार खेती पर निर्भर लोगों में से 40 फीसदी लोग ऐसे हैं जिनको अगर विकल्प मिले तो वे तुरंत खेती छोड़ देंगे क्योंकि खेती करने में धन की लागत बढ़ती जा रही है और बिक्री और उत्पादन दोनों जुए की तरह हैं ।

ग्रामीण क्षेत्रों से नगरों में आने वाले लोग अधिकतर गरीब होते हैं, उनके पास किसी भी प्रकार की सामाजिक सुरक्षा का अभाव होता है, जिस कारण वे आसपास के इलाकों में बसने का प्रयास कर समस्या को और भी गंभीर बना देते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार पैदा करने के साथ-साथ पलायन को कम करने के लिये ग्रामीण कृषि अर्थव्यवस्था का विविधीकरण करने में मनरेगा जैसी योजनाओं ने गावों से शहरों की ओर पलायन कम करने में अहम भूमिका निभाई है ।शहरी फैलाव,आवास और मलीन बस्तियों का विस्तार,भीड़ और व्यक्तिवाद की भावना, पानी की आपूर्ति और जल निकासी का बेहतर न होना,शहरी बाढ़,परिवहन और यातायात की समस्या,बिजली की कमी,प्रदूषण,शहरी ग्रीष्म द्वीप प्रभाव,अपराध और बाल अपराध,भीख,शराब और ड्रग्स की समस्या और भ्रष्टाचार और मजबूरी का सौदा करते नेता इसे सुलझाने के बजाय और उलझा रहे हैं ।यदि ऐसा ही चलता रहा तो भविष्य में शहरों के इर्द-गिर्द ऐसी मलीन बस्तियों में कभी आग लग जाए तो आग बुझाने वाली गाड़ियां तक नहीं पहुंच पाएंगी क्योंकि बिना किसी मापदंड के विकसित हो रही इन कॉलोनियों में न तो इसके लिए जगह छोड़ी जा रही है और न ही कोई नक्शा पास कराया जा रहा है जिसमें विद्युत व्यवस्था,जल निकास,पार्क,दुकानों के लिए कोई जगह छोड़ी नहीं जा रही है, जो कल होकर एक बड़ी मुसीबत खड़ी कर सकते हैं।

## हमास चीफ हानिया तेहरान में मारा गया

एजेंसी




- ईरानी राज्य टेलीविजन पर विश्लेषकों ने इसके लिए इजराइल को जिम्मेदार ठहराया है।

**तेहरान।** ईरान की राजधानी तेहरान में आतंकी संगठन हमास चीफ इस्माइल हानिया मारा गया। बुधवार सुबह उनके आवास पर हमला कर हत्या कर दी गई। हानिया मंगलवार को ईरान के नए राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुआ था। उसकी ईरान के सर्वोच्च नेता से भी मुलाकात हुई थी। ईरानी राज्य टेलीविजन पर विश्लेषकों ने इसके लिए इजराइल को जिम्मेदार ठहराया है। बता दें कि इजरायल ने पिछले साल सात अक्टूबर के हमले के बाद इस्माइल हानिया को मारने और हमास समूह को खत्म करने की शपथ ली थी।

इसी साल अप्रैल में इजराइली सुरक्षाबलों ने हानिया के तीन बेटों को मौत के घाट उतार दिया था। गाजा पट्टी में एयरस्ट्राइक के दौरान तीनों की मौत हुई थी। इजराइल ने दावा किया था कि कि हानिया के तीन बेटे आमिर, हाजेम और मोहम्मद, आतंकी गतिविधियों में शामिल थे। पिछले साल 7 अक्टूबर को हमास द्वारा इजरायल पर अचानक किए गए हमले में लगभग 1200 लोग मारे गए थे। हमास ने लगभग 250 लोगों को बंधक भी बना लिया था। हमास के पास अब भी 150 लोग बंधक हैं।

**शेष पेज 11 पर**




## एक नजर

### जिला परिषद में डीआरडीए का विलय की सहमति

रांची/चान्हो। बुधवार को जिला परिषद सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में डीआरडीए को जिला परिषद में विलय की प्रक्रिया को सहमति दी गई। सरकार के संकल्प पत्र में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए चान्हो पश्चिमी के जिला परिषद सदस्य आदिल अजीम ने नियमावली 2001 के 77 जे में अंकित का पालन करने और पंचायती राज विभाग को डीआरडीए के कर्मियों को वेतन देना आदि को क्लियर करना चाहिए। आदिल अजीम ने कहा की पंचायती राज विभाग से मार्गदर्शन मांगा जाए। ताकि भविष्य में किसी भी कर्मियों को कोई परेशानी न हो।

### राष्ट्रीय जय हिंद पार्टी ने विधायक का फूंका पुतला

**रांची।** राष्ट्रीय जय हिंद पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार बुधवार को मंडल की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की का कोकर चौक पर पुतला दहन किया। इस अवसर पर केंद्रीय अध्यक्ष बबन चौबे ने कहा कि विधायक मर्यादा में रहे और अनर्गल बयान न दे। उनके अनर्गल बयान से समाज में आपसी सौहार्द को ठेस पहुंची है। बिहार के लोग अगर झारखंड में है तो झारखंड के लोग भी देश के अन्य राज्यों में बसे हुए हैं। उन में बिहार भी शामिल है। उनके इस बयान से झारखंड में कभी भी माहौल खराब हो सकता है इस तरह के पलों पर कांग्रेस को लेकिन कसनी चाहिए कार्यक्रम में भगवान राय मुकेश वर्मा मनोज गुप्ता ट्रॉफी आलम सुनील पांडे समीर सिंह बिट्टू सिंह पंचम कुमार गौरव कुमार समेत काफी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए।

### मांडर मुखिया संघ का अनिश्चितकालीन धरना शुरू

**मांडर।** मांडर मुखिया संघ ने वुधवार से प्रखंड मुख्यालय के समीप अनिश्चित कालीन धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। जिसकी अध्यक्षता मुखिया संघ के अध्यक्ष लक्ष्मण भगत ने किया। मुखिया संघ का आरोप है कि विधायक शिल्पी नेहा तिर्की व पूर्व विधायक बंधु तिर्की ने साजिश के तहत प्रभा किस्पोट्टा को निलंबित कराकर पावर सीज करवाया है। इस दौरान विधायक शिल्पी नेहा तिर्की एवं पूर्व विधायक बंधु तिर्की के खिलाफ जम कर नारे बाजी की गई। उन्होंने कहा कि एक चुने हुए मुखिया को इस तरह से प्रताडित करना कहां तक उचित है। सरवा मुखिया को बिना स्पष्टीकरण दिए निलंबित किया गया। जबकि मामला कोर्ट में लंबित है।

झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक में वित्तीय साक्षरता कैंप का आयोजन

## बैंक के माध्यम से जितने ग्राहक लाभान्वित होंगे उतनी ही हमारी उपलब्धियां बढ़ेंगी : पूर्णिमा



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक ग्रामीण इलाकों के लोगों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सदैव तत्पर है। लोगों का जीवन स्तर में कोई बेहतर परिवर्तन होता है तो यह झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के लिए बेहतर प्रयास कहलाएगा। उक्त बातें लापुंग प्रखंड के झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के ककरिया शाखा के द्वारा आयोजित एक दिवसीय वित्तीय साक्षरता कैम्प के दौरान ककरिया के शाखा प्रबंधक प्रिय नारायण झा ने कही। बुधवार को झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक लापुंग एवं ककरिया के तत्वावधान में एक दिवसीय वित्तीय साक्षरता कैम्प का अलग-अलग आयोजन किया गया। झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक लापुंग शाखा की शाखा प्रबंधक पूर्णिमा कुमारी ने कहा कि बैंक सभी जरूरतमंदो को ऋण सहित अन्य योजनाओं के माध्यम से लाभ पहुंचाने का काम करती है। जितनी अधिक संख्या में ग्राहक लाभान्वित होंगे उतनी ही हमारी उपलब्धियां बढ़ेगीं। लापुंग कैंप के दौरान सैकड़ों ग्राहकों की उपस्थिति में बैंक के विभिन्न प्रोडक्ट तथा सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजना के बारे में बताया गया। शाखा प्रबंधक पुर्णिमा कुमारी के अलावे नाबार्ड के वित्तीय साक्षरता कांउसेलर कमलेश नारायण तिवारी बैंक सखी नंदी बरला, सीएसपी यशपाल साहु, सुमित्रा देवी, सोमनाथ लोहरा सहित स्वयं सहायता समूह की महिला प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। लापुंग तथा ककरिया में शाखा प्रबंधक क्रमशः पूर्णिमा कुमारी एवं प्रिय नारायण झा के द्वारा साइबर क्राइम से बचने के लिए ग्राहकों को जागरूक किया गया एवं जीवन ज्योति बीमा, सुरक्षा बीमा, अटल पेंशन योजना, कृषि ऋण नवीकरण के लिए ग्राहकों को जागरूक किया गया।

## लक्ष्य पाने के लिए कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास आवश्यक : सुदेश



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सिल्ली विधायक सह आजसू अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प के साथ निरंतर प्रयासरत रहना आवश्यक है। सच्ची मेहनत ही सफलता की कुंजी है। क्षेत्र के सभी विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई पूरी करने के लिए हर सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में हम पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रहे हैं। महतो बुधवार को जोन्हा हाई स्कूल में आयोजित मेधा प्रतिभा सम्मान समारोह में बोल रहे थे। मौके पर प्रखंड के इस वर्ष 10वीं और 12वीं की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं को सम्मनित किया गया। उन्होंने कहा कि राज्य और राष्ट्र का भविष्य बच्चों के मजबूत कंधों पर टिका है। मेधा प्रतिभा सम्मान समारोह का उद्देश्य मेधावी छात्र छात्राओं की प्रतिभा को सम्मानित करने के साथ ही उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना है। मौके पर उपस्थित सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा पाने का लक्ष्य केवल निजी या सरकारी विभाग में उच्च पदों पर आसीन होना नहीं है, बल्कि श्रेष्ठ समाज की रचना में सक्रिय भूमिका का निर्वहन करना है।

## न्यूज | बॉक्स

### छोटे मालवाहकों ने 3 घंटे अपने वाहन बंद रखे

**रांची।** रांची गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के आह्वान पर छोटे माल वाहकों ने 3 घंटे अपने वाहन बंद रखे और निगम आयुक्त के निर्णय का विरोध किया। इस अवसर पर आयोजित सभा में झारखंड मोटर फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष ललित नारायण ओझा ने कहा कि अगर गरीबों के घर चुल्हा नहीं जलेगा तो पूरी राजधानी को बंद कर देंगे। गरीबों के पेट पर लात मारने वाले कानून का हम सभी विरोध करते हैं। साथ ही जल्द निर्णय नहीं होने की स्थिति में सभी संगठन एक जुट होकर बड़े आंदोलन का रुख करेंगे। प्रशासन को यह भी चेतावनी दी गई कि रविवार तक जिला प्रशासन में नो एंट्री की पुरानी समय सारणी को प्रभावित नहीं किया तो राजधानी के 25000 घरों में चुल्हा जलने का संकट उत्पन्न हो जाएगा। टेंपो ठेला और लघु भर वहां के कार्य करने वाले रोजाना काम करके परिवार का भरण पोषण करते हैं इनको न्याय मिलने तक आंदोलन चलता रहेगा। आंदोलन में सभी समान विचारधारा के संगठन भी जुड़ जाएंगे। रांची गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष ऋषि देव यादव ने कहा कि हम सभी संगठन मिलकर इस आंदोलन को मंदिर तक लेकर जाएंगे झारखंड मोटर फेडरेशन के महामंत्री सुनील सिंह चौहान ने कहा कि बिना संगठनों से विचार के इस तरह का निर्णय लेना गरीब और व्यापार विरोधी है।

### आरटीआई कार्यकर्ता ने डीजीपी से की मुलाकात



**खलारी।** खलारी के समाजसेवी सह आरटीआई कार्यकर्ता गौरीशंकर केशरी ने राज्य के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता से पुलिस हेडक्वार्टर में मुलाकात किया। गौरीशंकर केशरी ने डीजीपी को बुके देकर शुभकामनाएं दी। केशरी ने उन्हें खलारी क्षेत्र की कानून व्यवस्था से अवगत कराया। डीजीपी ने सकारात्मक आश्वासन दिया। गौरीशंकर केशरी के साथ मनोज केशरी भी उपस्थित थे।

### लेगाहातू में लाठी खेल का हुआ आयोजन



**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत सुलुमजुड़ी लेगाहातू में रजा ए मुस्तफा कमेटी के द्वारा मंगलवार की रात 9 बजे से बुधवार की सुबह 4 बजे तक भव्य लाठी खेल का आयोजन किया गया। आयोजन में कुल पांच टीमों ने खेल का प्रदर्शन किया। रजा क्लब सुलुमजुड़ी, नेशनल क्लब कलवाडीह, हुसैनी क्लब कुटाम, मोहम्मद क्लब मड़ामू कोटशिला(प.बं.) एवं बड़ा मुड़ी कमेटी शामिल रहे। खेल के दरमियान खिलाड़ियों के द्वारा एक से बढ़कर एक करतब और खेल का उम्दा प्रदर्शन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो उपस्थित रहे। मौके पर विधायक ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति को बधाइयां दी। विशिष्ट अतिथि के रूप में संजय सिद्धार्थ, लक्ष्मण महतो, मुखिया लालू राम उरांव, उप मुखिया सुकरी देवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद फारूख ने किया।

### खलारी में श्रावणी मेला का उद्घाटन आज

**खलारी।** केडी नेहरू स्टेडियम में श्रावणी मेला का उद्घाटन गुरुवार शाम पांच बजे किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए मेला कमेटी के संरक्षक राजनसिंह राजा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष सावन मास में इस मैदान में मेला लगता है। राजन ने क्षेत्र के सभी राजनीतिक दल, पंचायत प्रतिनिधि, गणमान्य लोग व सामाजिक कार्यकर्ताओं से इस मेला उद्घाटन में शामिल होने की अपील की है।

### सड़क हादसे में दो भाई घायल

**मांडर।** मांडर बाजारटांड़ के निकट मंगलवार की शाम सड़क दुर्घटना में बाइक सवार सुरसा गांव निवासी जहीर अब्बास व सरताज अंसारी घायल हो गये। दोनों सगे भाई हैं। जहीर को गंभीर चोट आयी है। उसे मांडर में प्राथमिक इलाज के बाद रिम्स रेफर किया गया। घटना शाम करीब छह बजे की है। दोनों बीजुपाड़ा से घर लौट रहे थे। इसी क्रम में कुत्ते को बचाने के क्रम में सड़क पर गिर कर घायल हो गये।

रांची जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने मंत्री को सौंपा पत्र

## जरूरतमंद व्यक्ति को राशन देना सरकार की जिम्मेदारी : राकेश



**सिल्ली।** रांची जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने झारखंड सरकार के खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता से मिले और राशन कार्ड में नए सदस्य जोड़ने के लंबित आवेदनों की यथाशीघ्र निष्पादन के संबंध में अवगत कराये। डॉ राकेश किरण ने कहा कि पूरे भारतवर्ष में भोजन का अधिकार कानून लागू है। जिसके तहत हर जरूरतमंद निर्धन व्यक्ति को राशन देना सरकार की जिम्मेदारी है। सरकार के द्वारा सराहनीय प्रयास भी किया जा रहा है। परंतु खेदपूर्वक कहना पड़ रहा है कि रांची जिला में पीएचएच राशन कार्ड में नए सदस्यों को जोड़ने संबंधी कुल 67530 आवेदन इरड से अग्रसारित करके ऊरड के स्तर पर लंबित है पूरे राज्य में इसकी कुल संख्या 857183 है । इससे जनता बेहद परेशान है तथा कई सारी सरकारी योजनाएं जिसमें राशन कार्ड होना अनिवार्य होता है से वे वंचित रह जा रहे हैं ।

श्रद्धालुओं का जत्था महाकाल के दर्शन-पूजन के लिए रवाना

## आज करेंगे विधिवत पूजा-अर्चना



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मंदिर परिसर से माथा टेककर और विधिवत पूजा अर्चना कर श्रद्धालुओं का एक जत्था उज्जैन के महाकाल मंदिर एवं दूसरा जत्था बाबा बैजनाथ धाम के दर्शन पूजन के लिए रवाना हुआ। श्री दुर्गा मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष और समाजसेवी सौमित्र शर्मा के नेतृत्व में पांच सदस्यीय कांवरियों का जत्था महाकाल उज्जैन सहित विभिन्न तीर्थस्थलों का दौरा करेगा। इस संदर्भ में सौमित्र शर्मा ने बताया कि उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर में बेड़ो के श्रद्धालु दर्शन पूजन करेंगे और झारखंड खासकर बेड़ो और लापुंग प्रखंड में अच्छी वर्षा की कामना करेंगे। श्रद्धालुओं का जत्था पहले क्षिप्रा नदी में पवित्र स्नान करेंगे और फिर बाबा महाकाल का दर्शन करेंगे। श्रद्धालु नर्मदा नदी का भी दर्शन एवं पवित्र स्नान करेंगे। जत्था गुरुवार की सुबह महाकालेश्वर मंदिर उज्जैन में दर्शन पूजन करेंगे। जत्था में रवि गुप्ता, पंकज कुमार गुप्ता, दिनेश बडाईक, गड्डे बड़ाईक एवं विशाल सिंह शामिल हैं। वहीं दूसरी ओर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, बेड़ो इकाई के 12 कार्यकर्ताओं का जत्था पवित्र श्रावण मास में बाबा नगरी देवघर व श्री बासुकीनाथ मंदिर के लिए पूजा करने एवं जल अर्पित करने के लिए बेड़ो से महादानी मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रस्थान किया। इसके पूर्व सभी कावरियों ने महादानी मंदिर में बाबा महादानी के पास मत्था ठेका और आशीर्वाद लेकर जयकारा लगाया और देवघर के लिए प्रस्थान किया।

## रोहिणी में भी संडे व पीएचडी ड्यूटी सुविधा बहाल करे प्रबंधन



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
सीसीएल रोहिणी परियोजना के कामगारों ने पूर्व की भांति सन्डे ड्यूटी व पीएचडी ड्यूटी सुविधा देने को लेकर प्रबंधन को एक मांग पत्र सौंपा है। मजदूर हाजरी घर से पैदल ही परियोजना कार्यालय पंहुचे जहां परियोजना के मैनेजर दीपक कुमार को मांग पत्र सौंपा गया। मांग पत्र के माध्यम से कामगारों ने बताया कि दो दिन पूर्व रोहिणी हाजरी घर के बाहर संयुक्त ट्रेड यूनियन एवं रोहिणी परियोजना के समस्त कामगारों की एक बैठक की गई, जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि रोहिणी परियोजना में पूर्व की भांति संडे व पीएचडी ड्यूटी लागू किया जाए। विगत 31 दिसंबर को प्रबंधन द्वारा यह आश्वस्त किया गया था कि आगामी तीन महीने में जमीन संबंधित सारी प्रक्रियाएं पूरी कर ली जाएंगी और उत्पादन शुरू कर दिया जाएगा। रोहिणी परियोजना के सारे कर्मवीर भाइयों ने त्याग और बलिदान का परिचय देते हुए कंपनी हित में सात महीनों तक प्रबंधन का साथ दिया और लगभग सारी प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई हैं। माइन ऐक्टिविटी शुरू हो गया है। नियम पूर्वक रोहिणी परियोजना के सारे कामगारों का संडे पीएचडी शुरू हो जाना चाहिए था।

खलारी में पर्यटन विकास के लिए तलाशी गईं संभावनाएं

## पंचायत सचिवालय में जल्द लगेगा सोलर हाई मास्ट लाइट



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
पर्यटन विभाग के द्वारा खलारी प्रखंड के खलारी व मैकलुस्कीगंज में पर्यटन विकास के लिए संभावनाओं की तलाश की गई। इसे लेकर पर्यटन विभाग के असिस्टेंट कलक्टर आदित्य पांडेय, जिला पर्यटन विशेषज्ञ रोशन कुमार सहित ज्रेडा के लोग खलारी आए हुए थे। खलारी के बीडीओ संतोष कुमार व सीओ प्रणव अम्बष्ट के साथ पूरी टीम ने खलारी, मैकलुस्कीगंज में पर्यटन विकास से संबंधित स्थलों का निरीक्षण किया। पर्यटन की टीम खलारी का प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर पहुंची। मालूम हो कि पहाड़ी मंदिर खलारी रांची जिला के पर्यटन सूची में है। निरीक्षण के बाद बताया कि पहाड़ी मंदिर परिसर में ज्रेडा की ओर से सोलर प्लेट लगाए जाएंगे। इसके अलावा हाई मास्क लाइट, स्ट्रीट लाइट आदि लगाया जाएगा। इस दौरान पहाड़ी मंदिर विकास समिति के सचिव दिनेश पांडेय ने पर्यटन विकास की और भी संभावनाओं का सुझाव दिया।

## कामदा एकादशी पर बाबा श्याम का हुआ शृंगार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में बुधवार को कामदा एकादशी के अवसर पर प्रातः से ही मंदिर में भक्तों का आना-जाना लगा हुआ था। प्रातः 5:30 बजे की मंगला आरती के बाद प्रातः श्रृंगार के लिए मंदिर के पर्दे लगा करके बाबा श्याम एवं सभी देवी देवताओं का श्रृंगार किया गया। आज एकादशी के अवसर पर बाबा श्याम का विशेष दिवस होने के अवसर पर हरमू रोड स्थित भक्त बाबा श्याम को अपनी-अपनी अर्जी लेकर दरबार में हाजिरी लगाते हैं। भक्तों का यह मानना है कि एकादशी के दिन अर्जी लगाने से उनकी हर मनोकामना पूर्ण होती है। सुबह की श्रृंगार आरती 8:30 बजे में भक्तों की अपार भीड़ देखी गई। दिनभर भक्तों का आना-जाना लगा रहा। एकादशी का विशेष कार्यक्रम रात्रि 9:30 बजे से प्रारंभ हुआ। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी एवं महामंत्री विश्वनाथ नारसरियां के नेतृत्व में भजन संकीर्तन प्रारंभ हुआ जो देर रात्रि तक चलता रहा। आज बाबा के विशेष श्रृंगार सेवा राजेश सिंघानिया हर्ष सिंघानिया पंचमेवा प्रसाद सेवा सारिका सिंघानिया रबड़ी प्रसाद सेवा अन्नपूर्णा सरावगी गिरीगोला सेवा मुकेश मित्तल एवं फल प्रसाद एक श्याम भक्त द्वारा निवेदित थी।

### मृतक के परिजन से मिले सन्नी टोप्पो

**चान्हो/मांडर।** प्रखंड के अलग-अलग स्थान में वज्रपात की चपेट में आकर मारे गए लोगों के परिजनों से भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने मुलाकात की। बता दें कि मंगलवार की शाम बसकी में नीरज उरांव नामक एक युवक के खेत में काम करने के दौरान वज्रपात की चपेट में आने से मौत हो गई थी। उसके अंतिम संस्कार में सन्नी टोप्पो शामिल हुए और परिजनों को सांत्वना दी । वहीं दूसरी ओर चान्हो के लुंडरी और कंजगी में भी वज्रपात की चपेट में आने से एक महिला और एक पुरुष की मौत हो गई थी उनके भी परिजनों से सन्नी टोप्पो मुलाकात की। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में हुए उनके साथ है। साथ ही सरकार की ओर से ऐसे हादसों में दी जाने वाली सहायता राशि को अति शीघ्र परिजनों को दिलाने का पूरा प्रयास करेंगे।

श्री श्याम संघ ने मनाई कामिका एकादशी

## 31 किलो नाशपाती फल से सजा बाबा का दरबार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
श्री श्याम संघ ने बुधवार 31 जुलाई को स्थानीय श्री राधा वल्लभ मंदिर में कामिका एकादशी मनाया। मुख्य यजमान संस्था के अध्यक्ष कमलेश संचेती ने सर्वप्रथम बाबा श्याम के ज्योत को प्रज्वलित किया इसके बाद गणेश वंदना के साथ भजनों के कार्यक्रम को शुरू किया गया। कामिनी एकादशी के अवसर पर श्याम बाबा के शीश का भव्य श्रृंगार किया गया था। इस बार एकादशी 31 जुलाई को होने से 31 किलो नाशपाती फल से बाबा के दरबार को सजाया गया था। इसके अलावा अखंड ज्योत एवं महाप्रसाद का आयोजन किया गया। बाबा श्याम को आज मलाई टोस्ट, रबड़ी,पेड़ा, मेवा, केसरिया दूध,मगही पान का भोग लगाया गया। मंत्री संजय सुरेका ने बताया की सावन मास की एकादशी तिथि को कामिका एकादशी के नाम से जाना जाता है. कामिका एकादशी के दिन जो भी व्यक्ति व्रत रखता है, उसे सभी पापों से छुटकारा मिल जाता है. इस एकादशी तिथि के दिन भगवान विष्णु के साथ ही भगवान शिव का उपासना करने से सारे बिगड़े काम बन जाते हैं । संस्था के सदस्यों ने मीठे मीठे भजनों का रसपान करवाया । रात्रि 11 बजे महाआरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में अनिल लोहिया, हरेंद्र अग्रवाल, संजय सुरेका,आकाश शर्मा, दीपक पोद्दार,विकास लोहिया, भगवती हेतमसरिया, रवि अग्रवाल, अभिषेक चौधरी, प्रवीण मंगल, उत्कर्ष लोहिया, वैभव ढानढनिया,रूपेश लोहिया, प्रदीप खोवाल, हेमंत जोशी ने अहम भूमिका निभाई।

देवेंद्र नाथ महतो अस्पताल से हुए डिस्चार्ज

## शीघ्र ही राजधानी रांची वापस लौटेंगे



**रांची/नई दिल्ली ।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के वरीय उपाध्यक्ष व रांची लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो का इलाज गुरु गोविंद सिंह अस्पताल दिल्ली में चल रहा था। जिन्हें आंशिक बेड रेस्ट एवं अन्य हिदायत के साथ डिस्चार्ज कर दिया गया है। अस्पताल द्वारा मंगलवार को देर शाम डिस्चार्ज किया गया। बताते चलें कि बीते 19 जुलाई को आंदोलनरत सहायक पुलिसकर्मी के सशरीर समर्थन के दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा उन पर लाठी चार्ज किया गया था। जिसे 24 जुलाई तक रिम्स रांची में इलाजरत रहे। इसके पश्चात देवेंद्र नाथ महतो के परिजनों द्वारा उन्हें सीना एवं पेट के अंदरूनी चोट पर बेहतर इलाज हेतु गुरु गोविंद सिंह अस्पताल दिल्ली में इलाज किया जा रहा था। जिन्हें कल मंगलवार देर शाम को अस्पताल से कुछ आवश्यक स्वास्थ्य गाइडलाइन के साथ डिस्चार्ज कर दिया गया है। सूत्रों के अनुसार से वह शीघ्र ही कुछ दिनों में राजधानी रांची वापस लौटेंगे। सीएम आवास घेराव के दौरान देवेंद्रनाथ महतो,संतोष महतो सहित बीस चिन्हित नाम दर्ज एवं 1500 पर अज्ञात रुप से केस दर्ज किया गया है।

## जर्जर हो गया है लालपुर स्थित सीजीएचएस वेलनेस सेंटर का भवन

# कभी भी बड़े हादसे की आशंका

मनोज मिश्रा

रांची। केंद्र के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की केंद्रीय सरकार की स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) के तहत रांची के लालपुर में पीएंडटी कॉलोनी स्थित संपूर्ण स्वास्थ्य केंद्र (वेलनेस सेंटर) में रोजाना सौ से डेढ़ सौ मरीजों का आना होता है। इस वेलनेस सेंटर की सुविधाओं का लाभ बड़े-बड़े दिग्गज लेते हैं। जिन्हें यह सुविधा मिलती है, उनमें पूर्व सांसद, केंद्र सरकार के कर्मचारी, केंद्र सरकार के पेंशनधारी, मीडियाकर्मी एवं उनके आश्रित शामिल हैं।



30 जुलाई को टूट कर गिर गई थी एक कमरे की छत



लालपुर की पीएंडटी कॉलोनी स्थित सीजीएचएस के वेलनेस सेंटर का भवन जर्जर हो चुका है। यहां मगंलवार (30 जुलाई) को एक कमरे की छत का का एक हिस्सा टूटकर गिर गया था। हालत इतनी खराब है कि पिलर जगह-जगह टूटे हुए हैं। कभी भी पूरे भवन के गिरने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है।

जर्जर भवन को लेकर राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता ने बुधवार को सीजीएचएस रांची की अपर निदेशक डॉ सोनाली भट्टाचार्य से बात की। जर्जर भवन को लेकर जब सवाल पूछे, तो उन्होंने बताया कि छह माह पहले वेलनेस सेंटर को दूसरी जगह शिफ्ट करने का प्रयास कर रहे थे, परंतु पेंशनर संघ ने इसका विरोध किया। चूंकि, वेलनेस सेंटर शिफ्ट करने के लिए एडवाइजरी मेंबर की अनुमति आवश्यक होती है और पेंशनर संघ ने इसकी अनुमति नहीं दी। इसलिए वेलनेस सेंटर शिफ्ट नहीं हो पाया।

ऑल इंडिया पोस्टल एंड आरएमएस पेंशन एसोशिएशन के सचिव एमजेड खान से राष्ट्रीय नवीन मेल के संवददाता ने प्रतिक्रिया ली, तो उन्होंने कहा कि वेलनेस सेंटर शिफ्ट करने के विषय पर पहले विरोध था, परंतु इस सूरतेहाल में वेलनेस सेंटर शिफ्ट करना ही एकमात्र विकल्प है और इसके लिए हम सब तैयार हैं। जल्द ही अपर सचिव को पत्र लिखकर भवन बदलने का आग्रह करेंगे। वर्ष 2013 में पोस्टल डिपार्टमेंट ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अपर निदेशक रांची को लालपुर स्थित वेलनेस सेंटर का भवन एक रुपये मासिक किराए पर दिया था। चीफ पोस्टमास्टर जनरल, झारखंड विधान चंद्र रॉय ने कहा कि भवन जर्जर हो चुका है। किसी और जगह पर वेलेनेस सेंटर शिफ्ट किया जाता है, तो इसमें किसी प्रकार की आपत्ति वाली कोई बात ही नहीं है।

### केंद्र सरकार के कर्मियों के लिए है वेलनेस सेंटर

सीजीएचएस योजना का लाभ लेने के लिए केंद्र सरकार के कार्यरत और सेवानिवृत्त कर्मियों का सीजीएचएस कार्ड बना रहता है। इस कार्ड के माध्यम से कार्डधारी वेलनेस सेंटर में अपना और अपने आश्रितों का इलाज करा सकते हैं। पीएंडटी कॉलोनी स्थित वेलनेस सेंटर में दो चिकित्सकों के पद स्वीकृत हैं। इसमें एक पद पर चिकित्सक कार्यरत हैं और दूसरा पद रिक्त है।

कार्यरत चिकित्सक जेनरल फिजीशियन हैं। स्पेशल केस की स्थिति में इम्पैनल हॉस्पिटल में मरीजों को जांच और इलाज कराने के लिए रेफर किया जाता है। सीजीएचएस के इम्पैनल हॉस्पिटल की श्रेणी में रांची के लगभग सभी अस्पताल शामिल हैं। मरीज स्वंय तय करते हैं कि उन्हें किस हॉस्पिटल में रेफर होना है। इस इलाज का सारा खर्च भारत सरकार स्वंय वहन करती है। दवाएं भी यहां निःशुल्क मिलती हैं। लेकिन, अगर कोई दवा वेलनेस सेंटर में उपलब्ध न हो, तो मरीज अधिकृत लोकल केमिस्ट से दवा ले सकता है। उनकी दवा की लागत को रीइंबर्स कर दिया जाता है।

## मारवाड़ी कॉलेज में बिजली आपूर्ति ठप, छात्रों ने अंधेरे में दी परीक्षा

नवीन मेल संवाददाता। रांची

मारवाड़ी महाविद्यालय में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था ठप हो जाने के कारण बुधवार को छात्र-छात्राओं को अंधेरे में ही परीक्षा लिखना पड़ा। इसे लेकर छात्र-छात्राएं काफी परेशान थे। परीक्षा लिख रहे छात्र-छात्राओं ने इसकी शिकायत मारवाड़ी महाविद्यालय के युवा आजसू नेता विशाल कुमार यादव से की। विशाल कुमार यादव ने तुरंत सभी परीक्षा हॉल का भ्रमण करते हुए पूरी स्थिति का जायजा लिया। इस घटना से संबंधित जानकारी मारवाड़ी महाविद्यालय के प्राचार्य को देने के लिए उनके चैंबर गए लेकिन वह चेंबर में मौजूद नहीं थे। उन्होंने मारवाड़ी महाविद्यालय के प्राचार्य को फोन के माध्यम से भी अवगत कराने का प्रयास किया लेकिन वह भी संभव नहीं हो पाया। विशाल कुमार यादव ने इस घटना की निंदा करते हुए कहा की मारवाड़ी महाविद्यालय के पास लाइट कट जाने के बाद कोई व्यवस्था नहीं किया गया। ऐसे में यह साफ-साफ दर्शाता है कि महाविद्यालय प्रशासन किस तरह कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा की छात्र-छात्राओं से जबरन अंधेरे में परीक्षा लेना यह उनके मौलिक अधिकारों का हनन है जो कि किसी भी नजरिया से बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। कल इस मामले को लेकर युवा आजसू का एक प्रतिनिधिमंडल मारवाड़ी महाविद्यालय के प्राचार्य एवं रांची विश्वविद्यालय के कुलपति से मुलाकात कर सारी बातों को तथ्य के साथ सामने रखेगा एवं दोषी पर उचित कार्रवाई करने की मांग की जाएगी।

## मोबाइल दुकान का शटर काटकर लाखों की चोरी

रांची। रांची के भाजपा प्रदेश कार्यालय के समीप स्थित आनंद मोबाइल दुकान से चोरों ने नकदी सहित लाखों के मोबाइल चोरी कर ली और फरार हो गए। आनंद मोबाइल के मालिक आनंद ने बताया कि पूरी चोरी बुधवार की अहले सुबह तीन बजे की गई है। बुधवार को जब वह दुकान खोलने पहुंचे, तो उन्हें चोरी की जानकारी हुई। उन्होंने कहा कि चोरों ने दुकान के शटर को नीचे से थोड़ा काटा और उसी रास्ते से दुकान में घुसकर घटना को अंजाम दिया। चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सीसीटीवी में साफ दिख रहा है कि अहले सुबह तीन बजे नकाब पहने दो चोर दुकान में चोरी के लिए घुसे। करीब आधे घंटे तक दोनों चोरों ने पूरी दुकान खंगाली और दुकान में रखे 90 महंगे मोबाइल सेट को बैग में डाल कर दुकान से बाहर निकल गए।

## सीएमपीडीआई के चार सेवानिवृत्त कर्मियों को किया गया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता। रांची



सीएमपीडीआई परिवार के चार सदस्यों की सेवानिवृत्ति के अवसर पर बुधवार को संस्थान के कांफ्रेंस हाल में एक विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिन सेवानिवृत्त कर्मियों को सम्मानित किया गया, उनमें अरुण कुमार, महाप्रबंधक (खनन), रत्नेश कुमार साहु, प्रबंधक (सर्वे), गणेश महतो, चालक-सह-मैकेनिक एवं सुशील कुजूर, सफाई कर्मचारी शामिल थे। स्वागत भाषण, मंच का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन उप प्रबंधक (राजभाषा) अभय मिश्र ने किया। सीएमपीडीआई के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को पौधा, मानपत्र, प्रतीक चिह्न व शॉल देकर कंपनी की ओर से सम्मानित किया। साथ ही, सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के योगदान की प्रशंसा की और उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य, सुखी एवं दीघार्यु जीवन की कामना की। मौके पर पर निदेशक (तकनीकी/ पीएंडडी) अजय कुमार, निदेशक (तकनीकी/ ईएस) सतीश झा, निदेशक तकनीकी/आरडीएंडटी) अच्युत घटक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी सुमीत कुमार सिन्हा, सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्षगण ने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों एवं उनके परिवारजनों के लिए मंगल कामना की।

## बीएयू में सांख्यिकी विधियां व शोध तकनीक पर कार्यशाला

नवीन मेल संवाददाता। रांची

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के पशु आनुवंशिकी एवं प्रजनन विभाग द्वारा सांख्यिकी विधियां एवं शोध तकनीक (स्मार्ट) विषय पर एक सप्ताह की राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन पशुचिकित्सा महाविद्यालय परिसर में किया गया। इसका उद्देश्य प्रतिभागियों में शोध संबंधी आंकड़ों को ज्यादा सार्थक एवं प्रयोक के उपयुक्त बनाने का कौशल विकसित करना था। प्रशिक्षणार्थियों को सन्दर्भ लेखन, साहित्य की समीक्षा, सैंपल साइज की गणना, शोध आचारशास्त्र एवं साहित्यिक चोरी, कोरिलेशन-रिग्रेशन विश्लेषण, नॉन पैरामीट्रिक टेस्ट, मल्टिपल रिग्रेशन विश्लेषण आदि पहलुओं का सैद्धान्तिक एवं व्यवहारिक ज्ञान दिया गया। आयोजन सचिव डॉ नंदनी कुमारी ने बताया कि प्रशिक्षकों में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, भारतीय जैव प्रौद्योगिकी संस्थान, रांची, जिमपेर, पुन्डूचेरी, बीआईटी मेसरा और केन्द्रीय मनश्चिकित्सा संस्थान (सीआइपी) के विशेषज्ञ शामिल थे। प्रशिक्षणार्थी के रूप में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची विश्वविद्यालय, विनोबा भावे विश्वविद्यालय, बिहार सरकार, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय तथा अन्य विश्वविद्यालयों के शिक्षक, शोधार्थी और पदाधिकारी शामिल थे। बीएयू के पशुचिकित्सा संकाय के डीन डॉ सुशील प्रसाद ने सफल प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किया। प्रशिक्षण के बाद उत्साह और आत्मविश्वास से लबरेज प्रतिभागियों ने कहा कि कार्यक्रम काफी ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी रहा।

## आरपीएफ ने रेलवे ई-टिकट के अवैध कारोबारी को किया गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रेलवे ई-टिकट के अवैध कारोबारी मनोज कुमार को पंडरा ओपी क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। आरपीएफ पोस्ट रांची के निरीक्षक दिगंजय शर्मा ने बुधवार को बताया कि रांची मंडल के आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर रेलवे ई-टिकट के अवैध कारोबारियों के खिलाफ ऑपरेशन उपलब्ध के तहत यह कार्रवाई की गई है। गुप्त सूचना पर पंडरा ओपी के आरएस कंप्यूटर दुकान में छापेमारी की गई। इस दौरान रेलवे के 11 ई-टिकट बरामद किए गए। बरामद टिकट का मूल्य 18 हजार 500 पाया गया। पूछताछ पर दुकानदार मनोज कुमार ने बताया कि व्यक्तिगत लाभ के लिए ग्राहकों को बेचने के लिए अपनी व्यक्तिगत आईडी से टिकट बनाता था।

## श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में की गई एकादशी व्रत की पूजा

नवीन मेल संवाददाता। रांची



श्रावणमास कृष्णपक्ष की कामदा एकादशी व्रत को ले श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में बुधवार को सबके आधार, सम्पूर्ण जगत के कारण तथा समस्त प्राणियों के अन्तरयामी भगवान श्रीमन्नारायण श्रीवेंकटेश्वर का विश्वरूप दर्शन हुआ। सुप्रभातम, मंगलाशासनम और कराबलंबम स्तोत्र के बाद दिकबंधन विधि से दस दिक्पाल देवताओं का आवाहन किया। फिर अंगन्यास, करन्यास करके मंत्र द्वारा श्रीभगवान का आवाहन, आसन, अर्घ्य, पाद्य, मधुपर्क, आचमनीय स्नान, वस्त्र, विलेपन, यज्ञोपवीत, अलंकार आदि क्रिया करके तिरुवाराधन हुआ। इसके बाद श्रीभगवान- दम्पत्ति को पर्दे के अन्दर घंटानाद- स्वर के साथ बालभोग नैवेद्य हुआ। फिर नक्षत्र, कुंभ और कर्पूर से क्रमानुसार अलग-अलग विशिष्ट मंत्रों के उच्चारण पूर्वक महाआरती की गई। वेद के प्रमुख ऋचाएँ, उपनिषद के मंत्र तथा वेदान्तदेशिक स्वामी विरचित स्तोत्रों द्वारा स्तवन किया गया। भक्तजनों के पापों का नाश और पुण्य का सम्पादन करने वाले श्रीतिरूपति लक्ष्मी वेंकटेश्वर का श्रद्धालु - व्रतधारी भक्तों ने श्रीविष्णु सहस्त्रनाम का अर्चना कराया।

दर्शन, पूजन, स्मरण, ध्यान अथवा प्रणाम कर लेने पर भी जो प्रसन्न हो जाते हैं। उन्ही परमात्मन श्रीवेंकटेश्वर के मुखोल्लास के लिए लोगों ने अष्टोतर शतनाम का पुष्प अर्चना कराया। बहुतों ने जगध्दात्रि श्रीदेवी लक्ष्मी और भूदेवी लक्ष्मी की प्रसन्नता के लिए कुंकुम से अष्टोत्तर शतनाम की अर्चना करायी। अर्चक : सत्यनारायण गौतम, गोपेश आचार्य और नारायण दास ने मिलकर दिनभर के कार्यक्रम को विधिपूर्वक रात्रि शयन आरती के साथ संपन्न कराया।

## नागरमल मोदी सेवा सदन को मिली शिशुओं के गुंगेपन को पढ़ने की मशीन

नवीन मेल संवाददाता। रांची



नागरमल मोदी सेवा सदन को सोहम, दीपशिखा और सेंस इंटरनेशनल इंडिया की सहायता से बुधवार को नवजात शिशुओं के गुंगेपन को पढ़ने की एक मशीन दी गई है। इस मशीन से सेवा सदन में 0-6 वर्ष के शिशुओं में सुनने की क्षमता संबंधित जांच-पड़ताल आधुनिक उपकरण के माध्यम से हो सकेगी।

सोहम कंपनी से मिला यह उपकरण दीपशिखा, रांची के माध्यम से दिया गया है। यह उपकरण सुनने संबंधित जांच व सुनने की क्षमता का स्तर दोनों प्रमाणिक रूप से निश्चित कर सकेगा। चिकित्सा जगत में आज हर दिन तीव्र गति से टेक्नोलॉजी में आ रहे बदलाव से मनुष्य को स्वास्थ क्षेत्र में जो लाभ मिल रहा है, वह वाकई में मनुष्य जाति के लिए सौभाग्यपूर्ण बात है। मोके पर सेवा सदन में आयोजित कार्यक्रम में दीपशिखा की अध्यक्षा मंजू गुप्ता, कार्यकारी निदेशक सुधा ल्हिला, सोहम दिल्ली से आई ऑडियोलॉजिस्ट सिमरन सहित सोहम कंपनी के अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे।

सोहम द्वारा सेवा सदन की एनआईसीयू/पीआईसीयू की परिचारिकाओं को भी मशीन का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर सदन के अध्यक्ष अरुण कुमार छावछरिया, उपाध्यक्ष रेखा जैन, सहायक सचिव वेद प्रकाश बागला, आलोक तुलस्यान, कविता मितल, एमएस डॉ सुनील रूंगटा, डॉ सुनीता कात्यायन, शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ अविशेक अग्रवाल, डॉ कृष्णा मुरारी प्रसाद, अस्पताल प्रशासक नीतू शर्मा व नर्सिंग सुप्रीटेंडेंट सरबजीत कौर उपस्थित थे।

## न्यूज | बॉक्स

### सीएम से मिला जमीयत उलमा का प्रतिनिधिमंडल

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में बुधवार को जमीयत उलमा, झारखण्ड के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री को प्रतिनिधि मंडल ने उर्दू शिक्षकों की नियुक्ति समेत अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा एवं उसका समाधान करने की दिशा में पहल करने का आग्रह किया। इस मौके पर मंत्री इरफान अंसारी एवं हफीजुल, विधायक प्रदीप यादव, विधायक सुदिव्य कुमार सोनू , विधायक कल्पना सोरेन तथा जमीयत उलमा, झारखण्ड के जेनरल सेक्रेटरी मुफ़्ती मोहम्मद शहाबुद्दीन कासिमी, मंजर खान, सैय्यद खालिद उमर, मौलाना ए. कासिमी एवं मौलाना रुस्तम मौजूद रहे।

### एमटीआई रांची में कार्यशाला का आयोजन

रांची। भारत में इस्पात उद्योगों के लिए केंद्रीय खरीद पर राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने को एमटीआई, सेल, रांची में बुधवार को 'एक राष्ट्र, एक कोयला' खरीद पर कार्यशाला का आयोजन कियाा गया। कार्यशाला में प्रतिभागियों ने विभिन्न संयंत्रों द्वारा अपनाई गई खरीद रणनीतियों की अंतर्दृष्टि साझा की। इससे अंततः बड़े पैमाने पर भारतीय इस्पात निर्माण क्षेत्र के लिए आवश्यक कुछ सामान्य आयातित कोयला गुणों की सिफारिश की गई। इस कार्यशाला का उद्घाटन अभिजीत नरेंद्र, संयुक्त सचिव, एमओएस, भारत सरकार और अरविंद कुमार सिंह, निदेशक (टी, पी एंड आरएम), सेल के साथ संदीप कुमार कर, ईडी (आरडीसीआईएस), सेल की उपस्थिति में किया गया। इस कार्यशाला में भारत के 15 इस्पात संयंत्रों के अड़तीस प्रतिनिधियों ने भाग लिया।



### ईस्टर्न कोलफील्ड्स के सीएमडी बने सतीश झा

रांची। कोल इंडिया की अनुषांगिक कंपनी ईस्टर्न कोलफील्ड्स के सीएमडी के पद के लिए सतीश झा के नाम की अनुशंसा की गई है। 30 जुलाई को कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के लोक उद्यम चयन बोर्ड ने दिल्ली में साक्षात्कार का परिणाम घोषित कर दिया। पीईएसबी ने इसी साल 26 फरवरी को सीएमडी पद के लिए विज्ञापन जारी किया था। ईसीएल का सीएमडी बनने के लिए अलग- अलग कंपनियों से 10अधिकारियों ने साक्षात्कार में भाग लिया था। लोक उद्यम चयन बोर्ड ने सतीश झा के नाम की अनुशंसा की है। सतीश झा वर्तमान में कोल इंडिया की अनुषांगिक कंपनी सीएमपीडीआई में निदेशक टेक्नीकल, प्रोजेक्ट एंड प्लानिंग के पद पर कार्यरत हैं। ईसीएल के सीएमडी का प्रभार समीरन दत्ता संभाल रहे हैं। समीरन दत्ता बीसीसीएल के सीएमडी हैं।

### अल्पसंख्यक शिक्षकों ने सीएम से की मुलाकात



रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में झारखंड अल्पसंख्यक एवं सहायता प्राप्त प्राथमिक शिक्षक संघ एवं अल्पसंख्यक माध्यमिक शिक्षक के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की। विधायक कल्पना सोरेन,राजेश कच्छप, भूषण बाड़ा, भूषण तिर्की, शल्पी नेहा तिर्की एवं जीगा सुसारण होरो की उपस्थिति में प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें अल्पसंख्यक विद्यालयों की समस्याओं से अवगत कराते हुए उसका समाधान करने का आग्रह किया गया। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में बिशप बिनय कंडुलना, बिशप आनंद जोजो,बिशप थियोडोर मस्कारेनहास, बिशप एल पिंगल एक्का, बिशप सीमांत संदीप तिर्की, बिशप बास्के, फादर मुकुल कुल्लू, निरंजन कुमार सांडिल, अंथोनी तिग्गा, रमेश कुमार सिंह, पीटर खेस, फादर सुमन मिंज, आशा बागे एवं पुष्पा एरगट शामिल थे।

### ऑटो रिक्शा और ई रिक्शा के चालकों के लिए ड्रेस कोड निर्धारित

रांची। परिवहन सेवाओं को उत्कृष्ट बनाने के उद्देश्य से राज्य में संचालित ऑटो रिक्शा और ई रिक्शा के चालकों के लिए ड्रेस कोड निर्धारित कर दिया गया है। केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 (1988) का 59) की धारा 28 (2) (डी) द्वारा राज्य सरकार को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर राज्य में परिचालित ऑटो रिक्शा चालकों के लिए खाकी रंग और ई रिक्शा चालकों के लिए नीला रंग के ड्रेस कोड निर्धारित की जाती है। इसकी अधिसूचना सरकार द्वारा जारी कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि इस संबंध में अनुशंसा के लिए उप परिवहन आयुक्त-सह-सचिव क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार रांची की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई थी। जिसमें उप नगर आयुक्त रांची नगर निगम, जिला परिवहन पदाधिकारी रांची और पुलिस उपाधीक्षक यातायात रांची सदस्य हैं।

### चौकीदारी व्यवस्था को बचाने के लिए विधानसभा से प्रस्ताव पास किया जाए : कृष्ण दयाल

रांची । झारखंड राज्य दफादार-चौकीदार पंचायत ने पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार राजभवन के सामने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन 12वे दिन भी जारी रहा। बुधवार को इसकी अध्यक्षता राज्य अध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह ने किया, जबकि संचालन गोड्डा जिलाध्यक्ष नेमानी पासवान ने किया। अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता करते हुए राज्य अध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह ने कहा कि सेवा विमुक्त चौकीदार, एवजी चौकीदार और अनुकंपा के आधार पर रिक्त पदों पर निकाला गया विज्ञापन झारखण्ड सरकार तत्काल रद्द करे। वहीं चौकीदारी व्यवस्था को बचाने के लिए झारखण्ड विधान सभा से प्रस्ताव पास किया जाय। ताकि चौकीदारों- दफादरों को न्याय मिल सके। बुधवार को सभी विमुक्त और एवजी चौकीदार दफादार भारी संख्या में राज्य सरकार द्वारा चौकीदार दफादार के रिक्त पदों पर निकाले गए विज्ञापन का विरोध किए।

## साहित्य एक मशाल की तरह समाज और राजनीति दोनों को दिशा देती है : डॉ शांडिल्य

नवीन मेल संवाददाता। रांची



डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के स्नातकोत्तर हिंदी विभाग ने प्रेमचंद की 144वीं जयंती के अवसर पर 'प्रेमचंद की रचना, दृष्टि और समकालीन संदर्भ' विषयक विचार गोष्ठी आयोजित की। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि प्रेमचंद आमलोगों के कथाकार हैं। हमें उन्हें पढ़ने की आदत बनानी चाहिए। साहित्य की महत्ता पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि साहित्य एक मशाल की तरह राजनीति और समाज को दिशा देती है। प्रेमचंद आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन अपनी रचनाओं में सदैव जिंदा रहेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को 'गोदान' पढ़ने की सलाह देते हुए कहा कि इतना लंबा समय बीत जाने के बाद भी 'गोदान' का चरित्र 'होरी' उनके जेहन में अमिट छाप छोड़ गया है। उन्होंने कहा कि यह कहना कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी कि गोदान का चरित्र 'होरी' हिंदुस्तान की आत्मा है। मुख्य वक्ता प्रसिद्ध कथाकार पंकज मित्र ने कहा कि समय और समाज किसी भी रचनाकार के लिए महत्वपूर्ण होता है। प्रेमचंद ने पूर्ववर्ती साहित्यक परंपरा के प्रतिकूल साधारण पात्र को भी अपनी रचनाओं में नायकत्व प्रदान किया। अपनी समस्त रचना प्रक्रिया में प्रेमचंद ने कृषक जीवन सबसे पहले रखा, तदुपरांत किसान विमर्श साहित्य के केंद्र में आई।

## राज्य सरकार के एजेंडे में शीर्ष पर महिला सम्मान

नवीन मेल संवाददाता। रांची



महिलाएं यदि आर्थिक रूप से स्वावलंबी हों, तो वह अपने परिवार, समाज, प्रदेश को उन्नति के रास्ते पर ले जा सकती हैं। झारखंड की ग्रामीण आदिवासी महिलाएं आदिकाल से बहुत मेहनती रही हैं और लंबे समय से आर्थिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती रही हैं। हेमन्त सरकार ने झारखंड की महिलाओं की इस कार्यशैली को बेहतर करने का फैसला लिया है और पिछले चार सालों में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई सफल योजनाओं को धरातल पर उतारा है। सरकार की तरफ से राज्य और राज्य के बाहर व्यापार में भागीदारी को सुनिश्चित करने, बालिका शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करने, उम्रदराज महिलाओं को पेंशन के जरिए आर्थिक मजबूती देने का प्रयास लगातार किया जा रहा है। आधी आबादी को ध्यान में रखकर हेमन्त सरकार कई योजनाएं चला रही है और कुछ पर काम कर रही है। अभी सरकार द्वारा चलायी जा रही आधी दर्जन योजनाएं, जो सिर्फ महिलाओं के आत्मसम्मान और उनकी समृद्धि पर केंद्रित है, काफी सफल रही हैं।

**कोविड काल के बाद प्रदेश में महिला सशक्तीकरण ने फिर पकड़ी रफ्तार:** स्वयं सहायता समूहों को पलाश ब्रांड से जोड़कर उनके द्वारा उत्पादित वस्तुओं की ब्रांडिंग ने ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के लिए रोजगार के द्वार खोल दिये हैं। कोविड काल में विश्वव्यापी आर्थिक संकट का असर झारखण्ड पर भी पड़ा था लेकिन अब हालात सुधर रहे हैं, जिसका जीता जागता उदाहरण पलाश ब्रांड है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के दिशा निर्देशन में क्रियान्वित किये जा रहे सफल प्रयास पलाश ब्रांडिंग एवं विपणन रणनीति के माध्यम से अब तक 29 विभिन्न प्रकार के उत्पादों को खुले बाजार में बिक्री के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है। तीन वर्ष से कम अवधि में कुल 3982.00 लाख रुपये की बिक्री की जा चुकी है। पलाश ब्रांड में अपने कृषि उत्पादों की आपूर्ति तथा अन्य प्रसंस्करण, पैकजिंग एवं बिक्री के कार्यों से अब तक राज्य के स्वयं सहायता समूहों की एक लाख से अधिक ग्रामीण महिलाएं जुड़कर अपनी आय में वृद्धि कर रही हैं तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करते हुए इसे मुख्यधारा से जोड़ रही हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर ग्रामीण महिलाओं के उत्पादों की पहचान बन चुकी पलाश ब्रांड को विशुद्ध व्यावसायिक परिचालन के लिए पलाश इंटरप्राइजेज कंपनी का गठन किया जा रहा है।

**इस योजना का मूल उद्देश्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था में तेजी लाना :** इन योजनाओं से झारखंड की लाखों महिलाओं को लाभ मिल रहा है। पिछले चार साल में कोरोना काल के बावजूद महिलाएं आर्थिक मामलों में काफी समृद्ध हुई है। हेमन्त सरकार ने हाल में ही 21 से 50 साल तक की सभी महिलाओं को हर महीने 1000 रुपये देने की घोषणा की है।

## सीसीएल से सेवानिवृत्त कर्मियों को दी गई भावभीनी विदाई



नवीन मेल संवाददाता। रांची

सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस के विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त हो रहे 7 कर्मियों – मनोज कुमार शर्मा, महाप्रबंधक (वि एवं यां), विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग, अनुज कुमार, महाप्रबंधक (उत्खनन), सीसीएमसी विभाग, अरुण कुमार तिवारी, मुख्य प्रबंधक (ई एंड एम), ई एंड एम विभाग, अनूप कुमार दराद, कार्यालय अधीक्षक, गांधीनगर अस्पताल, राज कुमार भर, मेक. फिटर, टीए विभाग, सामुला अंसारी, हेल्पर, ई एंड एम विभाग एवं जेठू राम, सफाई मेट/जमादार, गांधीनगर अस्पताल को सीसीएल की ओर से एक सम्मान- सह - विदाई समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई। ज्ञात हो कि जुलाई महीने में सीसीएल से कुल 84 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए हैं। इस अवसर पर सीसीएल सीएमडी नीलेन्दु कुमार सिंह, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनिकी/संचालन) हरीश दुहान एवं सीवीओ पंकज कुमार सहित मुख्यालय के विभागाध्यक्षगण, सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों के परिवार के सदस्यगण एवं काफी संख्या में अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं को लेकर अधिकारियों संग की बैठक

# आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का तीसरा चरण तीस अगस्त से

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बुधवार को आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, गुरूजी क्रेडिट कार्ड योजना, सावित्रीबाई किशोरी समृद्धि योजना और अबुआ आवास योजना सहित राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं को लेकर वरीय पदाधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में झारखंड लोक सेवा आयोग एवं झारखंड कर्मचारी चयन आयोग जरिये संचालित नियुक्ति प्रक्रियाओं की भी उन्होंने समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की कई कल्याणकारी योजनाएं चल रही है। इन योजनाओं के क्रियान्वयन में कई बार अड़चन आने की शिकायतें सामने आती रहती है। ऐसे में पूरी योजना और तैयारी के साथ सभी योजनाओं को धरातल पर उतारें, ताकि सहूलियत के साथ इसका लाभ राज्य की जनता को मिल सके। राज्यभर में 30 अगस्त से 15 सितंबर -2024 तक आपकी योजना -आपकी सरकार - आपके द्वार कार्यक्रम का तीसरा चरण चलेगा। इस चरण में राज्य सरकार की अति महत्वाकांक्षी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों को उनके घर पर पहुंचकर एक बार फिर दिया जाएगा। ऐसे में इस कार्यक्रम को लेकर सारी तैयारियां समय पर पूरी कर ली जाय। उन्होंने दूसरे चरण की आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम में मिले आवेदनों के निष्पादन की पूरी जानकारी ली और अधिकारियों से कहा कि जो भी आवेदन जिस वजह से अभी भी लंबित है, उसका निष्पादन यथाशीघ्र सुनिश्चित करें।



### सभी योग्य पात्रों को सीएम मंईयां सम्मान योजना का मिले लाभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अति महत्वाकांक्षी झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना शुरू की जा रही है। इस योजना के तहत 21 से 50 वर्ष तक की महिलाओं को राज्य सरकार की ओर से प्रति माह एक हजार रुपए सम्मान राशि दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इस योजना से सभी योग्य पात्र बहन-बेटियों को जोड़ने की दिशा में कदम उठाएं। उन्होंने यह भी कहा कि सभी योग्य महिलाएं इस योजना के लिए सहूलियत से आवेदन कर सकें, इसकी पुख्ता व्यवस्था हो। बैठक में अधिकारियों ने इस योजना के क्रियान्वयन को लेकर चल रही तैयारियों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

### मुख्यमंत्री ने दिए कई और अहम निर्देश

- झारखंड अल्पसंख्यक एवं सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों के विद्यार्थियों को साइकिल वितरण योजना, पोशाक योजना और सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना से जोड़ने की पहल करें।
- सामाजिक एवं व्यक्तिगत स्तर पर वन पट्टा वितरण में गति लाएं। सभी जिलों में वन पट्टा वितरण कार्यक्रम का आयोजन हो।
- अबुआ आवास योजना के तहत आवास का मॉडल डिजाइन तैयार करें। इसी डिजाइन के सभी आवास का निर्माण कराया जाए। अबुआ आवास में खपड़ा एवं टाइल्स का इस्तेमाल किया जाए।
- सरकार की जिन योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य से ज्यादा आवेदन मिले हैं, उन सभी की स्क्रुटनी कर प्रतीक्षा सूची तैयार करें, ताकि बाद में प्राथमिकता के आधार पर उसे योजना का लाभ मिल सके।
- राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं का विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार -प्रसार किया जाए ताकि लोगों तक उसकी जानकारी पहुंच सके। इसके लिए स्थानीय भाषा का इस्तेमाल किया जाए। कोई भी व्यक्ति इस वजह से योजना से वंचित ना रहे कि उसे उस योजना की कोई जानकारी नहीं थी।

### जेपीएससी और जेएसएससी द्वारा संचालित नियुक्ति प्रक्रियाओं की ली जानकारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि नौजवानों को रोजगार देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है । इस सिलसिले में बड़े पैमाने पर नियुक्ति प्रक्रियाएं चल रही है। मुख्यमंत्री ने इस बैठक में झारखंड लोक सेवा आयोग और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा संचालित नियुक्ति प्रक्रियाओं को जल्द पूरी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नियुक्ति प्रक्रियाओं में पूरी पारदर्शिता बरती जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने झारखंड आरक्षी प्रतियोगिता परीक्षा और झारखंड उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा के आयोजन से संबंधित अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए अहम निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव एलखियांगते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव वंदना दादेल, सचिव के श्रीनिवासन, सचिव प्रवीण टोप्पो सचिव प्रशांत कुमार, सचिव कृपानंद झा, सचिव विप्रा भाल, सचिव मनोज कुमार एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक राजीव लोचन बक्सी उपस्थित थे।

### विशेष अभियान चलाकर विद्यार्थियों को गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना दें लाभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के गरीब बच्चे पैसे की तंगी के कारण उच्च शिक्षा से वंचित ना रहें, इसपर सरकार का विशेष जोर है। इस कड़ी में विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए हमारी सरकार के द्वारा गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना शुरू की गई है । लेकिन, इस योजना को लेकर विद्यार्थियों में जानकारी का अभाव है । जिस वजह से वे इसका लाभ नहीं ले पा रहे हैं। ऐसे में विशेष अभियान चला कर ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना से जोड़ने की पहल हो।

### हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही फिर स्थगित

# सीएम से अनुबंधकर्मी समेत तमाम विषयों सदन में बोलने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन बुधवार को भोजनावकाश के बाद सदन की कार्यवाही शुरू हुई। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अनुबंध कर्मी समेत तमाम विषयों पर बुधवार को ही सदन में बोलना चाहिए। पांचवें विधानसभा के आखिरी सत्र के अंतिम दिन यदि मुख्यमंत्री बोलेंगे और चले जायेंगे तो जनता के जवाब का प्रति उत्तर देने का कोई कार्य संचालन नियामवली हमारे पास नहीं है। इसलिए मुख्यमंत्री आज ही बोलें। उनकी मांग का समर्थन करते हुए भाजपा के विधायक वेल में आ गये। भाजपा के विधायक सदन के अंदर एक पोस्टर लेकर आये। इस पोस्टर में सरकार द्वारा किये गये वादों का जिक्र था।



विधानसभा अध्यक्ष के निर्देश पर इस पोस्टर को मार्शल वापस लेने का प्रयास करते रहे। भाजपा विधायकों द्वारा सदन में पोस्टर लाने के विरोध में सत्ता पक्ष के विधायक भी वेल में आ गये। दोनों दलों के विधायक सदन में जोरदार हंगामा करने लगे। सदन में हेमंत सोरेन हाय-हाय के नारे लगे। चौथे दिन के कार्यवाही के दौरान रवींद्रनाथ महतो ने भाजपा की ओर इशारा करते हुए कहा कि आपलोगों की व्याकुलता को मैं समझ रहा हूं लेकिन विधानसभा पटल को इस व्याकुलता का अंग बनने नहीं देंगे। मैं इस चीज को मान गया हूं कि विपक्ष के लोग सदन चलने देना नहीं चाहते हैं। सरकार का उत्तर भी सुनना नहीं चाहते हैं। इसलिए भारी मन और नेता प्रतिपक्ष के व्यवहार से आहत होकर सदन की कार्यवाही गुरुवार सुबह 11:00 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

### भाजपा हेमंत सरकार को सारे वादे याद दिला रही : अमर कुमार बाउरी



नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउर ने कहा कि हम सारे मुद्दे लेकर आये हैं। हेमंत सरकार ने अनुबंधकर्मी, संविदाकर्मी और बेरोजगार युवाओं से झूठा वादा करके सत्ता हासिल की है। यह सरकार का आखिरी सत्र है। उन्होंने कहा कि भाजपा हेमंत सरकार को सारे वादे याद दिला रही है। उनका तो कुछ होना जाना है नहीं, एक नैतिकता के आधार से सदन का इस्तेमाल कर झारखंड की जनता से माफी मांग लें और झारखंड की जनता को बख्श दें। झारखंड की जनता को उनका हाल पर छोड़ दें। जनता अपना निर्णय खुद ले लेगी। झारखंड को संवारने के लिए भाजपा आगे है।

### हेमंत के घोटाले के सामने यह सूची बहुती छोटी: बिरंची नारायण



बिरंची नारायण ने कहा कि जितना लंबा घोटाला उतनी लंबी लिस्ट है। मैं समझता हूं कि उनके घोटाले के सामने यह सूची बहुत ही छोटी है, जितना वादा खिलाफी सरकार ने किया था, उसका एक अंश इस बैनर में है। सरकार ने जो वादे करके सत्ता प्राप्त की आज हम उनको याद दिलाने बैनर के माध्यम से आये हैं।

### विधानसभा में हुई आपातकाल की पुनरावृत्ति : प्रतुल शाह देव



**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि इस सरकार ने देश के लोकतंत्र के इतिहास का आज काला अध्याय लिख दिया। विधानसभा में सरकार के इशारे पर आपातकाल की पुनरावृत्ति हुई। पहली बार देश के इतिहास में विधायकों के रहते ही विधानसभा की बिजली पानी कटवा दी गई। महिला विधायकों को भी नहीं बख्शा गया। शौचालय तक पर जाने पर पाबंदी लगा दी गई। प्रतुल शाहदेव ने बुधवार को प्रदेश मुख्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए राज्य सरकार और विधानसभा अध्यक्ष पर जोरदार हमला बोला। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि लोकतंत्र में धरना प्रदर्शन का अधिकार सबको है लेकिन जिस तरीके से आज सरकार ने अपना हिटलर शाही चेहरा दिखाया, वह शर्मसार करने वाला है। प्रतुल ने कहा कि विधानसभा सत्ता और विपक्ष दोनों से मिलकर चलता है लेकिन इस सरकार ने विधानसभा पर कब्जा कर इसे सरकारी विधानसभा बना दिया है। नेता प्रतिपक्ष सदन में मुख्यमंत्री से अनुबंध कर्मी, पारा शिक्षक, सहायक पुलिसकर्मी कंप्यूटर ऑपरेटर आंगनबाड़ी सेविका सहायिका का बेरोजगारी भत्ता, प्रतिवर्ष पांच लाख रोजगार, परीक्षाओं की सीबीआई जांच आदि मुद्दों पर बयान देने के लिए धरना पर बैठे थे। सदन के नेता बाहर जाकर तानाशाही कर बिजली पानी कटवा देते हैं। प्रतुल ने कहा कि स्पीकर का पद संवैधानिक पद होता है लेकिन झारखंड में स्पीकर सरकार के टूल किट बनकर रह गए हैं। युवाओं, बेरोजगारों एवम भाजपा नेताओं पर केस, मुकदमा करते-करते यह सरकार अब सारी सीमाएं लांघ बैठी है। कहा कि इसी सरकार ने मुफ्त बिजली पानी देने की घोषणा की थी और इसी सरकार ने विधानसभा में विधायकों के रहते की बिजली पानी काट दी। प्रतुल ने कहा कि झारखंड की साढ़े तीन करोड़ जनता सरकार करगुजारियों को देख रही है और इसे कभी माफ नहीं करने वाली है।



## विधायक सरयू राय ने सीएम को सौंपा अभ्यावेदन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने स्वास्थ्य विभाग और स्वास्थ्य मंत्री पर एक गंभीर घोटाला करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में मुख्यमंत्री को एक अभ्यावेदन सौंपा है। अभ्यावेदन में उन्होंने स्वास्थ्य विभाग में मंत्रिपरिषद के निर्णय के अनुसार चयनित मानव बल आपूर्ति करने वाले आउटसोर्सिंग एजेंसियों का इम्पैनल्ड रद्द करने का आदेश दिया है और एक माह के भीतर नये सिरे से आउटसोर्सिंग एजेंसी का चयन करने के लिए अस्पतालों के अधीक्षक और जिला के सिविल सर्जनों को निर्देश दिया है। आउटसोर्सिंग एजेंसी का चयन झारखण्ड मेडिकल एंड हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एंड प्रोक्योरमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा प्रकाशित निविदा के आधार पर हुआ था। स्वास्थ्य मंत्री के प्रभाव में विभाग ने एक साल तक इसके साथ एकरारनामा नहीं किया और पूर्व से चल रही व्यवस्था को लागू रहने दिया। अब इनका इम्पैनल्ड रद्द कर ये चाहते हैं कि पूर्व की भांति ही आउट सोर्सिंग एजेंसी द्वारा मानव बल उपलब्ध कराने का काम चलता रहे। आश्चर्य है कि मंत्रिपरिषद द्वारा पारित संकल्प के आधार पर जेएमएचआईडीपीसीएल द्वारा प्रकाशित निविदा द्वारा चयनित आउटसोर्सिंग कम्पनी का पैनल मंत्री ने स्वयं रद्द कर दिया और मंत्रिपरिषद को सूचित किये बिना अपने स्तर पर ही उन्होंने विज्ञापन निकालकर एजेंसी नियुक्त करने का निर्देश सिविल सर्जन और अस्पताल के अधीक्षकों को दिया।

## सीएम के आदेश के बाद आदिवासी छात्र का बीआईटी सिंदरी में हुआ नामांकन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के आदेश के बाद पश्चिमी सिंहभूम के आदिवासी छात्र संजीव कुमार कर्मा का नामांकन बीआइटी सिंदरी में हो गया। संजीव का नामांकन कराने का आदेश मुख्यमंत्री ने उपायुक्त धनबाद को दिया था। मुख्यमंत्री को सूचित करते हुए उपायुक्त धनबाद ने बताया कि छात्र संजीव कुमार कर्मा का नामांकन बीआईटी सिंदरी में कर दिया गया है।

### क्या है मामला



मुख्यमंत्री को बताया गया कि पश्चिमी सिंहभूम निवासी आदिवासी छात्र संजीव कुमार कर्मा का नामांकन महज नौ हजार रुपये के अभाव में नहीं हो पाया है। काउंसिलिंग में उसे बीआइटी सिंदरी में आइटी ब्रांच आवंटित हुआ था। लेकिन नामांकन के लिए उसके पास पैसे नहीं थे। वह कई दिनों से संस्थान का चक्कर लगा रहा है। मामले की जानकारी के बाद मुख्यमंत्री ने उपायुक्त धनबाद को अविलंब एडमिशन में सहायता पहुंचाते हुए सूचित करने का आदेश दिया था।

## रांची जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने मंत्री बन्ना से की मुलाकात

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने बुधवार को खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान डॉ किरण ने राशन कार्ड में नए सदस्य जोड़ने के लंबित आवेदनों की यथाशीघ्र निष्पादन के संबंध में मंत्री को अवगत कराया। डॉ किरण ने कहा कि पूरे भारतवर्ष में भोजन का अधिकार कानून लागू है। इसके तहत हर जरूरतमंद निर्धन व्यक्ति को राशन देना सरकार की जिम्मेदारी है। सरकार के जरिये सराहनीय प्रयास भी किया जा रहा हैं लेकिन खेदपूर्वक कहना पड़ रहा है कि रांची जिला में राशन कार्ड में नए सदस्यों को जोड़ने संबंधी कुल 67530 आवेदन बीएसओ से अग्रसारित करके डीएसओ के स्तर पर लंबित है।

### विधायक स्टीफन मरांडी की पत्नी का निधन, सीएम ने जताया शोक

**रांची।** पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं महेशपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक स्टीफन मरांडी की धर्मपत्नी का स्वर्गवास बुधवार को हो गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस बाबत एक्स पर ट्वीट कर कहा, हमारी प्रार्थना है कि मरांग बुरु दिवंगत आत्मा को अपनी शरण में लें और इस विकट परिस्थिति में स्टीफन दा और उनके समस्त परिजनों को संबल एवं सामर्थ्य प्रदान करें।

## आय से अधिक संपत्ति के मामले में पति को तीन और पत्नी को दो साल की सजा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने बुधवार को आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में इस्टर्न कोल फिल्ड लिमिटेड पश्चिम बंगाल के तत्कालीन जेनरल मैनेजर इंदु भूषण सिंह और उनकी पत्नी माधुरी सिंह को दोषी पाते हुए तीन और दो साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों पर दो लाख और तीन लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। यह मामला 24 साल पुराना है। आरोपित पर अपने आय से 30 लाख रुपये से अधिक अवैध रूप से अर्जित करने का आरोप था। सीबीआई की ओर से ब्रजेश कुमार यादव ने पक्ष रखा। सीबीआई ने मामले में 29 गवाही दर्ज कराई थी जबकि बचाव पक्ष ने भी गवाहों को प्रस्तुत किया था। सजा के बिंदु पर सुनाई के दौरान बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने सजा में नरमी बरतने की प्रार्थना की। सीबीआई की ओर से सजा में किसी तरह की नरमी बरतने का विरोध किया। इस संबंध में सीबीआई की ओर से कोर्ट में 17 अक्टूबर, 2000 को फाइल किया गया था।

## न्यूज बॉक्स

### विधायक अनंत ओझा ने जल जीवन मिशन पर राज्य सरकार को घेरा

**रांची।** अल्प सूचित प्रश्न के तहत बीजेपी विधायक अनंत ओझा ने जल जीवन मिशन को लेकर सरकार को घेरा। अनंत ओझा ने पूछा कि राज्य में 62 लाख घरों तक जलापूर्ति किया जाना था। इसका क्या हुआ। विधायक ने सवाल उठाते हुए कहा कि क्या साहेबगंज ग्रामीण जलापूर्ति योजन के तहत 13 हजार घरों में जलापूर्ति हो रही है? इसपर जवाब देते हुए विभागीय मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि विकास के लिए केंद्र और राज्य सरकार दोनों की बराबर भूमिका है. इस योजन के लिए राज्य सरकार 60 प्रतिशत राशि दे रही है। पिछली सरकार में पौने 5 प्रतिशत भी काम नहीं हुआ था। आज विपरीत परिस्थिति में भी 54 प्रतिशत तक काम पूरा हो चुका है।

### पूर्व आईपीएस अधिकारी रंजीत प्रसाद का हार्ट अटैक से निधन



**रांची।** सीआईडी के आईजी से सेवानिवृत हुए रंजीत प्रसाद का मंगलवार देर रात अचानक दिल का दौरा पड़ने से सैम्फोर्ड अस्पताल में निधन हो गया। बुधवार को परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार रंजीत प्रसाद की छोटी बेटी लन्दन में रह कर पढ़ाई कर रही है। एक अगस्त को वह रांची आएगी। उसके बाद रंजीत प्रसाद का पार्थिव शरीर उनके आवास ले जाया जाएगा। अभी उनका पार्थिव शरीर सैम्फोर्ड अस्पताल के मोर्चरी में रखा गया। कुछ दिन पूर्व ही उनका हार्ट सर्जरी हुआ था। वह रांची के सिटी एसपी एसीबी के एसपी के पद पर रह चुके थे। उनके निधन पर झारखंड पुलिस के कई वरीय अधिकारी डीआईजी नौशाद आलम, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, रिटायर आईपीएस हेमंत टोप्पो, रिटायर आईपीएस मदन मोहन लाल, एसीबी डीआईजी शैलेन्द्र कुमार बर्णवाल सहित कई लोग पहुंचे। उनके निधन पर पुलिस महकमे में शोक की लहर है। रंजीत प्रसाद एक बहुत ही दयालु और ऊर्जावान पुलिस पदाधिकारी थे। उल्लेखनीय है कि आईपीएस रंजीत प्रसाद मंगलवार को रिटायर आईपीएस एसोसिएशन की जैप-1 स्थित खुखरी गेस्ट हाउस में आयोजित बैठक में भी शामिल हुए थे।

### सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा में पूछे गए सवालों को लेकर याचिका दाखिल

**रांची ।** झारखंड हाई कोर्ट में बुधवार को झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) द्वारा सहायक आचार्य नियुक्ति की परीक्षा में पूछे गए सवालों को आउट ऑफ सिलेबल बताते हुए याचिका दाखिल की गई है। अभ्यर्थी कुंज बिहारी और अमितोष महतो ने अधिवक्ता कुशल कुमार एवं तेजस्विता सफलता के माध्यम से याचिका दायर की है। याचिका में कहा गया है कि पिछले 14 जून की प्रवेश परीक्षा में अभ्यर्थियों को उल्टे सवाल दे दिए गए यानी कि अभ्यर्थियों को जो सवाल मिले वह आउट ऑफ सिलेबस थे। पेपर 2 के 23 भाषाओं में शामिल पंचपरगनिया एवं कुरमाली के पेपर में सवाल ठीक उलट नजर आए यानी की यह परीक्षा दो कैटेगरी में लिए जा रहे थे। पहले कैटेगरी थी पहली कक्षा से पांचवी कक्षा तक जबकि दूसरी कैटेगरी थी छठवीं कक्षा से आठवीं कक्षा तक लेकिन अभ्यर्थियों को जो सवाल मिले वह ठीक उल्टा था। पहली से पांचवी कक्षा के लिए परीक्षा दे रहे अभ्यर्थियों को छठवीं से आठवीं के सवाल मिले जबकि छठवीं से आठवीं की परीक्षा दे रहे अभ्यर्थियों को पहली कक्षा से पांचवी कक्षा तक के सवाल मिले। ऐसे सवालों की संख्या लगभग 50 है। इस परीक्षा में करीब सात लाख अभ्यर्थी शामिल हुए हैं।

### बेसमेंट में चल रहे कोचिंग अविलंब बंद हों : आजसू

**रांची ।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का प्रतिनिधि मंडल नगर आयुक्त से मिला। वहीं अवैध रूप से बिल्डिंग के बेसमेंट में चल रहे कोचिंग संस्थान को बंद करवाने को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि अभी हाल ही में दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर में बिल्डिंग के बेसमेंट में चल रही कोचिंग सेंटर (सेल्फ स्टडी क्लास) में पानी भरने से 3 छात्र को मौत हो गई थी। इस घटना से पूरे देश में शोक की लहर है। इस तरह की घटना दोबारा न हो इसको लेकर हम सभी को सचेत रहने की आवश्यकता है। रांची में भी बहुत से ऐसी कोचिंग सेंटर है जो बिल्डिंग के बेसमेंट में चल रहे हैं। इन कोचिंग संस्थानों में सैकड़ो छात्र-छात्राओं का आना जाना लगा रहता है। ज्यादा बारिश होने पर बेसमेंट में पानी भर जाने की भी आशंका रहती है। कोचिंग की प्रवेश द्वार एवं निकासी द्वार भी एक ही है। निकलने की कोई भी वैकल्पिक व्यवस्था नही है। रांची में भारी बारिश हो रही है। बिल्डिंग के आस-पास बारिश में नाली भर जाती है। आने जाने में भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। भविष्य में रांची के भी कोचिंग संस्थान में दिल्ली के तर्ज पर कोई अप्रिय घटना न हो इसको लेकर आजसू नगर निगम प्रशासन से मांग करती है को रांची में अवैध रूप से बिल्डिंग के बेसमेंट में चल रही कोचिंग संस्थान को जल्द से जल्द बंद कराया जाए ।


### सीपी सिंह बताएं हरमू नाला का ठेकेदार कौन था : ठाकुर

**रांची।** हरमू नाला का ठेकेदार कौन था, यह सीपी सिंह को बताना चाहिए। यह बातें सदन में मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कही। उन्होंने कहा कि संवेदक से अच्छे रिश्ते जरूरी हैं। दरअसल यह सारी बातें अनंत ओझा के शहरी जलापूर्ति योजना से जुड़े सवाल पर हो रहे नोकझोंक के दौरान हुई। सीपी सिंह ने मंत्री मिथिलेश ठाकुर से योजना से जुड़े ठेकेदार का नाम पूछा था। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि मैं खुद संवेदक को फोन करता हूं, उन्हें काम के लिए दबाव बनाता हूं।

### डेमोग्राफी परिवर्तन राष्ट्र की सुरक्षा का मामला : आशा

**रांची।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा ने कहा कि राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग आदिवासी समाज के संरक्षण और संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बुधवार को कहा कि वर्तमान में संथाल परगना की बदलती डेमोग्राफी से सिर्फ जनजातीय समाज ही प्रभावित नहीं हो रहा, यह राष्ट्र और राज्य की सुरक्षा का भी विषय है। लकड़ा ने कहा कि सभी राजनीतिक और सामाजिक संगठन के लोगों से आग्रह है कि बाहरी-भीतरी का बयानबाजी बंद करते हुए बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देने का प्रयास न करें। राज्य और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए यह मामला बहुत ही गंभीर एवं चिंताजनक विषय है।

### झारखंड हाई कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए ऊर्जा सचिव अविनाश कुमार



**रांची ।** झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के अलोक में बुधवार को राज्य के वरीय आईएएस अधिकारी और ऊर्जा सचिव अविनाश कुमार कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। सुनवाई के दौरान उन्होंने अदालत को यह बताया कि किस नियम के तहत रिटायर्ड अधिकारियों को विभाग सेवा में लिया जाता है। राज्य सरकार की ओर से इस मामले में जवाब भी दाखिल किया गया। इसके बाद अदालत ने अगली पेशी में ऊर्जा सचिव को सशरीर पेशी से मुक्त करते हुए याचिकाकर्ता को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। इस मामले में हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस की बेंच में सुनवाई हुई। राजेश कुमार सिंह ने हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की है। राजेश कुमार ने जनहित याचिका में इंडियन इलेक्ट्रिसिटी एक्ट के तहत बिजली बोर्ड में

## एक नजर

### मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना को लेकर बीडीओ ने की बैठक

**बरही।** मुख्यमंत्री मईया सम्मान के क्रियान्वयन को लेकर बीडीओ सी आर इंदीवार ने प्रखंड सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक किया. जिसमें मुख्य रूप से आंगड़बाड़ी सेविका और पंचायत सचिव मौजूद रहे. बीडीओ ने योजना की जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 3 अगस्त से प्रत्येक पंचायत में शिविर लगाकर लाभुको को आवेदन पत्र दिया जाना है. इसके लिए पंचायतवार शिविर की तिथि निर्धारित की जा चुकी है. जिसके तहत 3 अगस्त को करसो, 4 अगस्त को केदारुत 5 अगस्त को रसोईया धमना, दुलमहा, बिजैया व बरही पूर्वी, 6 अगस्त को बरही पश्चिमी, कोनरा, कोल्हुआ कला, 7 अगस्त को धनवार, बसरिया ऊर्फ पंचमाधव, डपोक व खोडाहर, 8 अगस्त को करियातपुर, मलकोको, बरसोत व रानीचुआ, 9 अगस्त को गोरिया करमा व भंडारों तथा 10 अगस्त को बेंदगी में विशेष शिविर लगाए जायेंगे.

### विधायक ने सदन में उठाया सहिया के प्रोत्साहन राशि व अधिग्रहित भूमि के मुआवजा का मामला

**बरही ।** झविस के चल रहे मौनसुन सत्र में बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव ने एक बार फिर जनहित के सवाल उठाए. शून्यकाल के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य के क्षेत्र में महत्ती योगदान देने वाले सहिया के प्रोत्साहन राशि को दो हजार से दस हजार रूपए करने की मांग किया है. वही पदमा महल गेट से थाना चौक पदमा बाजार, थाना ब्लॉक ऑफिस व रेलवे स्टेशन तक उच्च स्तरीय पुल निर्माण, चौड़ीकरण व मजबूतीकरण के लिए अधिग्रहित भूमि का मुआवजा अब तक नही दिए जाने को लेकर भी उन्होंने सदन से सवाल किया. जिसे अध्यक्ष ने गंभीरता से लेते हुए मामले की तत्काल भू अर्जन पदाधिकारी हजारीबाग को स्थानांतरित किया. विधायक के पथ चौड़ीकरण में मुआवजा भुगतान नही होने के प्रश्न का जवाब देते हुए विभागीय मंत्री ने कहा कि पथ निर्माण विभाग ने 2017 में ग्रामीण कार्य विभाग से 8.025 किमी लबाई का मार्ग लिया .यह पथ सिंगल लेन था तथा इसका रो (राइट ऑफ वे) अपर्याप्त था. पथ को डबल लेन में चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण के लिए प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई।

### जिले में गठित सभी सिदो कान्हू युवा खेल क्लबों का निबंधन कराने का उपायुक्त ने दिया निर्देश

**रामगढ़।** जिले में पर्यटन विकास, कला संस्कृति एवं खेलकूद संबंधित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर बुधवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम जिला खेल पदाधिकारी सह पर्यटन नोडल पदाधिकारी मारकस हेंब्रम द्वारा उपायुक्त सहित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में उपस्थित अन्य अधिकारियों को जानकारी दी गई की रामगढ़ जिले में वर्तमान में जिला स्तरीय मल्टीपरपज स्टेडियम नहीं है इस संबंध में उपायुक्त ने अंचल अधिकारी रामगढ़ को जमीन चिन्हित कर संबंधित प्रतिवेदन जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया वही उपायुक्त ने प्रखंड स्तर पर खेलकूद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्टेडियम निर्माण हेतु सभी अंचल अधिकारियों को जमीन चिन्हित कर संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

# 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत बच्चों के बीच 200 पौधों का किया गया वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल रामगढ़ में 27 जुलाई से चल रहे अभियान' एक पेड़ मां के नाम' पर के तहत 30 जुलाई को पुनःबच्चों के बीच पौधों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुमारी नीलम डीईओ रामगढ़ उपस्थिति रहीं।उन्होंने २०० से अधिक बच्चों को पौधे बांटे। यह अभियान मां प्रकृति को समर्पित है।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को हरा -भरा ,स्वच्छ तथा सुरक्षित रखने के लिए चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य तथा विद्यालय प्रबंधक कमेटी के सभी सदस्य भी उपस्थित रहें। विद्यालय के प्राचार्य हरजाप सिंह ने कहा कि अगर पेड़ है तो हम हैं, पेड़ों की रक्षा जीवन की सुरक्षा, अधिक पेड़ लगाए जीवन को बचाएं। मुख्य अतिथि कुमारी नीलम ने कहा कि पेड़ हमारी धरोहर है। हमें पेड़ों को सुरक्षित रखना चाहिए, उसे बचाना चाहिए ।अगर हम पेड़ लगाएंगे तो ही स्वच्छ वातावरण बना पाएंगे और वातावरण स्वच्छ रहेगा और तभी हम स्वस्थ रहेंगे। मौके पर बच्चों ने अपने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस अभियान को मां से जोड़ा गया है। साथ ही लक्ष्य रखा गया है कि हर व्यक्ति अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाए।इस अवसर पर गुरुद्वरा प्रधान सरदार परमदीप सिंह कालरा, विद्यालय प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल और सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा सहित स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी भी उपस्थित रहे।

डिवाइन पब्लिक स्कूल के एनसीसी कैडेटों ने चलाया पौधरोपण अभियान

# पेड़-पौधे हमारे जीवन की औषधि : प्राचार्या



**बरकट्ठा।** प्रखंड अंतर्गत गंगपाचो स्थित सीबीएसई बोर्ड से प्लस टू तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल के एनसीसी कैडेट्स ने गांव में पौधारोपण अभियान चलाया। कैडेट्स ने कहा कि पेड़- पौधे हमारे जीवन के औषधि है। इसके लिए वातावरण का ख्याल व सुरक्षा हमारी नैतिक जिम्मेवारी है। उन्होंने अभियान को चलाते रहने की शपथ ली। प्रधानाचार्या स्वाती ने कहा कि मनुष्य के अंदर उपकार, दया व मनुष्यता के भाव संचित होने चाहिए, जो वृक्षों की भांति इस संपूर्ण धरा को परिवार समझ कर हर तरह अपनी छाया और कृपा प्रदान करें। पौधरोपण पुण्य कार्य है, इसमें सभी की भागीदारी होनी चाहिए। हम सभी को पौधरोपण तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए पौधों की देखभाल भी करनी चाहिए। मौके पर एनसीसी शिक्षिका प्रीति प्रभा कुमारी ने बच्चों को पर्यावरण का महत्व बताया। इस मौके पर अनिल उपाध्याय, कुलदीप पासवान, पूनम कुमारी, मुरलीधर महतो, संजय समेत, सुलेखा देवी, रुब्बी खातून, मानती लकड़ा, प्रीती प्रभा, कुसुम कुमारी, समेत कई लोग मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### जिला परिषद सदस्य के प्रयास से बरकट्ठा में तीन योजनाओं को मिली स्वीकृति



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बरकट्ठा उतरी जिला परिषद सदस्य प्रेरणा प्रिया के प्रयास से बरकट्ठा में विभिन्न योजनाओं को स्वीकृति मिली है। इसमें मुख्य रूप से बरकट्ठा बाजार एवं अन्य स्थानों में बंद पड़े सामुदायिक शौचालयों में पानी व्यवस्था एवं चालू करना, बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत के कुंडिलवा नदी पर शमशान सेड का निर्माण और शिलाडीह काली मंडप के पास सांस्कृतिक मंच एवं स्टेज निर्माण। इस कार्य हेतु बरकट्ठा जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया को ग्रामीणों ने धन्यवाद दिया। वही शिलाड़ीह पंचायत के ग्रामीण दीपक पांडेय और राजकुमार गिरी ने कहा शिलाड़ीह में सांस्कृतिक मंच एवं स्टेज निर्माण होने से युवाओं को अपना प्रतिभा दिखाने में काफी सहुलियत होगी। इस प्रकार का मंच पहली बार निर्माण होगा जो की काफी सराहनीय कार्य है।

### सड़क दुर्घटना में नगर परिषद इंजीनियर की हुई मौत, भाजपा कार्यकर्ता हुआ घायल



**रामगढ़ ।** कुजू ओपी क्षेत्र के भाजपा जिला कार्यालय स्थित बाईपास कट पर बुधवार की दोपहर स्कॉर्पियो व एक बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें नगर परिषद क्षेत्र में कार्यरत इंजीनियर रोहित रमण दास (28वर्ष ) पिता हिरू लाल दास की मौके पर ही मौत गई। जबकि उनके साथ बाइक पर सवार दिगवार काली मंदिर निवासी सह भाजपा कार्यकर्ता विनोद प्रसाद (42 वर्ष ) पिता चरकू महतो गंभीर रुप से घायल हो गया। घटना की सूचना पाकर कुजू पुलिस ने मृतक रोहित को एंबुलेंस से रामगढ़ सदर अस्पताल पहुंचाया। जबकि घायल विनोद को उनके ही साथियों ने सूचना पाकर रांची रोड़ दी हॉप इलाज के लिए ले गए। जहां से बेहतर इलाज के लिए उसे रांची मेडिका रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार इंजीनियर रोहित रमण दास बाइक संख्या जेएच 02एए 1732 से विनोद के साथ मापी कार्य को लेकर दिगवार आ रहा था। इसी दौरान कट (क्रॉसिंग) पार करने के दौरान स्कॉर्पियो संख्या जेएच 02 एजे 7484 ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमें रोहित की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी। जबकि विनोद गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस दुर्घटना ग्रस्त वाहनों को जब्त कर ओपी ले आयी है।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से हजारीबाग के सांसद ने की शिष्टाचार भेंट



**हजारीबाग।** लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट किया। इस दौरान सांसद मनीष जायसवाल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को झारखण्ड में पिछले पांच वर्षों में आदिवासियों की जनसँख्या में धर्मांतरण के कारण हुए तीव्र घटाव, बांग्लादेशियों के द्वारा संगठित रूप से आदिवासी बेटियों से विवाह और जमीन हथिया कर क्षेत्र की डेमोग्राफी बदले जाने के विषय में विस्तृत चर्चा की और उन्हें इस संबंध में पूरी जानकारी दी। साथ राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को हजारीबाग की विश्वविख्यात इंटरनेशनल रामनवमी में हजारीबाग पधारने का निमंत्रण दिया। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू का रामनवमी महोत्सव में आना हम सभी हजारीबाग लोकसभा वासियों के लिए गौरवपूर्ण क्षण होगा।

### जर्जर सड़क को लेकर युवा नेता सचिदानंद पांडेय ने सांसद और जिला प्रशासन से लगाई गुहार



**हजारीबाग।** शहर की सड़कों को लेकर युवा नेता सचिदानंद पांडेय ने मेन रोड में बड़े बड़े गढ़े को लेकर स्थानीय सांसद और जिला प्रशासन से गुहार लगाई है। श्री पांडे ने कहां कि मेन रोड जो शहर का लाइफ लाइन है, जिसको लेकर शहर की जनता में अक्रोस है ।आज मेन रोड में बड़े बड़े गड्ढे का अंबार है,सड़क गढ़े में तब्दील हो गई है। इसके अलावा शहर के कई रोड और भी जर्जर हो चुके है कई लोग इन खराब सड़को की वजह से घायल हो चुके है। कई गांव सड़को की वजह से प्रभावित है। शहर आने जाने वाले लोग खराब सड़को की वजह से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खराब सड़क को लेकर आने जाने वाले रिक्शा वाले टोटो वाले राहगीर ने सांकेतिक आक्रोश आंदोलन किया। श्री पांडेय ने कहा की जल्द से जल्द खराब सड़के नहीं बनी तो सड़क पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेंगे।

### डीसी को आवेदन देकर जिप की जमीन पर बनाई दुकान को सुरक्षित रखने का आग्रह



**बरही ।** करियातपुर के फुटपाथी दुकानदारों ने उपायुक्त हजारीबाग को आवेदन देकर जिला परिषद की जमीन पर बने दुकानों को नहीं हटाने का आग्रह किया है. डीसी को दिए आवेदन में बताया गया है कि करियातपुर मौजा में कुल पांच प्लॉट हैं, जिसके एक बड़े भूभाग पर भू माफियाओं ने कब्जा कर रखा है. जिस पर बड़े बड़े भवन और दुकान भी संचालित है. जिसे कोई बोलने वाला नहीं है. वे लोग जिला परिषद की उक्त भूमि पर पिछले 40 से 45 वर्ष से धंधा चलाकर अपना और अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं. इसके अलावा उनलोगों के पास कोई और धंधा नहीं है. दुकान हटाने को लेकर कुछ असामाजिक लोग धमकी भी दे रहे हैं, जिससे स्थिति तनावपूर्ण है. कभी भी अप्रिय घटना हो सकती है. विदित हो कि उक्त भूमि पर विद्यालय भवन बनाया जाना है, जिसके लिए पर्याप्त भूमि खाली है. फुटपाथी दुकानदारों ने डीसी से सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए उनके दुकान को सुरक्षित रखते हुए विद्यालय भवन निर्माण करवाने का आग्रह किया है. आवेदन में राजेंद्र प्रसाद, सुधीर कुमार, बालेश्वर कुमार, प्रकाश प्रसाद, तारकेश्वर प्रसाद, राजेंद्र ठाकुर, सुरेश रविदास, अर्जुन रविदास, कार्तिक महतो, परमेश्वर प्रसाद, देवेंद्र कुमार, महेंद्र प्रसाद, अशोक प्रसाद, बालेश्वर प्रसाद, सिकंदर कुमार, इंद्रदेव महतो आदि दर्जनों लोगो के हस्ताक्षर हैं.

## मेयातु में महिलाओं ने निकाली भव्य कलश यात्रा

# श्रद्धालुओं के जय-जयकार से गूंजा क्षेत्र

*महिलाएं बगैर किसी की मदद के अपनी कर्मठता और निष्ठा से भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया*



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
सदर विधानसभा क्षेत्र के सुल्तान पंचायत के मेयातु में भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शहर के युवा समाज सेवी हर्ष अजमेरा मुख्य रूप में शामिल हुए। आयोजक मंडली के द्वारा श्री अजमेरा का आत्मीयता के साथ स्वागत व अभिनंदन किया गया। भव्य कलश यात्रा गांव की स्थानीय महिलाओं के द्वारा निकला गया था, जिसमें महिलाएं बगैर किसी की मदद से अपनी कर्माठता और निष्ठा से भव्य कलश यात्रा का आयोजन की है। इस भव्य कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं जयकारा लगाते हुए कलश यात्रा को संपन्ना किया। भव्य कलश यात्रा में महिलाएं आकर्षक लाल पीली साड़ी में शामिल थी। मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की बेहतर उदाहरण मेयातु में देखने को मिला,साथ ही कहा उन्होंने कहा कि महिलाओं की शिक्षा आर्थिक स्वतंत्रता, स्वास्थ्य, और समाज में उनकी भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि महिलाओं को एक समान अवसर मिलना चाहिए और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए। जिसका उदाहरण आज हम सभी को देखने को मिला। साथ ही कहा कि महिलाओं द्वारा अपनी ताकत और सामूहिक शक्ति को दशार्ने के लिए निकाली गई कलश यात्रा आमतौर पर धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व रखती है। कलश यात्रा का उद्देश्य सामाजिक और सामुदायिक एकता को बढ़ावा देना होता है। इसमें महिलाएं मिलकर अपनी संस्कृति और धार्मिक आस्थाओं का प्रदर्शन करती हैं और सामूहिकता की भावना को मजबूत करती हैं।
मौके पर कटकमदाग प्रखंड प्रमुख कुमारी विनीता, नेहा कुमारी, सोनी कुमारी , सोनम देवी , बबिता देवी , सुनिल पांडे, धीरज जैन सहित कई लोग मौजूद थे।

## चंदन राठौर ने सरकार से न्याययात्रा के मध्यम से फर्जी केस वापस लेने की मांग की



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
सनातनी सह समाजसेवी चन्दन राठौर ने न्याय यात्रा के माध्यम से झारखंड सरकार से तीन ज्वलंत मांग रखी है। उन्होंने मांग में महुदी में रामनवमी शोभा यात्रा का लाइसेंस, अमन कुमार और अजय सिंह को रिहाई तथा बड़कागांव के महूदी मामले में सभी सनातनी पर फर्जी केस वापस लेने की काफी ज्वलंत मांग रखी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से तीनों ज्वलंत माँग को यथाशीघ्र निष्पादन करने का आग्रह भी किया है। इस दौरान समाजसेवी चन्दन राठौर ने हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल रेल के मामले पर पुरजोर तरीके से संसद में रखने के लिए काफी प्रशंसा किया तथा इस प्रयास से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र महानगरों से रेल के माध्यम से कनेक्ट होगा। यह पूरा हजारीबाग लोकसभा की जनता के लिए काफी सुखद खबर बताया।मौके पर समाजसेवी चन्दन राठौर ने झारखंड से मांग के बाद प्रेस बंधुओं को संबोधित कर कहा कि सभी माता - बहनों से अनुरोध है कि अमन कुमार को मजबूत करें, ताकि जेल से निकलने के बाद भी वह राष्ट्र और हिंदुत्व के लिए दुगनी रफ़्तार से काम करें। उनकी प्रथम मांग है कि महुदी वासियों को रामनवमी का लाईसेंस सरकार दे। अमन कुमार को जेल में रखने में खुशी है तो जेल में रखे पर इसका सजा गांव वालो को न दे। राज्य सरकार जल्द से जल्द लाईसेंस निर्गत करे। उन्होंने कहा कि फर्जी केश कर गांव वालो को परेशान करना बंद करे। उन्होंने हाल ही मे हो रहे ' बाहरी - भीतरी ' की राजनीति पर भी दुख जताया और कहा की अमन कुमार हिंदुत्व के लिए भारत के कोई भी कोने में जाकर आंदोलन करते है। ऐसी राजनीति उचित नहीं है।

## प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय तथा उप स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर व शिक्षकों की कमी : टोनी जैन



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
भाजपा नेता व समाजसेवी टोनी जैन ने कटकमसांडी प्रखंड के अपने जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत विभिन्न गांव के स्कूल तथा प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र का दौरा किया। लगभग प्रत्येक गांव में प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र बनी हुई है, लेकिन डॉक्टर तथा नर्स की भारी कमी है। जिसकी वजह से गांव के लोगों को अपना छोटी सी छोटी इलाज करने के लिए भी कटकमसांडी मुख्यालय स्वास्थ्य केंद्र तथा हजारीबाग शहर की ओर आना पड़ता है। अगर इन उप स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर तथा नर्स की नियुक्ति हो जाए तो ग्रामीणों को काफी राहत मिलेगी। इस समस्या को दूर करने के लिए मैं प्रयासरत हूं ,हजारीबाग सिविल सर्जन तथा अस्पताल सुपरिंटेंडेंट से भी मुलाकात कर इस समस्या को दूर करने का निवेदन करूंगा। प्राथमिक विद्यालय भवन की स्थिति अच्छी है ,किसी स्कूल में बाउंड्री वाल की कमी है। शिक्षकों की कमी की वजह से शिक्षकों ने कहा कि पढ़ाने में परेशानी आ रही है ।स्कूलों में मध्यान भोजन भी अच्छी तरीके से बनाई जा रही है, साफ सफाई का ध्यान रखा जा रहा है, और बच्चों को दिया जा रहा है ।बच्चे भी पढ़ाई में दिलचस्पी ले रहे हैं कुछ बच्चों से बात करने के बाद यह स्पष्ट हो पाया कि बच्चे काफी जागृत है ।वह पढ़ना चाहते हैं केवल संसाधन की थोड़ी कमी की वजह से पीछे हो जा रहे हैं।

## मांडू में 16, पतरातू में 7 तथा गोला व रामगढ़ में 1-1 स्थल पर संदेहास्पद जमाबंदी रद्द

# संलिप्त दोषी कर्मियों व पदाधिकारी पर होगी कार्रवाई



*उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई का प्रस्ताव अनुशंसा सहित उच्च माध्यम से भेजने का निर्देश दिया*

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रामगढ़ जिला अंतर्गत अलग-अलग प्रखंडों में विभिन्न स्थलों पर संदेहात्मक जमाबंदी कायम किए जाने संबंधित कुल 25 मामलों में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामगढ़ चंदन कुमार के न्यायालय द्वारा की गई सुनवाई के आलोक में राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग झारखंड रांची द्वारा सभी 25 संदेहात्मक जमाबंदी को रद्द करने के लिए संपुष्टि प्रदान कर दी गई है। जिसके उपरांत उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा संबंधित अंचल अधिकारियों को जमाबंदी कायम करने में दोषी, संलिपित कर्मियों, पदाधिकारियों को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई के प्रस्ताव अनुशंसा सहित उच्च माध्यम से भेजने का निर्देश दिया गया। धनु महतो मौजा पुंडी थाना संख्या 116 खाता संख्या 92 प्लॉट संख्या 1333/3912 3916 रकबा 2.32 एकड़, विगो गंझू मौजा बारघुटु थाना संख्या 118 खाता संख्या 48 प्लॉट संख्या 382/ 271 रकबा 3.37 एकड़, रहीम मियां वगै तोपा थाना संख्या 126 खाता संख्या 94 प्लॉट संख्या 680 859 बगै 12.16 एकड़, अघनु महतो वगै करमा थाना संख्या 176 खाता संख्या 6 प्लॉट संख्या 3645 3.50 एकड़, वैष्णवी फीरोटेक प्राइवेट लिमिटेड सुनील बंसल रउता थाना संख्या 146 खाता संख्या 29 प्लॉट संख्या 65 2.85 एकड़, कैला तुरी बारुघुटु थाना संख्या 118 खाता संख्या 48 प्लॉट संख्या 488 1.50 एकड़।
**पतरातू प्रखंड में निम्न स्थलों पर संदेहास्पद जमाबंदी हुई रद्द :** फरजन महतो मौजा हरिहरपुर थाना संख्या 35 खाता संख्या 28/11 प्लॉट संख्या 677 रकबा 1.46 एकड़, राजनाथ महतो हरिहरपुर थाना संख्या 35 खाता संख्या 28/09 प्लॉट संख्या 678 0.89 एकड़, फरजन महतो हरिहरपुर थाना संख्या 35 खाता संख्या 28/ 15 प्लॉट संख्या 677 3.25 एकड़, जयधन महतो हरिहरपुर थाना संख्या 35 खाता संख्या 28/ 10 प्लॉट संख्या 462 1.75 एकड़, एतवा उराव तालाटांड थाना संख्या 13 खाता संख्या 65/24 प्लॉट संख्या 1585 2.03 एकड़, खेदना उराव किन्नी थाना संख्या 43 खाता संख्या 28/10 प्लॉट संख्या 369/400, 365/423 2.42 एकड़।

## स्थापना दिवस

## धूमधाम से संपन्न हुआ कोबरा 203 का 16वां वार्षिकोत्सव

# कार्यक्रम में बच्चों ने बांधा समां, प्रतिभागी हुए सम्मानित




*सांकृतिक कार्यक्रम में इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर सहित सभी जवान नृत्य करने के लिए मजबूर हो गए*

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
27 जुलाई से प्रारंभ हुए कोबरा 203 वाहिनी के 16वें स्थापना दिवस का बुधवार को सांस्कृतिक संध्या के साथ हर्षोल्लास संपन्न हुआ. जस्ट ए एकेडमी और वाहिनी के नन्हें मुन्ने बच्चों के नृत्य प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों को झूमने के लिए मजबूर कर दिया. वाहिनी के जवानों ने द्वारा हास्य व्यंग्य पर आधारित एकांकी भी दर्शकों को खूब हंसाया. जवानी का मराठा नृत्य और भांगड़ा डांस पर तो जमकर नृत्य हुए. जिसमें वाहिनी के कमांडेंट पवन सिंह, द्वितीय कमांडेंट गौरव कुमार सहित 203 वाहिनी के इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर सहित सभी जवान नृत्य करने के लिए मजबूर हो गए. भांगड़ा डांस की बेहतर प्रस्तुति ने बरही एसडीपीओ सुरजीत कुमार को भी थिरकने के लिए मजबूर कर दिया. उन्होंने भी वाहिनी के अधिकारियों संग जमकर नृत्य किया. कार्यक्रम के अंत में वाहिनी की ओर से सांकृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले नन्हे मुन्हें बच्चों, जवानों सहित कार्यक्रम सफल बनाने वाले लोगों को इनाम देकर सम्मानित किया गया. इसके साथ ही कार्यक्रम में शामिल होने वाले बरही अंचल के सीओ रामनारायण खलखो, चंदवारा के सीओ, डीएवी स्कूल के प्राचार्य ए के सिंह, ग्रिजली विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता, बरही के दो पत्रकार रितेश कुमार और जयदीप कुमार सिन्हा आदि को कमांडेंट ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया. अपने उद्बबोधन में कमांडेंट ने बताया कि 16वें स्थापना दिवस के दौरान मेला, रक्तदान और वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए. वाहिनी के उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुए बताया कि वाहिनी जनता की रक्षा के लिए हर संभव प्रतिज्ञाबद्ध है।

## विधायक ने विस में ठेका प्रथा में चल रही व्यावसायिक शिक्षा को खत्म कर नियमित करने का रखा मामला



**नवीन मेल संवाददाता। बड़कागांव**
विधायक अंबा प्रसाद ने मानसून सत्र के दौरान ठेका प्रथा में चल रही व्यावसायिक शिक्षा को खत्म कर नियमित करने के मामले को सदन पटल पर रखा। इस दौरान उन्होंने सदन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग से प्रश्न करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित व्यावसायिक शिक्षा का संचालन झारखंड में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा विभिन्न व्यावसायिक प्रशिक्षण सहयोगियों के सहयोग से कराया जा रहा है । जो वर्ष 2015-16 से संचालित है व वर्तमान में राज्य के 446 सरकारी प्लस टू विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा जारी है। वहीं राज्य के सरकारी प्लस टू विद्यालय में कार्यरत प्रशिक्षकों की नियुक्ति इकरारनामा के आलोक में आउटसोर्सिंग के माध्यम से हुई है। जबकि केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा राज्यों को व्यवसायिक शिक्षा संचालक एवं प्रशिक्षकों की नियुक्ति संबंधित दिशा निर्देश में प्रशिक्षकों की नियुक्ति राज्य के शिक्षा विभाग द्वारा सीधी भर्ती करने अथवा राज्य के शिक्षा विभाग सेवा प्रदाता कंपनी के माध्यम से प्रशिक्षकों की नियुक्ति करने का आदेश प्राप्त है।

## एक नजर

### धूमधाम से मना संत इग्नासियूस लोयला पर्व

**सिमडेगा।** येशु समाज के संस्थापक संत इग्नासियुस लोयला का पर्व पाकरटांड़ के सोगड़ा चर्च में धूमधाम से मनाया गया। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा चर्च पहुंचकर चर्च में उपस्थित सभी पुरोहितों को बुके देते हुए पर्व की बधाई दी। इसके बाद जोसिमा ने संत इग्नासियुस लोयला पर्व के मौके पर आयोजित समारोह को भी संबोधित किया। साथ ही कहा कि संत इग्नासियुस लोयला ने संतों के जीवनी का अध्ययन कर महान संतो के आदर्श और गुणों का अनुकरण किया। संसारिक मोह का त्याग कर सेवकाई के कार्य में जुटे। इतना ही नहीं उन्होंने अपने प्रार्थनामयी सेवकाई जीवन से ईश्वर के निकट आते गए। इसी कारण उन्हें एक संत का दर्जा प्राप्त हुआ। क्योंकि संसारिक मोह-माया का त्याग कर जो ईश्वर के निकट आता है, उसे अनंत जीवन प्राप्त होता है। येसु खीस्त ही हमारे जीवन का केन्द्र बिंदु है।

### बीडीओ ने प्रखंड क्षेत्र के बूथों पर की सुपर चेकिंग

**सिमडेगा।** बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी जलडेगा डा प्रवीण कुमार द्वारा मतदान केंद्र संख्या 82, 83 और 84 (71 कोलेबिरा) के अंतर्गत विभिन्न गांव में सुपर चेकिंग किया गया। निरीक्षण के क्रम में 06 लोग ऐसे मिले जो अर्हता रखते हैं और उनका फॉर्म 06 नहीं भरा गया था, मौके पर उपस्थित बीएओ को फार्म 6,7 और 8 में जो भी लोग छुटे हुए हैं उनका पुनः गहनता पूर्वक जांच करने और उनका फॉर्म भरने का निर्देश दिया गया। इस दौरान बीएओ सुपरवाइजर को भी कड़ा निर्देश दिया गया कि कोई भी योग्य व्यक्ति ऐसा ना हो जो अर्हता रखता है और उसका फार्म न भर गया हो बीडीओ ने एक-एक घर का सुपर चेकिंग करने का निर्देश दिया। मौके पर बीएलओ, बीएओ सुपरवाइजर एवं कोनमेरला पंचायत की मुखिया उपस्थित थी।

### अपराधियों ने घर में सो रहे दंपति पर चाकू से किया हमला, रेफर

**डोमचांच।** डोमचांच के नलवा बिरहोर टोला में चार अपराधियों ने घर में सो रही दंपति पर मंगलवार की रात चाकू से हमला कर दिया। इसमें महिला माला देवी गंभीर रूप से घायल हो गयी है। जबकि पति लखन यादव बाल- बाल बच गया। मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

इस संबंध में लखन यादव ने डोमचांच थाना में आवेदन दिया। इसमें उन्होंने बताया कि मंगलवार की रात हर दिन की तरह घर से खाना खाकर पत्नी के साथ नलवा स्थित अपने आम बगवानी बगीचा में बने कमरे में सोये हुए थे। तभी अचानक पारहो, सपही निवासी भोला यादव अपने तीन साथियों के साथ बाइक मेरे आम बगवानी बगीचा में घुस गए। इस दौरान वे लोग खुद को बिहार का पुलिस बताया। हमने कहा कि रात में क्यों आए हैं।

## सिमडेगा गांधी मैदान में आयोजित श्रावणी मेले का एसडीओ व ईओ ने किया उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
सिमडेगा गांधी मैदान में सावन महीने के मौके पर आयोजित श्रावणी मेला का बुधवार को सिमडेगा एसडीओ सुमंत तिर्की एवं नगर परिषद के ईओ समीर बोदरा के द्वारा उद्घाटन किया। मौके पर उन्होंने रिबन काटकर मेले की शुरूआत की मौके पर जानकारी देते हुए मेला के निदेशक ने बताया कि 22 अगस्त तक सिमडेगा गांधी मैदान में श्रावणी मेला का आयोजन किया गया है जहां पर विभिन्न प्रकार के मनोरंजन के साधन मिठाई खिलौने सहित घरेलू जरूरत के समान मेला में उपलब्ध है ।उन्होंने बताया कि मेला की एंट्री पूरी तरफ से निशुल्क है ।जहां पर जिले भर के लोग आकर सावन मेले का आनंद उठा सकते हैं। वहीं एसडीओ सुमंत तिर्की ने बताया कि मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मेले में नए मतदाताओं के लिए फार्म उपलब्ध कराई जा रही है ,ताकि कोई भी 18 वर्ष से अधिक उम्र के छूटे हुए मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में पंजीयन कर सकते हैं।

### हंस फाउंडेशन मेडिकल टीम ने स्कूलों में लगाया एनीमिया जांच शिविर

# 950 लोगों की जांच की गई




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
हंस फाउंडेशन ने जिले के विभिन्न स्कूलों में जिसमे कस्तूरबा स्कूल कुरडेग, मॉडल स्कूल जलडेगा, मध्य विद्यालय बानो, ठेठईटांगर, बांसजोर औरसिमडेगा उच्च विद्यालय में एनीमिया जांच किया गया। मौके पर बच्चो को एनीमिया के प्रति जागरूक किया गया जिसमें बताया गया एवं शिकार बच्चों को निःशुल्क दवाई भी दी गई ।इस मौके पर डॉक्टर अजय, डॉ लेखराज, डॉ खेमराज मीणा, डॉ भास्कर, डॉ मूगील, एवं डॉ निसार अली ने बताया कि बच्चों में ज्यादातर आयरन की कमी से एनीमिया होता है ।इसकी सबसे बड़ी वजह गलत खानपान है। आजकल ज्यादातर बच्चे पौष्टिक आहार नहीं लेते हैं और वह फास्ट फूड का सेवन करते हैं, जो बच्चों में एनीमिया की सबसे बड़ी वजह है। उन्होंने बताया कि शरीर में हीमोग्लोबिन की कमी को एनीमिया कहा जाता है ।हिमोग्लोबिन हमारे शरीर में ऑक्सीजन को ट्रांसपोर्ट करने का काम करता है। इसकी कमी से बच्चों में कमजोरी, थकावट, चिड़चिड़ापन, ग्रोथ नहीं होना, पढ़ाई में मन नहीं लगना इसलिए सबसे जरूरी पौष्टिक संतुलित और आयरन युक्त आहार बच्चों को देना चाहिए. हरी सब्जियां, लाल फल में आयरन प्रचुर मात्रा में होती है। इसके अलावा अलग-अलग अनाज का भी सेवन करना चाहिए मौके पर 950 लोगों की जांच की गई। मौके पर फार्मासिस्ट-अमन प्रसाद, निशांत, मयंक, रवि रंजन, राहुल, सुस्मिता,लैब टेक्नीशियन में -अनिल कुमार, जितेंद, सूरज, देव और इशिका की भूमिका रही।

## न्यूज बॉक्स

### जहरीले सांप के काटने से दो लोगों की बिगड़ी तबीयत, सदर अस्पताल में भर्ती



**सिमडेगा।** सिमडेगा में इन दोनों जहरीले सांप के मामले लगातार सामने आ रही है। बुधवार को भी दो अलग-अलग जगह से जहरीले सांप के मामले सामने आए जिसमें दोनों को इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पहला मामला बानो के जामुनसोया गांव की है जहां पर 60 वर्षीय राजेश बागे नामक व्यक्ति के गर्दन में सांप ने काटा इसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिवार वालों ने उसे इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल में भर्ती कराया है जहां पर उसकी इलाज चल रही है। वहीं दूसरा मामला तामड़ा चिकसुरा गांव की है जहां की 16 वर्षीय शिवानी कुमारी नामक किशोरी घर में सामने काटा इसके बाद परिवार वालों ने उसे इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल में भर्ती करवाया है जहां उपचार चल रही है।

### कोलेबिरा विधायक के बयान पर आजसू पार्टी ने जताई नाराजगी



**सिमडेगा।** कोलेबिरा विधायक द्वारा दिए गए बयान के खिलाफ आजसू पार्टी ने नाराजगी व्यक्त की है। जिलाध्यक्ष अध्यक्ष सिमडेगा धूपेन्द्र पाण्डे ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी के हरेक शब्दों में एक घृणित सोच के साथ साथ इनके बातों को आजसू जिला कमेटी निन्दा करती है। विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी के बातों से यह लगता है कि कोलेबिरा विधानसभा की जनता विधायक नहीं बल्कि राजा चुन लिया है। कोलेबिरा विधायक ने कहा कि 50 साल से ऊपर के सभी लोगों को सरकार 1000रू पर माह सैलेरी के रूप में निकम्मे लोगों को दे रही है ।यह बयान निंदनीय है। जिला सचिव विकास बड़ाईक ने कहा कि कोलेबिरा विधायक 5 साल सिर्फ फांकी मार कर और तुष्टिकरण की राजनीति करते हुए क्षेत्र कि जनता को अपने उलुल-जुलुल बातों से भ्रमित कर बिता दिए विधायक इस बयान के लिए सार्वजनिक रूप से क्षेत्र की जनता से माफी मांगें अन्यथा दो महीने बाद माफी मांगने लायक भी नहीं रहेंगे जनता अपने मत से सबक सिखाएगी।

### सहारा इंडिया सहित अन्य ननबैंकिंग कंपनी में जमा पैसे के भुगतान को लेकर पाकरटांड़ में हुई बैठक

**पाकरटांड।** झारखंड नवनिर्माण दल व ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच सिमडेगा के तत्वाधान में सिपरियन मिंज की अध्यक्षता में 11 सितंबर 2024 को मुख्यमंत्री के समक्ष आयोजित विशाल जन प्रदर्शन की तैयारी को लेकर खून पसीने की जमा पैसे लेकर रहेंगे नारे के साथ पाकरटाड़ बाजार शेड में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सहारा इंडिया, बेडो बैंक, साईं प्रकाश, एपीलाइन, विश्वामित्र, पल्स, बेसिल सहित दर्जनों ननबैंकिंग कंपनी में जमाकर्ताओं ने दुखी मन से बताया कि हम लोग बेटा व बेटी की शादी अच्छे से करेंगे और बचत करने के ख्याल से पैसा विभिन्न कंपनियों में जमा किए थे लेकिन जब पैसा वापसी की बारी आई तो कंपनी ही गायब हो गया इससे हमलोग काफी निराश हैं। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित दल के केंद्रीय नेता सह प्रगतिशील मनरेगा मजदूर यूनियन के केंद्रीय प्रभारी नील जस्टिन बेक ने कहा कि सरकार की कमजोरी से आज हमारे गरीब मजदूर व किसानों का पैसा डूबने के कगार में है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा । ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच द्वारा जमा पैसे की भुगतान के लिए बड़ी कोशिश की जा रही है। सभी को एकजुट होकर आंदोलन में आगे आने की श्री बेक अपील करते हुए यह भी कहा है कि मेहनत के जमा पैसे जब तक भुगतान नहीं होंगे तब तक सरकार को चैन से बैठने नहीं दिया जाएगा। बैठक में मोइद्दीन अहमद, सुबराम किसान, सुदवा सिंह, रामचंद्र प्रधान, बादल नायक, मदन प्रधान, जॉन बाड़ा, समसोन कुल्लू, सरोज सोरेंग, उरसेला डुंगडुंग, नीलम टोप्पो, मातेश्वरी मिस्त्री, इलमिया लकड़ा, सहित सैकड़ो की संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित थे ।

### कोलेबिरा विधायक ने पेसा कानून नियमावली को ले हाई कोर्ट के आदेश पर जताया आभार



**सिमडेगा।** रांची हाई कोर्ट के द्वारा पेशा कानुन नियमावली को दो महीने के अंदर झारखंड राज्य में लागु करने के आदेश पर कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी ने उच्च न्यायालय रांची एवं जिस संगठन द्वारा न्यायालय में रिट पिटीशन दाखिल की थी उनको धन्यवाद दिया। विधायक ने कहा की यह आदेश ऐतिहासिक निर्णय साबित होगा। इससे आदिवासी एकता, पहचान, अस्तित्व और आजीविका संरक्षित होगी। न्यायालय के इस आदेश से आदिवासी समूदायों में खुशी की लहर तुफान की तरह फैल गई है ।उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान की पांचवी अनुसूची में दिये प्रावधानों के तहत पेशा कानुन 1996 का निर्माण केंद्र सरकार ने किया था। जिसका नियमावली बनाकर अनुसूचित क्षेत्रों में इसे लागु कर प्राकृतिक संसाधनों जैसे बालु, सभी प्रकार के गैमजरुआ जमीन, केंदू पत्ता ,बाजार समेत कई विभागों के कार्यों का किर्यान्वियन के लिए ग्राम सभा की की सहमति और भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए ग्राम सभा को अधिकार देना था जिससे कई गौरवशाली परंपराओं का संरक्षण एवं विकास करते हुए सामाजिक,सांस्कृतिक पहलुओं के साथ पारंपरिक तरीके को अपनाते हुए संरक्षण, शांति, न्याय एवम उन्नति के शिखर तक मिसाल कायम किया जा सकेगा।

### शहर में यातायात व्यवस्था को लेकर एसडीओ ने की बैठक

# चार व तीन पहिया वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से वर्जित रहेगा



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
सिमडेगा शहर में यातायात सुव्यवस्थित करने से संबंधित एसडीओ सुमंत तिर्की की अध्यक्षता में नगर परिषद कार्यालय सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कहा गया कि शहर में इन दोनों अनावश्यक पार्किंग की वजह से जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है जिसकी वजह से आए दिन दुर्घटना हो रही है जिसको लेकर लोगों को परेशानी हो रही है। मौके पर एसडीओ ने कहा की साप्ताहिक बाजार एवं दैनिक बाजार में नो एंट्री का समय निर्धारित करते हुए बड़े चार पहिया एवं तीन पहिया वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से वर्जित रहेगी। इसके अलावा शहर के आसपास वाहन पड़ाव को सुव्यवस्थित करने हेतु भूमिका चयन करते हुए वहां पर वाहनों की पार्किंग की जाएगी। इसके अलावा शहरी क्षेत्र में नो पार्किंग जोन घोषित करने के लिए जहां पर बोर्ड नहीं लगाए गए हैं वैसे जगह पर बोर्ड लगाई जाएगी। मौके पर कहा गया सिमडेगा बस स्टैंड से निकलने वाली बसों का जो गति निर्धारित होता हैउसके हिसाब से नही चलती है जिसकी वजह से जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। ऐसे में गति को निर्धारित गति से चलाई जाएगी ताकि शहर में जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। मौके पर कहा गया कि शहर में अनावश्यक रूप से लावारिस मवेशी घूमते हैं जिसकी वजह से लगातार सड़क दुर्घटनाएं घट रही है, जिसको देखते हुए शहर में माईकिंग के माध्यम से मवेशी मालिकों को सूचित किया जाएगा। इसके बावजूद मवेशियों को अगर नहीं बांधते हैं तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। मौके पर एसडीपीओ पवन कुमार ने कहा कि जिले के पेट्रोल पंप बिना हेलमेट का कोई भी पेट्रोल नहीं देंगे अगर पेट्रोल देते हैं तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। एवं दुर्घटना संभावित क्षेत्र में सायनेज लगाने की बात हुई। मौके पर नगर परिषद के प्रशासक समीर बोदरा बस ऑनर एसोसिएशन सिमडेगा अंचलाधिकारी, चेंबर ऑफ कॉमर्स, विश्व हिंदू परिषद,रोड सेफ्टी मैनेजर, सहित अन्य उपस्थित थे।

### उपायुक्त कार्यालय के समक्ष ठगी पीड़ित परिवार संघ ने दिया धरना



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
सिमडेगा ठगी पीड़ित परिवार का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन उपायुक्त कार्यालय के समक्ष किया गया जिसमें मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष मनोज कुमार सचिव सुबोध महतो उपस्थित हुए। धरना में जिला उपायुक्त मसे अनियमित जमा योजना 2019 बड्स एक्ट 2019 के तहत फार्म जमा करने के 180 दिन में जमा पूंजी शुद्ध समेत वापस होना चाहिए लेकिन अभी तक नही हो पाया है धरना प्रदर्शन में वक्ताओं द्वारा जब से प्रशासन द्वारा 2013 में जांच के नाम से सभी कंपनी को सील बन्द किया गया नही अभी तक जांच हुआ। नही वापसी के बारे में कोई जानकारी है ।जबकि सेबी द्वारा सभी कंपनी का लिस्ट अपने कार्यालय में चिपका कर चुप है। जब सरकार सभी कंपनी का कागजात चल अचल संपत्ति एवं सभी खाता को सीज करके चुप है ।कई अभिकर्ता कर्ज के बोझ तले आत्महत्या कर चुके हैं। जबकि सभी कंपनी को रजिस्ट्रेशन करने का काम भारत सरकार के द्वारा शील मोहर एवम नियमावली के साथ लाई फिर भी जमा पूंजी नही मिल रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय मे ठगी पीड़ित परिवार जोरदार आंदोलन किया जाएगा। मौके पर राम कोईराला, फुलेश्वर बड़ाईक, अजय महतो, अर्जुन सिंह, इंद्रजीत बड़ाईक, अरुण सिंह, आनंद दास, शहरु साहू, परमानन्द सिंह, उदय मांझी, प्यारा लुगुन, निर्मला टोप्पो, द्रोथिया सोरेंग अमृता डुंग डुंग, सहित ठगी पीड़ित उपस्थित थे।

### बैंक ऑफ इंडिया बानो की कार्यशैली के खिलाफ किसान मजदूर संघर्ष समिति ने दिया धरना




**नवीन मेल संवाददाता। बानो**
किसान मजदूर संघर्ष समिति बानो के तत्वावधान में बैंक ऑफ इंडिया शाखा बानो के प्रांगण में एक दिवसीय धरना का आयोजन किया गया। मौके पर बानो प्रखण्ड बीजेपी पूर्व सांसद प्रतिनिधि शिवराज बड़ाईक ने कहा आज प्रखण्ड के आम जनता गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। महीनों से केवाईसी नही होने से अपना काम रुक गया है। बैंक के कार्यप्रणाली हम आम जनता रुष्ट है। केवाईसी का कार्य जल्द पूरा हो ।समिति के सचिव आनन्द मसीह तोपनो अपनी मांग को लोगों को जानकारी देते हुएकहा कि बानो से 45 किलोमीटर दूर हुरदा में बैंक का शाखा खोला जाय ताकि उस क्षेत्र के खाता धारकों को परेशानी न हो। बैंक अपनी कार्यशीली में सुधार करें जिससे खाता धारकों को कोई परेशानी न हो तथा तीसरी मांग बैंक को बड़े भवन में हस्तांतरण किया जाय ताकि लोगो को कोई असुविधा न हो। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष महेश सिंह, राजेश बड़ाईक आदि लोगों ने अपने विचार रखे। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नईमऊदीन अंसारी ने धरना स्थल जा कर धरना में बैठे लोगों से मुलाकात कर आश्वासन देते हुए कहा कि आप सभों की सभी मांगो को जिला व बैंक के बड़े अधिकारियों को अवगत करा दी जाएगी। साथ ही बीडीओ के आश्वासन के बाद धरना समाप्त कर दी गई। मौके पर जगदीश बागे, सुधीर लुगुन आदि लोग उपस्थित थे।

## विस चुनाव में शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने को ले उपायुक्त ने दिव्यांगजनों को किया सम्मानित



*दिव्यांगजनों के निबंधन एवं मतदाता सूची में नाम को लेकर विशेष अभियान चलाया गया*

*बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर से अधिक संख्या में फार्म -6 प्राप्त करने का निर्देश दिया*

**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर**
उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने बुधवार को कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के भ्रमण कार्यक्रम में ठेठईटांगर प्रखंड पहुंचे। विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदाताओं का भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशन पर पात्र दिव्यांगजनों का निबंधन एवं मतदाता सूची में मेकिंग के लिूए विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत उपायुक्त ने ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत बाजार टोली बूथ नंबर 193 एवं 194 पहुंचे। मौके पर उपायुक्त ने संजय डुंगडुंग, सुनीता कुमारी एवं अनीता कुमारी दिव्यांग मतदाता को पुष्प गुच्छ देकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस उन्होंने ने चुनाव में बढ़ चढ़कर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही द्वितीय मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 से संबंधित कार्यों की जानकारी बीएलओ से लिया। उन्होंने उपस्थित बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर से अधिक संख्या में फार्म -6 प्राप्त करने का निर्देश दिया। साथ बीएलओ द्वारा प्राप्त आवेदनों का ससमय एंट्री सुनिश्चित कराने की बात कहीं। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार महतो, प्रखंड विकास पदाधिकारी ठेठईटांगर नुतन मिंज, बीएलओ लिना टेटे, बीएलओ सुशांति केरकेट्टा, बीएलओ सुपरवाइजर संजय मुकुट सहित अन्य उपस्थित थे।

### केंद्र सरकार के बजट को लेकर विमला प्रधान ने प्रेस वार्ता में कहा

# गरीब, महिला, बेरोजगार सहित सभी के हित में है बजट




*यह बजट विकसित भारत 2047 की संकल्प को पूरा करने के लिए लाया गया है। यह गरीब, महिला बेरोजगार दलित व मजदूरों के लिए बेहतर होगा*

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
केंद्र सरकार द्वारा ले गए बजट को लेकर पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने भारतीय जनता पार्टी से मिलेगा जिला कार्यालय में बुधवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया प्रेस वार्ता का आयोजन करते हुए उन्होंने बजट 2024 के संदर्भ में जानकारी दी। मौके पर उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि यह बजट विकसित भारत 2047 की संकल्प को पूरा करने के लिए लाया गया है। जिसमें गरीब, महिला बेरोजगार दलित सहित सभी वर्गों के हितों को ख्याल में रखते हुए लाया गया है। मौके पर उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से केंद्र सरकार की सोच है आने वाले 2047 तक भारत विकसित भारत बनेगी । मौके पर उन्होंने कहा कि चाहे रक्षा मंत्रालय हो ,स्वास्थ्य शिक्षा, कृषि, महिला बाल विकास के क्षेत्र में हो पर्यटन के क्षेत्र में हो या फिर आधारभूत संरचनाओं के सृजन के मामले में हो केंद्र सरकार ने सभी का ख्याल रखने क का काम किया है। खासकर धार्मिक पर्यटन स्थलों को भी सुदृढ़ करने का काम कर रही है जिससे कि आने वाले दिनों में पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार के नए-नए साधन उत्पन्न होंगे। मौके पर उन्होंने बताया कि कौशल विकास को विशेष ध्यान रखते हुए केंद्र सरकार ने युवाओं के लिए विशेष बजट के प्रावधान लाया है। जिससे कि आने वाले दिनों में यहां के युवा कौशल विकास के क्षेत्र में बेहतर करते हुए रोजगार सृजन कर आत्मनिर्भर भारत के सपना को साकार करेंगे। इस मौके पर जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाइक, दीपक पुरी, अनुप प्रसाद, अनूप केसरी श्रीलाल सह, राकेश रविकांत, सुजान मुंडा उपस्थित थे।

### हॉकी के साथ-साथ फुटबॉल के क्षेत्र में भी सिमडेगा की बनेगी अलग पहचान : पिंकी रानी

**सिमडेगा।** 25वां वीर शहीद अंतरराज्यीय थॉमस सोरेंग फुटबॉल टूनार्मेंट के सातवें दिन बुधवार को खेल चिड़िया माइंस चिडिया मनोहरपुर बनाम संत इग्नासियुस गुमला के बीच हुआ। दोनों ही टीम बहुत रोमांचक खेल खेले। पहले हाफ में संत इग्नासियुस गुमला की टीम 1 गोल की फिर दूसरी हाफ में 3 गोल की। एवं 4-0 से जीत दर्ज की ।खेल का मुख्य अतिथि भाजपा नेत्री पिंकी रानी भाजपा और विशिष्ट अतिथि नरेंद्र बड़ाईक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए खेल की शुरूआत की अतिथियों को सचिव मोनू बड़ाईक और मतीयस कुल्लू संरक्षक के द्वारा फूल बुके देकर स्वागत के पश्चात मौके पर संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा नेत्री पिंकी रानी ने कहा सिमडेगा पहचान हॉकी के रूप में होती है जिले की एक अलग पहचान बन रही है।

## राम कथा श्रद्धा, पुरुषार्थ और विवेक की देती है सीख : पंडित इंद्रशंकर झा



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
रामायण की कथा श्रद्धा पुरुषार्थ और विवेक की सीख देती है इसमें मयार्दाओं का ख्याल रखते हुए जीवन जीने का मुख्य सार है उक्त बातें तामड़ा में आयोजित 9 दिवसीय राम कथा की शुरूआत पर कथावाचक पंडित इंद्र शंकर झा ने कही। मौके पर उन्होंने रामायण का प्रसंग को याद करते हुए कहा कि जब भगवान श्री राम अपनी पत्नी सीता की खोज में दर-दर भटक रहे थे तब माता पार्वती को भगवान श्रीराम को ईश्वर है या नहीं इस पर सन्देह हुआ और परीक्षा लेने की सोची वहीं मां पार्वती सीता का वेश धारण कर जब भगवान राम के पास पहुंचे तो पत्नी के वियोग में विलाप कर रहे भगवान राम सीता रूप धरी मां पार्वती की पहचान कर ली और उन्होंने दंडवत प्रणाम किया इस बात को देख मां पार्वती समझ गई कि वाकई भगवान श्री राम मर्यादा पुरुषोत्तम सच्चिदानंद भगवान है। मौके पर उन्होंने कहा कि रामायण को हमें अपने जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है, क्योंकि रामायण एक आदर्शवादी पुत्र पिता पत्नी और मानव जीवन जीने की सीख देती है। मौके पर जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष सुबोध केसरी ने बताया कि 9 दिनों तक यहां पर श्री राम कथा का आयोजन किया जाएगा जिसमें प्रत्येक दिन अलग-अलग भगवान के प्रसंग पर कथा सुनाई जाएगी वहीं इधर राम कथा सुनने के लिए आसपास काफी संख्या मे श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी ।मौके पर विजय केशरी, अमृत केशरी,विकास साहू, राजेंद्र केशरी, लक्ष्मी, सन्तोष, दुर्गेश, मोहन, मनोज, सुरेश साव, सुंदर साव, सुबास साव, छटकु केशरी सहित काफी सख्या में महिलाएं उपस्थित हुई।

## एक नजर

### जुगल किशोर पोद्दार के निधन पर किया शोक व्यक्त



**रांची।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लोहरदगा जिला के पूर्व संघ संचालक, अग्रणी समाजसेवी व व्यवसायी जुगल किशोर पोद्दार के आकस्मिक निधन हो गया। इस पर विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने गहरा शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि जुगल किशोर पोद्दार सरल, मिलनसार, मृदुभाषी, धार्मिक विचारधारा व्यक्तित्व वाले व्यक्ति थे। वे कई सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हुए थे।

### युवती को अगवा कर दुष्कर्म करने के दोषी को 10 साल की सजा

**रांची।** प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडे की अदालत ने बुधवार को युवती का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के दोषी मो. तनवीर आलम उर्फ मुन्ना को 10 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जुमार्ने की राशि नहीं देने पर उसे एक साल की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। मो. तनवीर आलम पिठोरिया थाना क्षेत्र के चौली उलातू गांव निवासी है। घटना का अंजाम छह मार्च, 2018 को दिया गया था। घटना को लेकर पीड़िता के पिता ने पिठोरिया थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। सुनवाई के दौरान अदालत के समक्ष अभियोजन पक्ष की ओर से सात गवाहों को प्रस्तुत किया गया था।

# राज्यपाल के लंबे राजनीतिक अनुभव का लाभ मिलेगा : हेमंत



*शपथ लेने के बाद दस्तखत करते राज्यपाल, विधानसभा अध्यक्ष ने राज्यपाल का किया स्वागत*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के नवनियुक्त राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के शपथ ग्रहण के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत कई मंत्रियों ने संतोष गंगवार को फूलों का गुलदस्ता देकर शुभकामनाएं और बधाई दी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि पूरे झारखंड वासियों की ओर से नये राज्यपाल संतोष गंगवार का स्वागत करते हैं। राज्यपाल को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इनका लंबा राजनीतिक अनुभव रहा है, जिसका लाभ झारखंड को मिलेगा, ऐसी उम्मीद करते हैं। इस मौके पर विधानसभा स्पीकर रबींद्रनाथ महतो, मंत्री मिथलेश ठाकुर, दीपिका सिंह पांडेय, बन्ना गुप्ता, डॉ रामेश्वर उरांव, डॉ. इरफान अंसारी, हफीजुल्ल अंसारी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक कल्पना सोरेन, झारखंड भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, आशा लकड़ा, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, मुख्य सचिव एल ख्यांग्ते, राज्यपाल के प्रधान सचिव नितीन मदन कुलकर्णी समेत कई लोग मौजूद थे।

### दुमका में एक साइबर अपराधी हुए गिरफ्तार

**दुमका।** जिले के सरैयाहाट पुलिस चर्चित बंदरी गांव के 20 लोगों के खिलाफ साइबर अपराध से जुड़े होने के आरोप में मामला दर्ज करते हुए एक आरोपित प्रफुल मंडल को बुधवार को जेल भेज दिया। सरैयाहाट थाना प्रभारी ने स्वयं मामला दर्ज करते हुए आवेदन में बताया कि एसपी दुमका को यह सूचना मिली थी की सालजोरा बंदरी गांव में कुछ साईबर अपराधी इकट्ठा होकर साईबर की घटना को अंजाम दे रहें है। और जिस मोबाइल नंबर का साईबर अपराधी उपयोग कर रहें है प्रतिबिम्ब पोर्टल से उसका लोकेशन उक्त स्थान पर ही है, एसडीपीओ संतोष कुमार के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन कर पुलिस जब पहुंची तो पुलिस वाहन देख कुछ लोग भागने लगे, भागने के क्रम में पुलिस ने प्रफुल मंडल को धर दबोचा।

## न्यूज बॉक्स

### सड़क पर बने गड्ढे में लोगों ने की धनरोपनी, जताया विरोध



**रांची।** रातु, रिंग रोड, सिमलिया, नयाटोली से मेजर कोठी तक जाने वाली सड़क जो सैकड़ों गड्ढे में तब्दील हो गई हैं। सड़क की जर्जर हालत को देखते हुए सिमलिया वासियों ने सड़क पर धान रोपकर नाराजगी जताई। हटिया विधानसभा आजसू प्रभारी भरत कांसी व राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित धान रोपनी कार्यक्रम के दौरान राज्य सरकार एवं जनप्रतिनिधियों का विरोध किया गया। सैकड़ो की संख्या में लोगों ने सांसद विधायक व झारखंड सरकार का विरोध करते हुए बीच सड़क पर धान रोपनी किया। इस अवसर पर राज्य सरकार व जनप्रतिनिधियों की अनदेखी को लेकर जमकर नारेबाजी की। सड़क नहीं तो वोट नहीं के साथ विरोध जाहिर की। क्षेत्रवासियों ने हटिया विधायक, सांसद और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नाराजगी जताई। सिमलिया वासियों के अनुसार रिंग रोड से नोभानगर होते हुए मेजर कोठी को जोड़ने वाली करीब ढाई किलोमीटर तक सड़क बड़े-बड़े गड्ढे के साथ दलदल में तब्दील हो चुकी है। वहां दो पहिया, चार पहिया वाहन तो दूर, इस सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है।

### समाहरणालय संवर्ग के कर्मियों से मिले धर्मेंद्र



**रांची।** झारखंड अनुसचिवीय कर्मचारी संघ, समाहरणालय संवर्ग ने धरना स्थल पर भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी का स्वागत किया। वहीं अपना 9 सूत्री मांग के बारे में बताएं और मांग पत्र सौंप। सरकार द्वारा अनुमोदित उच्च स्तरीय समिति के अनुशंसा के आलोक में निम्न वर्गीय लिपिक, कार्यालय अधीक्षक तथा प्रशासी अधिकारी के ग्रेड वेतन को बढ़ाया जाए। पद का सृजन हो, निम्नवर्गीय से उच्च वर्गीय लिपिक के लिए निर्धारित काल अवधि 8 वर्ष से घटकर 4 वर्ष किया जाए। ेस्त्र की काल अवधि 10 वर्षों से हटाकर 8 वर्ष किया जाए। पद नाम में संशोधन हो। कार्यालय अधीक्षक के पद को राजपत्रित पद घोषित किया जाए।

### डॉ. मधुकांत पाठक भारतीय एथलेटिक्स के टीम लीडर ओर डेलिगेट नियुक्त

**रांची।** झारखंड ओलम्पिक एसोसिएशन के महासचिव और एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के कोषाध्यक्ष डॉ मधुकांत पाठक पेरिस ओलम्पिक में भाग लेंगे। वह भारतीय एथलेटिक्स दल के टीम लीडर सह डेलिगेट के रूप में में पेरिस जायेंगे। उल्लेखनीय है कि भारतीय दल में कुल 29 खिलाडी शामिल हैं, जिनमें से कई पदक के सशक्त दावेदार हैं। डॉ पाठक इसके पूर्व 2008 के बिजिंग ओलम्पिक, 2012 के लंदन ओलम्पिक, 2016 के रिओ ओलम्पिक और 2021 के टोक्यो ओलम्पिक में भारतीय एथलेटिक्स दल के साथ भाग लें चुके हैं।

## गिरिडीह : अलग-अलग हादसे में दो की मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के तिसरी थाना इलाके में हुई दो अलग - अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत का मामला प्रकाश में आया है। पहली घटना थाना क्षेत्र के जमुनियाटांड - बघलोरवा की है। जहाँ एक दिहाड़ी मजदूर की मौत कुएँ में गिरने से हो गई। उसका शव बुधवार को घर के पास स्थित पुराने कुएँ से मिला है। शव देखकर प्रतीत होता है कि उसकी मौत हुए काफी समय बीत चूका है। मृतक बघलोरवा निवासी 54 वर्षीय सोहन हेमब्रम उर्फ पचु है। वहीं दूसरी घटना थाना क्षेत्र के बरवाडीह पंचायत के डमूर गांव की है। जहाँ करंट की चपेट में आने से 35 वर्षीय अनिल यादव की मौत होने की बात सामने आ रही है। मिली जानकरी के अनुसार जमुनियाटांड निवासी सोहन तिसरी चौक पर अस्थाई रूप से एक दिहाड़ी मजदूर का काम किया करता था। वह काम करके कभी कभार ही घर लौटता था। वह शराब का भी सेवन किया करता था। परिजनों ने बताया कि सोहन बीते गुरुवार को घर के पास ही था उसके बाद वो मजदूरी करने चौक की ओर चला गया।कभी कभार ही घर आने के कारण परिजनों ने भी उसकी कोई खोजबीन नहीं की। इस दौरान बुधवार की सुबह जब उसकी पत्नी मुन्नी मरांडी घर के पास स्थित पुराने कुएं में उगे छोटे से पेड़ से पत्ता तोड़ने गई तो शव को पानी में तैरते देखा।जिसके बाद हो - हल्ला हुआ और आस - पास के लोग जुटे। पानी में रहने के कारण शव फूल चूका था हालांकि बॉडी और उसके पहने गए कपड़े देखकर शव की पहचान उसी के पति सोहन के रूप में की गई।

### केंद्रीय योजनाओं पर परिचर्चा का आयोजन

## छात्रों ने निकाली जन जागरूकता रैली



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के क्षेत्रीय कार्यालय धनबाद ने बुधवार को उत्क्रमित उच्च विद्यालय बलियापुर, धनबाद में विश्व जनसंख्या दिवस, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना,प्रधानमंत्री आवास योजना व भारतीय न्याय संहिता विषय पर परिचर्चा सह पुरस्कार वितरण जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सुबह में स्कूली छात्र- छात्राओं द्वारा उक्त विषय पर एक जन जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें सैकड़ो छात्र छात्राओं ने भाग लिया। उक्त रैली को विद्यालय के प्रधानाध्यापक आशीष कुमार द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रधानाध्यापक आशीष कुमार एवं दयाल कुमार गोप, नेपाल चंद्र कुंभकार, सुरेश रवानी, सुमन कुमार दास एवं विभाग के सहायक अधिकारी राजकिशोर पासवान के द्वारा दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन किया गया। मौके पर सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी राजकिशोर पासवान ने विश्व जनसंख्या माह पर विशेष रूप से जानकारी दिया, विद्यालय के प्रधानाचार्य आशीष कुमार ने प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना एवं भारतीय न्याय संहिता के बारे में मौजूद छात्र छात्राओं को जानकारी दिया।

इस आयोजन के प्री पब्लिसिटी के तहत कल हुए निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान यशोदा कुमारी वर्ग दशम बी, द्वितीय स्थान सूरज देव मंडल वर्ग 9 ए , तृतीय स्थान ज्योति प्रमाणिक क्लास 6, जबकि सांत्वना सांत्वना पुरस्कार विशाल कुमार मंडल वर्ग 10 ए को मिला। वही चित्रांकन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मुस्कान कुमारी वर्ग दशम बी , द्वितीय स्थान आशा कुमारी वर्ग नवम बी , तृतीय स्थान रिया कुमारी दशम बी ,सांत्वना पुरस्कार स्वीटी कुमारी वर्ग अष्टम को मिला। रंगोली प्रतियोगिता के दौरान पांच ग्रुप बनाया गया, इसमें प्रथम पुरस्कार रिया ग्रुप को मिला, उनके ग्रुप में अनु कुमारी, शिल्पा कुमारी, नेहा कुमारी, द्वितीय पुरस्कार ग्रुप बी को मिला जिनका प्रतिनिधित्व प्रीति कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, राखी कुमारी, ग्रुप सी में तृतीय पुरस्कार रानी कुमारी शिवानी कुमारी को मिला। वहीं ग्रुप डी में कविता कुमारी, लवली कुमारी, ममता हाड़ी, रानी कुमारी को मिला। ग्रुप ई में पूजा कुमारी अंशिका कनिका एवं सरस्वती कुमारी को भी पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में दयाल कुमार, नेपाल चंद्र कुंभकार, सुरेश रवानी, सुमन कुमार दास की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही, जबकि मंच संचालन राजीव रंजन पांडेय द्वारा किया गया।

### सेना भर्ती रैली के पांचवें दिन 1015 युवाओं ने दिखाया दमखम



**रांची।** सेना भर्ती रैली के पांचवें दिन बुधवार को 1015 युवाओं ने दमखम दिखाया। अग्निवीर जीडी श्रेणी के लिए झारखंड राज्य के बोकारो, कोडरमा और गोड्डा जिलों के अभ्यर्थियों ने सेना बहाली में हिस्सा लिया। खेलगांव स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स के मैदान में शारीरिक दक्षता परीक्षा में लगभग 1015 जांबाज युवाओं ने अपने पूरे जोश और जुनून के साथ अग्निवीर जीडी श्रेणी में उपस्थिति दर्ज की। रैली स्थल पर सेना चिकित्सा अधिकारियों की टीम के जरिये शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की लगातार मेडिकल जांच की जा रही है। अस्थाई रूप से मेडिकल जांच में असफल अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे निर्धारित दिन और उचित समय पर ही नामांकित मिलिट्री अस्पताल में आगामी जांच के लिए रिपोर्ट करें और दलालों के झांसे में न आयें। इस प्रक्रिया में सफल होने वाले अभ्यर्थियों का अंतिम मेरिट के आधार पर सेना में अग्निवीर के रूप चयन होगा।

### आसनसोल हटिया ट्रेन का ठहराव-सलैया स्टेशन पर करने का आग्रह

**गिरिडीह।** राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने रेलमंत्री को पत्र लिखकर आसनसोल से हटिया इंटरसिटी ट्रेन नं18617/18618 का ठहराव - सलैयास्टेशन (पचम्बा) पर करने और उक्त स्टेशन का नाम पचंबा करने का आग्रह किया है। इस बाबत प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश साव ने प्रेस वार्ता कर उक्त जानकारी देते हुए कहा कि गिरिडीह के लोगों को बहुत जल्द सुखद खबर मिलने वाली है। भाजपा नेता ने कहा कि गिरिडीहपचम्बा वासियों की बहुत दिनों से मांग रही है कि आसनसोल से हटिया इंटरसिटी ट्रेन न.18617/18618 का ठहराव - सलैयास्टेशन (पचम्बा) में होने से लोगों को बहुत सुविधा होगी। साथ ही सलैया स्टेशन का नाम बदलकर पचम्बा स्टेशन कराने की जरूरत है, चूंकि स्टेशन जहां स्थित है वहाँ सलैया नाम से कुछ भी नहीं है। और नई ट्रेन परिचालन- पटना से कोडरमा - राजधनवार - जमुआ - सलैया स्टेशन - नई गिरिडीह रेलवे-स्टेशन - मधुपुर होते हुए कलकत्ता हावड़ा तक इसी गाड़ी का ठहराव सलैया स्टेशन पर होना चाहिए। इससे पचम्बा आस - पास क्षेत्र के लोगों को व्यापार, छात्र, मजदूर, किसान व अन्य कार्यो में बहुत सुविधा मिलेगी। सुरेश साव ने कहा कि इसी संदर्भ में राज्यसभा सांसद आदित्य साहू जी के पास गिरिडीह पचम्बा वासियों ने अपनी बात को रखा और उन्होनें त्वरित रूप से रेल मंत्री जी को पत्र लिखकर पचम्बा गिरिडीह की समस्या को अवगत करा कर इनका समाधान करने का प्रयास किया है।

### पर्यावरण की सुरक्षा हर नागरिक का कर्तव्य : रोहित शारदा



**रांची।** भारत तिब्बत सहयोग मंच झारखंड प्रांत की ओर से रातू रोड स्थित बिड़ला मैदान में पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर झारखंड प्रांत के अध्यक्ष रोहित शारदा ने उपस्थित समूह को कैलाश मानसरोवर की मुक्ति के लिए संकल्प पाठ कराया। संकल्प दिलाते हुए शारदा ने कहा कि चीन की विस्तारवादी नीति के खिलाफ पूरे हिंदुस्तान के नागरिकों को सतर्क रहना चाहिए, जिससे कि चीन की गलत मंसूबों में वह कामयाब ना हो सके।

## झारखंड के लघु आंगनबाड़ी को उन्नयन मुख्य केंद्र बनाया गया

- 2551 आंगनबाड़ी केंद्रों के मुख्य केंद्र में उन्नयन से यहां अनेक सुविधाओं में वृद्धि हो जाएगी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने झारखंड में संचालित सभी 2551 लघु आंगनबाड़ी केंद्रों का उन्नयन मुख्य आंगनबाड़ी केंद्र के रूप में कर दिया है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बताया कि झारखंड वासियों की मांग को पूरा करते हुए केन्द्र ने यह जनकल्याणकारी फैसला लिया है और मंत्रालय ने फैसले की जानकारी झारखंड सरकार को दे दी है। इन 2551 आंगनबाड़ी केंद्रों के मुख्य केंद्र में उन्नयन से यहां अनेक सुविधाओं में वृद्धि हो जाएगी। मुख्य आंगनबाड़ी केंद्र में एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के साथ एक आंगनबाड़ी सहायक की भी नियुक्ति होगी जिसे 2250 रु./माह मानदेय दिया जाएगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के मानदेय में 1000 रु./माह की बढ़ोतरी हो जाएगी और यह 3500/माह से बढ़कर 4500/माह हो जाएगा। नवनियुक्त सहायक को वर्दी खर्च के रूप में प्रतिवर्ष 1000 रु. मिलेंगे। मेडिसिन किट के लिए प्रत्येक केन्द्र को प्रतिवर्ष 750 रु. के बजाए 1500 रु. मिलेंगे। उपकरण व फर्नीचर हेतु 5 वर्षों के लिए 7000 रु. के बजाए 10000 रु. मिलेंगे। प्रशासनिक खर्च के लिए भी प्रतिवर्ष 1000 रु. के बजाए 2000 रु. मिलेंगे। इस प्रकार इन 2551 आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यक्षमता बढ़ेंगी, यहां अधिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी जिससे कार्य की गुणवत्ता भी बढ़ेगी। और इन सबका सीधा लाभ इन केन्द्रों से जुड़े हजारों बच्चे और महिलाओं को मिलेगा। मंत्री ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केन्द्र की एनडीए सरकार की पहली प्राथमिकता है महिलाओं और बच्चों को सम्पूर्ण स्वास्थ्य, पौष्टिक आहार और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना। इस क्रम में देशभर में संचालित 14 लाख आंगनबाड़ी केंद्र अहम भूमिका निभा रहे हैं।

### पंडरा में कार ने महिला को मारी टक्कर, मौत

**रांची।** रांची के पंडरा ओपी क्षेत्र स्थित पंडरा बाजार समिति के गेट के पास तेज रफ्तार कार ने बुधवार को एक महिला को टक्कर मार दी, जिससे घटनास्थल पर ही महिला की मौत हो गई। महिला की शिनाख्त रिंकू देवी के रूप में की गई है। बताया जाता है कि पंडरा बस्ती निवासी पति छोटू प्रसाद महतो की पत्नी रिंकू देवी (35) फल बेचती थी। महिला फल लेकर सड़क पार कर रही थी, इसी दौरान कार (जेएच 10सीसी 3202) ने टक्कर मार दी, इससे उसकी मौत हो गई। आनन-फानन में महिला को मेडिका अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया। ओपी प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने बताया कि कार को जब्त कर लिया गया है। चालक को भी पकड़ लिया गया है।

## अव्यवस्थित जनसंख्या से प्राकृतिक संसाधनों पर प्रतिकूल असर : प्रीति

- देश के विकास के लिए जनसंख्या स्थिरीकरण अति आवश्यक : शाहिद रहमान



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय संचार ब्यूरो ने विश्व जनसंख्या माह के अवसर पर 31 जुलाई को आम जनों व विद्यार्थियों में जागरूकता के उद्देश्य से आज जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन श्री डोरंडा बालिका उच्च विद्यालय में किया गया। सीबीसी रांची के कार्यालय प्रमुख शाहिद रहमान, प्रीति चौधरी व स्कूल के प्रधानाचार्य ने विश्व जनसंख्या माह जागरूकता कार्यक्रम का विधिवत शुरूआत द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। उक्त कार्यक्रम में सीबीसी कार्यालय रांची के कार्यालय प्रमुख शाहिद रहमान ने जिला कार्यक्रम समन्वयक प्रीती चौधरी, विद्यालय के प्रधानाध्यापिका व अन्य अतिथियों को मोमेंटो , शॉल व पौधा देकर सम्मानित किया। कार्यालय प्रमुख शाहिद रहमान ने विद्यार्थियों को जनसंख्या स्थिरीकरण के बारे में विस्तार पूर्वक बताया जानकारी दिया। अपने संबोधन में आगे बताया कि जनसंख्या स्थिरीकरण देश के विकास के अति आवश्यक है। विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा बच्चों को बढ़ती जनसंख्या से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया। प्रीती चौधरी द्वारा जनसंख्या स्थिरीकरण से होने वाले लाभ के बारे में विस्तृत चर्चा की साथ ही साथ उन उपायों के बारे में चर्चा की गई जिससे जनसंख्या स्थिरीकरण को सफल बनाया जा सके। अपने संबोधन में पर्यावरण संरक्षण व प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की भी चर्चा की, कि कैसे जनसंख्या वृद्धि पर्यावरण व प्राकृतिक संसाधन प्रभावित होते हैं। कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय संचार ब्यूरो के गीत व नाटक प्रभाग के पंजीकृत कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से लोगों का दिल मोह लिया।


## जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, रामगढ़

विकास शाखा

### द्वितीय दावा आपति हेतु सूचना

मनरेगा अन्तर्गत संविदा आधारित प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष), तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष), लेखा सहायक, कम्प्युटर सहायक पद के लिए अभ्यार्थियों द्वारा प्राप्त आवेदन के आलोक में दावा आपति/निराकरण के पश्चात योग्य एवं अयोग्य आवेदनों की प्रारम्भिक/औपबंधिक मेघा सूची का द्वितीय दावा आपति हेतु प्रकाशन।

विज्ञापन संख्या–01/2023 दिनांक–23.09.2023 के द्वारा प्रकाशित विज्ञापन द्वारा मनरेगा अन्तर्गत संविदा आधारित प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष), तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष), लेखा सहायक, कम्प्युटर सहायक की संविदा पर नियुक्ति हेतु इस कार्यालय के ज्ञापांक 99/जि0ग्रा0 दिनांक 27.01.2024 के द्वारा दावा आपति का निराकरण हेतु सूचना का प्रकाशन की गयी थी, जिसकी अन्तिम तिथि 03.02.2024 निर्धारित थी। दावा आपति प्रकाशन के बाद निराकरण के पश्चात योग्य एवं अयोग्य आवेदनों की प्रारम्भिक औपबंधिक मेघा सूची को जिले के वेबसाईट www.ramgarh.nic.in पर प्रकाशित की जा रही है। यदि किसी अभ्यर्थी को किसी भी प्रकार की आपति हो तो दिनांक 06.08.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक उप विकास आयुक्त–सह–अतिरिक्ति जिला कार्यक्रम समनव्य, रामगढ़, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, रामगढ़ के कार्यालय में हाथो–हाथ/डाक (निबंधित/स्पीड पोस्ट) के माध्यम से दावा आपति दर्ज करा सकते है। निर्धारित अवधि के बाद किसी दावा आपति पर विचार नही किया जायेगा। तत्पश्चात योग्य अभ्यर्थियों की मेघा सूची के अनुसार रिक्ति के दस–गुणा अभ्यर्थियों को दक्षता परीक्षा हेतु दिनांक 10.08.2024 को बुलाया जायेगा। **रिक्ति के दस–गुणा** अभ्यर्थियों की सूची दिनांक 07.08.2024 को प्रकाशन की जायेगी। दक्षता परीक्षा हेतु मेघा सूची का प्रवेश–पत्र अधिकारिक वेबसाईट www.ramgarh.nic.in के माध्यम से Download की जा सकेगी। प्रवेश–पत्र जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (विकास शाखा), रामगढ़ से भी प्राप्त की जा सकती है।

ह०/–
उप विकास आयुक्त,
–सह–अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, रामगढ़

PR 331318 District (24-25)_D

## JHARKHAND URJA VIKAS NIGAM LIMITED
**(CIN: U40108JH2013SGC001603)**
**Regd. Office: Engineering Building, H.E.C, Dhurwa, Ranchi -834004**

### e-TENDER NOTICE

e-Tenders in two parts Part-I (Technical and Commercial) and Part-II (price part) are invited from the reputed tenderers having good experience of following similar nature of Civil works and having sound financial status for the works mentioned below:

| Sl. No. | NIT No. | Name of the work | Estimated cost in Rs./- | Earnest money to be deposited in Rs./- | Cost of BOQ (Non-Refundable) in Rs./- | Time of completion of work. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 06/PR/JUVNL /24-25 | R/M of Boundary wall at Legal office, JUVNL, Doranda, Ranchi | 5,24,900/- | 10,500/- | 1250.00+18% GST Extra= 1475.00 | 60 days |
| 2 | 07/PR/JUVNL /24-25 | Provision of one No. 200x165 mm dia deep tube well with all accessories at Legal office, Doranda, Ranchi | 6,13,500/- | 12,300/- | 1250.00+18% GST Extra= 1475.00 | 30 days |
| 3 | 08/PR/JUVNL /24-25 | Provision of approach road in the campus of Legal Office, JUVNL at Doranda, Ranchi | 9,29,750/- | 18,600/- | 1250.00+18% GST Extra= 1475.00 | 60 days |

| | |
|---|---|
| Availability of tender documents on website | From 02.08.24 at 11.00 AM to 22.08.24 up to 3.00 PM |
| Bid Submission start date of e-tender | 02.08.24, 11.00 AM |
| Bid Submission End date of e-tender | 22.08.24, 3.00 PM |
| Date and time for opening of Tender Part-I (Technical and Commercial) | At 3.30 PM on 23.08.24 |
| Date and time for opening of Tender Part-II (Price Part) | Will be Communicated later on |
| Tendering Officer and address for communication | General Manager (CIVIL), JUVNL, Engineering Building, H.E.C., Dhurwa, Ranchi – 834 004, Contact No. - 9431135528 |

1. e-Tender documents and BOQ including terms & conditions, specification etc. can be downloaded and submitted online on website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned during office hours. NIC helpline no. 0651-2400178.
2. The tenders will be received through electronic tendering mode only. Tender Fee (Cost of BOQ) and Earnest Money Deposit (EMD) is to be paid through **online mode.**

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager (Civil)

PR 331338 Jharkhand Urja Vikas Nigam Ltd(24-25)#D

“ चरित्रहीन शिक्षा, मानवता विहीन विज्ञान और नैतिकता विहीन व्यापार खतरनाक होते हैं। - सत्यसाई बाबा



संपादकीय

## सर्वोच्च न्यायालय की सराहनीय पहल

हिंदी भारत की संपर्क भाषा है और बाजार की भी भाषा है जिसमें विज्ञापन और व्यवसाय सफलतापूर्वक किया जा रहा है। 14 जुलाई को लखनऊ के राम मनोहर लोहिया लॉ कॉलेज के दीक्षांत समारोह में प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ का यह कहना बहुत ऐतिहासिक और सराहनीय है कि कानून की पढ़ाई हिंदी में भी होनी चाहिए। ऐसा नहीं कहा जा सकता कि सबसे ज्यादा हिंदीभाषी जनसंख्या वाले राज्य की राजधानी में होने के कारण ही उन्होंने हिंदी के समर्थन की बात की। लंबे समय से न्यायपालिका में हिंदी समेत भारतीय भाषाओं में कामकाज किए जाने की मांग उठ रही है। अक्सर ऐसी मांगों पर न्यायपालिका विभिन्न कारणों से विचार नहीं कर पा रही थी। बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश के हाईकोर्ट में हिंदी में अपील करने की छूट के बावजूद वहां नियुक्त होने वाले जज अक्सर हिंदी याचिकाओं की अंग्रेजी प्रति मांगते रहे हैं। या फिर कुछ हाईकोर्ट में ऐसी व्यवस्था है कि अंग्रेजी प्रति देनी ही होगी। इस वजह से हिंदी ही क्यों, अन्य भारतीय भाषाओं में भी न्याय मिलने का लक्ष्य लगातार पीछे छूटता रहा है। लेकिन अब लगता है कि न्यायपालिका भी इस दिशा में सक्रिय हो रही है। उसे इसका भान हो रहा है कि देसी भाषाओं में न्याय देने का समय आ गया है। न्यायपालिका की सोच में ऐसा बदलाव पहली बार नहीं दिख रहा है। न्यायमूर्ति नजीर ने 27 दिसंबर, 2021 को हैदराबाद के एक कार्यक्रम में कहा था कि भारतीय न्यायिक प्रक्रिया का अब भारतीयकरण होना चाहिए। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ इसी बात को अब ठोस ढंग से आगे बढ़ा रहे हैं। हिंदी या भारतीय भाषाओं के जरिये न्याय हासिल करने की राह में सबसे बड़ी बाधा संविधान के अनुच्छेद 348 की व्यवस्था है, जिसके अनुसार, अगर संसद कानून नहीं बनाती, तो हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट अंग्रेजी में ही सुनवाई करेंगे। ऊपरी तौर पर देखें, तो लगता है कि अगर संसद चाहे, तो वह आसानी से ऐसे प्रावधान कर सकती है। वैधानिक नजरिये से यह राह आसान लगती है, लेकिन भारतीय, खासकर हिंदी के नजरिये से मौजूदा राजनीतिक हालात को देखें, तो यह बात इतनी आसान भी नहीं है। अगर संसद में बिना राजनीतिक सहमति के इस प्रावधान के संशोधन का प्रस्ताव आता है, तो राजनीतिक वितंडा खड़ा होने से कोई नहीं रोक सकता। जिस देश में अब भी कई राज्य हिंदी में स्टेशन और बस स्टैंड तक के नाम रखे जाने को क्षेत्रीय अस्मिता से जोड़कर देखते हों, जहां नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भारतीय भाषाओं की वकालत के पीछे कुछ राजनीतिक दलों को हिंदी के वर्चस्ववाद की गंध लगती हो, वहां उच्च न्यायपालिका में भारतीय भाषाएं आसानी से लागू हो जाएं, संभव नहीं है। आज जब सर्वोच्च न्यायालय 75वें वर्ष में लोक अदालतों के माध्यम से करोड़ों मुकदमों को सुलझाना चाहता है तो इस पवित्र उद्देश्य में सभी को एक कदम आगे बढ़ाना चाहिए।

> हिंदी या भारतीय भाषाओं के जरिये न्याय हासिल करने की राह में सबसे बड़ी बाधा संविधान के अनुच्छेद 348 की व्यवस्था है, जिसके अनुसार, अगर संसद कानून नहीं बनाती, तो हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट अंग्रेजी में ही सुनवाई करेंगे।

# पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत से ऐतिहासिक धमाल की उम्मीदें



एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों की तब मिट्ठियां तन गयी, यकीनन ये गर्व के क्षण हैं, जब मनु भाकर और सरबजोत सिंह की जोड़ी ने ओलंपिक में पदक दिलाये। 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित स्पर्द्धा का कांस्य पदक कई ऐतिहासिक रिकॉर्ड को समेटे हुए है। 28 जुलाई को 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग श्रेणी में कांस्य जीतकर मनु पहले ही निशानेबाजी में देश के लिए ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी बन चुकी हैं और अब इस नई कामयाबी के साथ एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने का राष्ट्रीय गौरव एवं ऐतिहासिक कीर्तिमान भी उनके हिस्से आ गया है। दोनों खिलाड़ियों ने जता दिया कि खेलों में ही वह सामर्थ्य है कि वह देश एवं दुनिया के सोये स्वाभिमान को जगा देता है, क्योंकि जब भी कोई अर्जुन धनुष उठाता है, निशाना बांधता है तो करोड़ों के मन में एक संकल्प, एकाग्रता का भाव जाग उठता है और कई अर्जुन पैदा होते हैं। अनूठा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी माप बन जाते हैं और जो माप बन जाते हैं वे मनुष्य के उत्थान और प्रगति की श्रेष्ठ, सकारात्मक एवं राष्ट्र को गौरवान्वित करने की स्थिति है। पेरिस में खेलों के महाकुम्भ ओलम्पिक 2024 के आयोजन में भारतीय खिलाड़ियों का जज्बा, ऐतिहासिक प्रदर्शन एवं संकल्प भारतीय मनुष्य के मन और माहौल को बदलने का माध्यम बनेगा, ऐसा विश्वास है। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन से भारत में ऊर्जा का संचार होगा, विश्वास, उम्मीद एवं उमंग जागेगी। जीवन के प्रति सकारात्मक रवैये को भी ये भारतीय खिलाड़ी नया आयाम देंगे। शाबाश मनु! तुमने न केवल हरियाणा बल्कि भारतीय लैंगिक भेदभाव की मानसिकता को चुनौती दी है, मनु की दोहरी सफलता का संदेश साफ है कि ह्यबेटी पढ़ाओ, खूब खेलाओ ह्ल बेटियां भारत का मान एवं शान बनकर दिखायेंगी। मनु ने दो कांस्य पदक ही नहीं जीते, कई रिकॉर्ड भी अपने नाम किए। वह ओलंपिक में शूटिंग में पदक जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी ही नहीं बनी, बल्कि भारत की ओर से एक ही ओलंपिक में दो पदक हासिल करने वाली पहली खिलाड़ी भी बनी। मनु की यह उपलब्धि इस मायने में भी खास है कि टोक्यो ओलंपिक में उसकी पिस्टल में खराबी आने के कारण वह जीत के दरवाजे के बाहर से ही लौट आयी थी। वह लंबे समय तक तकनीकी कारणों से मिली असफलता के तनाव एवं अवसाद से जूझती रही। लेकिन उस असफलता के अवसाद को दरकिनार कर दोहरी सफलता पाना निश्चित रूप से तमाम युवाओं के लिये प्रेरणा की मिसाल बनी है, वास्तव में हमारी नकारात्मकता को सकारात्मकता में बदलने का सशक्त माध्यम बनी है। इस खेलों के महाकुम्भ से निश्चित ही अस्तित्व को पहचानने, दूसरे अस्तित्वों से जुड़ने, विश्वव्यापी पहचान बनाने और अपने अस्तित्व को दुनिया के लिये उपयोगी बनाने की भूमिका बनेगी। राष्ट्र का एक भी व्यक्ति अगर दृढ़ संकल्प से आगे बढ़ने की ठान ले तो वह शिखर पर पहुंच सकता है। विश्व को बौना बना सकता है। पूरे देश के निवासियों का सिर ऊंचा कर सकता है, भले ही रास्ता कितना ही कांटों भरा हो, अवरोधक हो। देश में प्रतिभाओं और क्षमताओं की कमी नहीं है। चैंपियंस अलग होते हैं, वे भीड़ से अलग सोचते एवं करते हैं और यह सोच एवं कृत जब रंग लाती है तो बनता है इतिहास। हमारे खिलाड़ी कुछ इसी तरह चैंपियन बनकर उभरेंगे, दुनिया को चौंकाएंगे, सबके प्रेरणा बनेंगे, ऐसा विश्वास है। दस मीटर एयर पिस्टल के मिक्स्ड टीम इवेंट में मनु और सरबजोत सिंह की कामयाबी कई मायनों में खास है क्योंकि उन्होंने कोरिया के दिग्गज खिलाड़ियों को हराकर यह सफलता हासिल की। कोरियाई टीम में एक वह शूटर भी शामिल थी जिसने रविवार के दस मीटर एयर पिस्टल वर्ग में नये ओलंपिक रिकॉर्ड के साथ गोल्ड मेडल जीता था। यह जीत इन खिलाड़ियों के मजबूत मानसिक स्तर की ही परिचायक है क्योंकि शूटिंग के खेल में गहरी मानसिक एकाग्रता व ऊंचे आत्मविश्वास की जरूरत होती है। मनु ने अपनी पिछली हार को प्रेरणा का माध्यम बनाया, भगवद् गीता के सर्वकालिक संदेश कर्म किए जाने के मंत्र का अनुसरण करते हुए मनु ने नये संकल्प एवं बुलंद इरादे से मेहनत की। एक साल में चार कोच आजमाने के बाद फिर पुराने कोच जसपाल राणा को याद किया। जसपाल भी जानते थे कि मनु में इतिहास की नई इबारत लिखने की संभावना निहित है। जसपाल भी अपनी अकादमी के सौ छात्रों को भुलाकर पेरिस में मनु को कामयाब बनाने में जुटे। निस्संदेह, देश में खिलाड़ियों की कमी नहीं है। जरूरत है उन्हें वह वातावरण देने की, जिसमें उनकी प्रतिभा में निखार आ सके। केंद्रीय खेल मंत्री के अनुसार, खेलो इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्र सरकार ने मनु भाकर की ट्रेनिंग में दो करोड़ रुपये खर्च किए। यह सुखद है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की व्यक्तिगत दिलचस्पी ने खेल-कूद के प्रति सार्वजनिक प्रयासों को एक नई ऊर्जा दी है।

आज की बात



ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

आपकी बात

## राहुल गांधी की बिछाई बिसात में फंसी भाजपा

समय किसी का नहीं होता है। समय अपनी गति से चलता है। समय की गति के साथ जो नहीं चल पाता है, वह नेपथ्य में चला जाता है। 2013 से भारतीय जनता पार्टी का समय शुरू हुआ था। भारतीय जनता पार्टी जो विसात बिछाती थी। कांग्रेस को उस विसात में खेलना पड़ता था। कांग्रेस जवाब देने में फंस जाती थी। कांग्रेस यह भी भूल गई थी, कि उसने 70 सालों में क्या काम किए हैं। आरोपों के चक्रव्यूह में फंसी कांग्रेस उस समय आरोपों के बचाव में लग गई थी। वहीं भारतीय जनता पार्टी ने सपनों का ऐसा मायाजाल मतदाताओं के लिए बुना। मतदाताओं को लगा कि नरेंद्र मोदी आएंगे, उसके अच्छे दिन आ जाएंगे। महंगाई खत्म हो जाएगी। हर साल 2 करोड़ लोगों को नौकरी मिलेगी। विदेश से काला धन आएगा। हर परिवार को 15 से 20 लाख रुपए मिल जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता और विश्वसनीयता का सबसे उच्चतम स्तर था। मतदाताओं के मन में यह विश्वास बैठा दिया गया था। 70 सालों में कांग्रेस ने कुछ नहीं किया है। कांग्रेस नेताओं ने केवल भ्रष्टाचार किया है। कांग्रेस को भ्रष्टाचार का पर्याय बना दिया गया था। वे सारे आरोप अब भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ नजर आ रहे हैं। पिछले 10 वर्ष से केंद्र में भाजपा और नरेंद्र मोदी की सरकार है। देश के कई राज्यों में डबल इंजन की सरकारें हैं। जो आरोप उस समय भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पर लगाए थे। किसी भी आरोपों को वह सिद्ध नहीं कर पाए। अदालत से भी 2जी घोटाले और कोयला घोटाले के आरोप प्रमाणित नहीं हुए। पिछले 5 वर्षों में विपक्षी दलों के नेताओं पर आरोप लगाकर जिस तरह ईडी और सीबीआई के माध्यम से दबाव बनाकर या तो उन्हें भारतीय जनता पार्टी में लाया गया या जेल भिजवा दिया गया। आरोपों की इस राजनीति को कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दलों ने समझा। आम जनता को भी जो सपने दिखाए गए थे। 10 साल में वह पूरे नहीं होने पर, आम जनता के सपने भी टूटने शुरू हो गए। मुसलमानों का जो डर और भय हिंदुओं में फैलाया गया था। महंगाई, बेरोजगारी और बढ़ते हुए टैक्स ने अब हिंदुओं को भी भाजपा से दूर करना शुरू कर दिया है। हिंदू मतदाता भी समझने लगा है। सत्ता में बने रहने के लिए उसको मोहरा बनाया जा रहा है। लोकसभा 2024 के चुनाव परिणाम के बाद से स्थितियां बदलीं। जिस राहुल गांधी को भाजपा और मीडिया ने पप्पू बनाया था, वही पप्पू अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के सामने एक ऐसे योद्धा के रूप में खड़ा है, जिसका मुकाबला करना अब भाजपा के लिए आसान नहीं है। भाजपा जिस तरह की राजनीति करती थी। राहुल गांधी और कांग्रेस भी जिन अस्त्र और शस्त्र का प्रयोग बीजेपी, कांग्रेस और विपक्षी दलों के खिलाफ करती थी, उसे करना शुरू कर दिया है। विपक्ष ने अब भाजपा को उसी स्टाइल में घेरना शुरू कर दिया है।



सनत जैन

देश की बात

## क्यों हो रहा रेल परिचालन फेल?

गत 30 जुलाई को सुबह सुबह करीब पौने चार बजे एक और रेल हादसा दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर डिवीजन के तहत पेश आया। झारखंड के जमशेदपुर से 80 किलोमीटर दूर सरायकेला-खरसावां ज़िले में बंबू नामक स्थान पर मुंबई-हावड़ा मेल के 18 डिब्बे पटरी से उतर गए। इस हादसे में दो रेल यात्रियों की मौत हो गयी व 20 से अधिक लोगों के घायल होने का समाचार है। पूर्व में हो रहे अन्य रेल हादसों की ही तरह इस रेल दुर्घटना की भी जांच के आदेश दे दिए गये हैं। यह भी खबर है कि इसी दुर्घटनास्थल के पास में ही एक मालगाड़ी भी पटरी से उतर गई थी। लेकिन अभी यह साफ नहीं है कि क्या इन दोनों ट्रेंस की दुर्घटनाएं एक साथ हुई थीं या आगे पीछे। बुलेट ट्रेन की दुनिया में प्रवेश करने व विश्व की आधुनिकतम रेल सेवाओं का दावा करने वाली भारतीय रेल को गत 13 दिनों के भीतर ही 7 रेल दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ा है। निश्चित रूप से इस तरह से आए दिन हो रही रेल दुर्घटनाएँ बेहद चिंता का विषय हैं। जाहिर है इस तरह की लगातार होने वाली दुर्घटनाओं के बाद यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या सरकार रेल संचालन में सुरक्षा व्यवस्था के लिये किये जाने वाले जरूरी कदम उठा भी रही है अथवा नहीं? लगातार हो रहे इतने हादसों के बाद रेल यात्रियों में भारतीय रेल व्यवस्था के प्रति असुरक्षा व अनिश्चितता का भाव पैदा होना भी स्वाभाविक है। झारखंड में गत मंगलवार की अलस सुबह हुये मुंबई-हावड़ा मेल के हादसे से एक ही दिन पहले 29 जुलाई को समस्तीपुर-मुजफ़्फ़रपुर रेलखंड पर दरभंगा से दिल्ली जा रही 12565 बिहार संपर्क क्रांति सुपरफास्ट ट्रेन, कपलिंग टूटने के कारण दो हिस्सों में बंट गई थी। इस रूट पर आ रही अन्य ट्रेन्स को तत्काल रोकने का आदेश दिया गया ताकि किसी बड़े हादसे को टाला जा सके। उससे पहले 21 जुलाई को दो ट्रेन हादसे हुये। पहला ट्रेन हादसा राजस्थान के अलवर में हुआ जहां यार्ड से निकली मालगाड़ी के तीन डिब्बे पलट गये। इसके कारण अलवर मथुरा ट्रैक बाधित हुआ। दूसरा हादसा 21 जुलाई को ही पश्चिम बंगाल के रानाघाट में हुआ। यहाँ भी एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई है। इस हादसे के कारण भी इस रेल मार्ग पर ट्रेनों का आवागमन प्रभावित हुआ है। इन हादसों से रेल यात्रियों को होने वाली परेशानी के अलावा रेल मंत्रालय की अनेक नीतियों के चलते भी इन दिनों रेल यात्रा करना बेहद मुश्किल हो गया है।



निर्मल रानी

फेसबुक वॉल से




X से




अलग बात

## घातक लापरवाही की भेंट चढ़ते होनहार युवा

भारतीय प्रशासनिक सेवा में चुन कर आईएएस, आईपीएस बनकर देश को चलाने वाले सिस्टम का अंग बनने का सपना संजोकर अपने घर परिवार शहर से सैकड़ों हजारों किलोमीटर दूर कोचिंग करने आए तीन युवाओं को कोचिंग संस्थानों की अधिकाधिक कमाई करने और प्रशासन की घातक लापरवाही के कारण असमय अपनी जान गंवानी पड़ी। इस हादसे से समूचे देश में विशेष कर छात्रों में आक्रोश और नाराजगी है, क्योंकि यह हादसा बहुत हृदय विदारक व तीन परिवारों को उनके चिरागों को बुझा कर जीवन भर के लिए ऐसे दुख में धकेलने वाला है जिसकी कोई भरपाई नहीं हो सकती है। शर्मसार करने वाली बात है कि राजधानी दिल्ली के बीचोंबीच जहां कानून व्यवस्था की गारंटी मानी जाती है वहीं इतनी लापरवाही कि कभी अग्निकांड में, कभी करंट से, कभी सीवर के खुले ढक्कन से गिरने से तो अब बेसमेंट में अचानक पानी भर जाने से देश के होनहार युवाओं को जान गंवानी पड़ती है। बेशक हम विकास के बड़े बड़े दावे करें, विदेशी राजनेताओं को दिखाने के लिए हजारों करोड़ रुपये खर्च कर फर्जी सजावट और दिखावा करें लेकिन हकीकत में भ्रष्टाचार से लबरेज सरकारी मशीनरी और लालची कार्पोरेट और बंदरबांट कर रहे राजनीतिक दबंगों के बीच तिरोहित जीवन जीने के लिए मजबूर हैं। राजेंद्र नगर के कोचिंग संस्थान का हादसा भी इसी का एक उदाहरण है। विगत 27 जुलाई शनिवार की शाम दिल्ली के राजेंद्र नगर के एक कोचिंग सेंटर में लाइब्रेरी में अचानक भारी मात्रा में पानी भर जाने से तीन छात्रों की दर्दनाक मौत हो गई। मरने वालों में 2 छात्राएं और एक छात्र शामिल है। मृतक छात्रा श्रेया यादव यूपी के अंबेडकर नगर जिले की रहने वाली थी, वहीं तान्या सोनी तेलंगाना की रहने वाली थी। मृतक छात्र की पहचान केरल के एनार्कुलम निवासी नवीन दल्विन के रुप में हुई है। इस हादसे के बाद एक तरफ जहां राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है, तो दूसरी तरफ दोषारोपण का खेल भी। कुछ राजनेता कोचिंग संस्थान को दोषी ठहरा रहे हैं, तो कुछ दिल्ली सरकार को दोषी मान रहे हैं। हकीकत यह है कि अधिक कमाई के लालच में कोचिंग संस्थान के संचालक बहुत तंग जगहों पर बड़ी संख्या में बच्चों को एडमिशन देकर कोचिंग सेंटर चलाते हैं उनमे से अधिकांश के पास फायर व दूसरे सरकारी विभागों की एनओसी तक नहीं होती है।



मनोज कुमार अग्रवाल



बोधि वृक्ष

हिंदू धर्म में 18 पुराणों का जिक्र मिलता है। इन पुराणों में सिर्फ देवी-देवताओं की कथाएं ही नहीं हैं, बल्कि चिकित्सा, खगोल विज्ञान, इतिहास और कई अन्य विषय भी शामिल किए गए हैं।

## 18 पुराणों में हैं जीवन के सिद्धांत

हिंदू धर्म में पुराणों का अधिक महत्व है। पुराणों में ईश्वर के स्वरूप, उनकी लीलाओं और जीवन से सिद्धांतों के बारे में बताया गया है। बता दें कि सनातन धर्म में कुल 18 पुराणों का जिक्र मिलता है। इन पुराणों को पढ़ने या सुनने से व्यक्ति के सभी पापों का अंत हो जाता है। इन पुराणों में सिर्फ देवी-देवताओं की कथाओं के बारे में ही नहीं बल्कि चिकित्सा, खगोल विज्ञान, इतिहास और कई अन्य विषय भी शामिल किए गए हैं।



**शिव पुराण :** इस पुराण में भगवान शंकर के अवतार और उनकी महिमा के बारे में बताया गया है। शिव पुराण में भगवान शिव-शंकर के विविध रूपों, ज्योतिलिंगों और अवतारों के बारे में उल्लेख मिलता है।

**भागवत पुराण :** भागवत पुराण में भगवान श्रीहरि विष्णु के सभी अवतारों की संपूर्ण कथाओं का वर्णन मिलता है। इस पुराण में भक्ति योग के बारे में भी विस्तारपूर्वक बताया गया है।

**नारद पुराण :** आपको बता दें कि नारद पुराण को महापुराण भी कहा जाता है। क्योंकि नारद पुराण में सभी 18 पुराणों का सार दिया गया है। इस पुराण में कल्प, शिक्षा, ज्योतिष और व्याकरण आदि का वर्णन किया गया है।

**मार्कण्डेय पुराण :** इस पुराण को प्राचीनतम पुराण माना जाता है। इस पुराण में सभी वैदिक देवताओं इंद्र, अग्नि व सूर्य सहित अन्य के बारे में बताया गया है। इसके अलावा इस पुराण में श्रीकृष्ण से जुड़ी लीलाओं का भी उल्लेख मिलता है। **(क्रमशः)**

संकल्प शक्ति

## सर्कैडियन रिदम को समझ बनें ऊजार्वान

ऊजार्वान बने रहने के साथ-साथ वजन घटाने के लिए टहलना मजेदार और सुलभ तरीका है। बस आप अपने अंदर के घड़ी की आवाज को सुनिए और उसी अनुसार से चलिए। टहलते समय आप जो भी कदम उठाते हैं, उससे न केवल कैलोरी बर्न होती है, बल्कि आपका मूड भी अच्छा होता है। चाहे सुबह की तेज सैर हो या शाम की आरामदायक सैर, हर हरकत मायने रखती है। टहलने की खूबसूरती और सहजता इसकी सादगी में निहित है-आप आज से ही शुरूआत कर सकते हैं, इसके लिए किसी खास उपकरण की जरूरत नहीं है। अधिक सोचिए नहीं बस , अपने जूते बांधें और बाहर निकलें । हर कदम आपको ऊजार्वान बनाए रखते हुए आपके वजन घटाने के लक्ष्य के करीब ले जाएगा। जब टहलने के जरिए अपने वजन घटाने के लक्ष्य को हासिल करने की बात आती है तो आपको मनाना होगा कि सुबह या शाम को टहलना अत्यंत फायदेमंद है। दोनों ही समय के अपने-अपने अनूठे फायदे हैं और वजन घटाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं, लेकिन सबसे अच्छा विकल्प आपकी व्यक्तिगत प्राथमिकता, जीवनशैली और व्यायाम के प्रति शरीर की प्रतिक्रिया पर निर्भर करता है। सुबह टहलने से आपका मेटाबॉलिज्म शुरू होता है और आपकी आंतरिक घड़ी नियंत्रित होती है। सुबह टहलने से दिन की एक नई शुरूआत होती है, एक सकारात्मक स्वर सेट होता है और शुरूआत से ही आपका मेटाबॉलिज्म बढ़ता है। दिन की शुरूआत तेज गति से चलने से हृदय गति बढ़ सकती है और आ पका मेटाबॉलिज्म शुरू हो सकता है, जिसका मतलब है कि आप पूरे दिन तेज गति से कैलोरी बर्न करते रहेंगे। यह शुरूआती बढ़ावा न केवल कैलोरी बर्न करने में मदद करता है बल्कि आपके मूड और ऊर्जा के स्तर को भी बेहतर बनाता है, जिससे आपका दिन उत्पादक बनता है। **-डॉ. आरबी चौधरी**




स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: **BIHHIN/1999/155**, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : **news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)


# वायनाड के जमींदोज गांवों में सेना ने मोर्चा संभाला






*नई दिल्ली।* केरल के वायनाड में भूस्खलन के दूसरे दिन बुधवार को प्रभावित क्षेत्रों में तीनों सेनाओं ने पूरी तरह से मोर्चा संभाल लिया है। भूस्खलन से जमींदोज हुए गांवों में सेना की अतिरिक्त टुकड़ियों को लगातार भेजा जा रहा है, ताकि प्रभावित लोगों को सहायता पहुंचाई जा सके। सेना ने मानव निर्मित पुल और मानवीय प्रयासों का उपयोग करके अब तक एक हजार नागरिकों को बचाया है। वायु सेना के हेलीकॉप्टरों ने भी अभियान चलाकर जमीन की संकरी पट्टी में फंसे लोगों को एयरलिफ्ट किया है। नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल ने भी वायनाड में चिकित्सा दल और आपदा राहत टीम भेजी हैं। सेना की दक्षिणी कमान ने बताया कि एनडीआरएफ, राज्य बचाव दल, तटरक्षक, भारतीय नौसेना और वायु सेना के साथ भारतीय सेना की टुकड़ियां संकट से निपटने के लिए लगातार काम कर रही हैं। सेना की टुकड़ियों ने अब तक लगभग 70 शव बरामद किए हैं। वायनाड में बचाव अभियान के लिए 23 मराठा रेजिमेंट के 130 सैनिक बचाव प्रयासों में सहायता के लिए त्रिवेंद्रम से वायनाड पहुंच गए हैं। इसके अलावा दिल्ली से ब्रिजिंग परिसंपत्तियां, तीन खोजी कुत्तों के साथ भारतीय वायु सेना के परिवहन विमान सी-130 के जरिये हवाई मार्ग से कन्नूर पहुंच गई हैं। जल्द ही वायनाड के लिए सड़क मार्ग से आवाजाही शुरू करने के लिए नागरिक प्रशासन के साथ समन्वय किया जा रहा है।

## 23 को ही संभावित भूस्खलन और मौतों के बारे में चेतावनी दी गई थी : अमित शाह



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि केरल सरकार को घटना से एक सप्ताह पहले 23 जुलाई को ही संभावित भूस्खलन और मौतों के बारे में चेतावनी दी गई थी। शून्यकाल और प्रश्नकाल के बाद, राज्यसभा ने वायनाड भूस्खलन पर सार्वजनिक महत्व के मामले के रूप में चर्चा करने के लिए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लिया। उन्होंने कहा कि दक्षिणी राज्य में भारी वर्षा की भविष्यवाणी के बाद केंद्र ने एनडीआरएफ की नौ टीमें केरल भेजी थीं। विपक्ष द्वारा केंद्र सरकार के अर्ली वर्निंग सिस्टम पर सवाल उठाने को लेकर अमित शाह ने कहा कि भारत सरकार ने 23 जुलाई को केरल सरकार को अर्ली वर्निंग दे दी थी। इसके बाद 24, 25 और फिर 26 जुलाई को कहा गया कि 20 सेमी से अधिक वर्षा होगी। भारी बारिश के साथ ही भूस्खलन की संभावना है। मिट्टी भी बह कर आ सकती है। लोग इसके अंदर दबकर मर भी सकते हैं। शाह ने कहा कि केरल को जो अर्ली वार्निंग भेजी गई थी विपक्ष को उसे पढ़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि देश में कई राज्य सरकारें ऐसी हैं जिन्होंने इस प्रकार की अर्ली वार्निंग का पालन करके जीरो कॅज्युलिटी आपदा प्रबंधन किया है। ओडिशा का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि उस समय वहां नवीन पटनायक की सरकार थी। गुजरात में साइक्लोन की चेतावनी के बाद वहां कोई जनहानि नहीं हुई। उन्होंने कहा कि भारत का अर्ली वार्निंग सिस्टम दुनिया का सबसे बेहतर है। हम सात दिन पहले सभी राज्यों को अनुमान भेजते हैं। इसका आंकड़ा वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## राहुल ने की सरकार से हाईटेक कदम उठाने की मांग



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, जो कि वायनाड से सांसद भी रह चुके हैं, उन्होंने केरल में लगातार हो रही घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए सरकार से हाईटेक कदम उठाने की मांग की।

## वोट बैंक की राजनीति के कारण नहीं हटा वायनाड से अतिक्रमण : सूर्या



भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने केरल में अवैध अतिक्रमण को बड़ी समस्या बताते हुए कहा कि वर्ष 2020 में केरल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने वायनाड के लैंडस्लाइड प्रोन एरिया से 4 हजार परिवारों को हटाने का सुझाव दिया था। लेकिन, अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि केरल सरकार के एक मंत्री ने विधानसभा में यह स्वीकार किया था कि सरकार उस अवैध अतिकम्रण को इसलिए नहीं हटा पा रही है क्योंकि धार्मिक समूह का दबाव है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस के जिस सांसद थॉमस ने इस मुद्दे को उठाया था, कांग्रेस ने उसे दोबारा लोकसभा चुनाव का टिकट ही नहीं दिया। वोट बैंक की राजनीति के कारण ही वायनाड और उसके आसपास के इलाकों से अतिक्रमण नहीं हटा रहे हैं और आज केंद्र सरकार पर आरोप लगा रहे हैं।

## आज का राशिफल

**मेष** — व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।

**वृषभ** — यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी।

**मिथुन** — कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी।

**कर्क** — राजकीय कार्यों से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**सिंह** — व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे।

**कन्या** — मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी।

**तुला** — यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार है। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा।

**वृश्चिक** — मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा।

**धनु** — आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी।

**मकर** — अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

**कुम्भ** — जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

**मीन** — लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी।

## हमारी सरकार ने आठ लाख कर्मचारियों के पेंशन खाते खोले : सीएम

**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को विधान परिषद में न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) को लेकर वक्तव्य दिया। एनपीएस पर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद राज्य के करीब 8 लाख कर्मचारियों के पेंशन खाते को खोलने का कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि 2005 में जब न्यू पेंशन स्कीम लागू हुई, तब प्रदेश में मुलायम सिंह यादव के नेतृत्व में सपा की सरकार थी। वहीं, 2007 से 2012 तक बसपा और फिर 2012 से 2017 तक सपा सत्ता में थी, मगर ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक भी कर्मचारी के पेंशन खाते नहीं खोले गए। 2018 में जब ये बात हमारे संज्ञान में आई, तब हमने तत्कालीन फाइनेंस सेक्रेटरी की अध्यक्षता में कमेटी गठित की। इसमें संबंधित विशेषज्ञों को भी रखा गया। कर्मचारी संगठनों से भी चर्चा की गई। सरकार की प्राथमिकता होती है कि किसी भी सरकारी स्कीम का पैसा राष्ट्रीयकृत बैंक में ही जुड़े। इससे पहले मुख्यमंत्री ने लाल बिहारी यादव को विधान परिषद में नेता विरोधी दल बनने पर बधाई दी और चुटकी लेते हुए कहा कि आशा करता हूं कि आप हमेशा नेता विरोधी दल बने रहें।

## ईएसआईसी ने पिछले दो महीने में 1221 चिकित्सक किए नियुक्त

**नई दिल्ली।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने पिछले दो महीने में 1,221 चिकित्सक (डॉक्टर) नियुक्त किए हैं। इनमें 860 जनरल ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर (जीडीएमओ), 330 सहायक प्रोफेसर और 31 विशेषज्ञों की नियुक्ति शामिल है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि ईएसआईसी ने बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पिछले दो माह में 1,221 चिकित्सक (डॉक्टर) नियुक्त किए हैं। मंत्रालय ने बताया कि इसके अलावा नर्सिंग कैडर में 1,930 पदों को भरने के लिए संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने परीक्षा आयोजित की है।

## देश के 33 में से 19 कौशल प्रशिक्षण संस्थान महिलाओं के लिए : जयंत चौधरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



देश के 33 में से 19 राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (एनएसटीआई) विशेष रूप से महिलाओं के लिए हैं। ये महिला एनएसटीआई शिल्प प्रशिक्षक प्रशिक्षण योजना (सीआईटीएस) के तहत 19 पाठ्यक्रमों के साथ-साथ शिल्पकार प्रशिक्षण योजना (सीटीएस) के तहत 23 पाठ्यक्रम प्रदान करती हैं। यह जानकारी कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी ने आज राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में दी। जयंत चौधरी ने यह भी बताया कि महिला एनएसटीआई सीटीएस और सीआईटीएस दोनों में महिला प्रशिक्षुओं को कंप्यूटर ऑपरेटर और प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (सीओपीए), इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, आर्किटेक्चरल ड्राफ्ट्समैन, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन, डेस्कटॉप पब्लिशिंग ऑपरेटर आदि जैसे ट्रेडों में पाठ्यक्रम भी प्रदान करती है।

## आरएसएस राष्ट्र सेवा में लगा संगठन : राज्यसभा सभापति

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को देशसेवा में कार्य करने वाला संगठन बताया और कहा कि ऐसे संगठन के खिलाफ बोलना संविधान की आलोचना करने के समान है। संगठन को भारतीय संविधान के तहत अपना कार्य करने का अधिकार मिला है। राज्यसभा में समाजवादी पार्टी के नेता रामजीलाल सुमन की आरएसएस पर की गई टिप्पणी पर सभापति ने आपत्ति जताते हुए यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि वे पहले ही आरएसएस के बारे में कह चुके हैं।

**व्यापार/लाइफ व साइंस**

## आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर जून में घटकर चार फीसदी रही

**एजेंसी। नई दिल्ली**



अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर झटका देने वाली खबर है। देश के प्रमुख बुनियादी उद्योगों की रफ्तार धीमी पड़ गई है। जून में आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की उत्पादन की वृद्धि दर नरम पड़कर 4 फीसदी रह गई है। इससे पिछले महीने मई में इन प्रमुख उद्योगों की वृद्धि की रफ्तार 6.3 फीसदी थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को जारी एक बयान में बताया कि कच्चे तेल और रिफाइनरी उत्पादों का प्रोडक्शन घटने से जून में आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की उत्पादन दर नरम पड़कर 4 फीसदी रही है। मंत्रालय के मुताबिक जून महीने में इन प्रमुख उद्योगों की वृद्धि दर सालाना और मासिक दोनों आधार पर घटी है। मई, 2024 में प्रमुख क्षेत्रों का उत्पादन 6.3 फीसदी बढ़ा था, जबकि जून, 2023 में इसकी वृद्धि दर 8.4 फीसदी रही थी। आंकड़ों के मुताबिक जून में कच्चे तेल और रिफाइनरी उत्पादों के प्रोडक्शन में क्रमशः 2.6 फीसदी और 1.5 फीसदी की गिरावट आई है। इस दौरान प्राकृतिक गैस, उर्वरक, इस्पात और सीमेंट के उत्पादन की वृद्धि दर क्रमशः 3.3 फीसदी, 2.4 फीसदी, 2.7 फीसदी और 1.9 फीसदी तक सीमित रह गई। हालांकि, जून महीने में कोयला और बिजली के उत्पादन में क्रमशः 14.8 फीसदी और 7.7 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। मंत्रालय के मुताबिक चालू वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-जून तिमाही में इन आठ प्रमुख उद्योगों का उत्पादन 5.7 फीसदी बढ़ा है, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह छह फीसदी

## दिल्ली के डॉक्टरों ने ई-सीपीआर तकनीक से बच्ची को दिया जीवनदान

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में डॉक्टरों की एक टीम ने अत्याधुनिक ई-सीपीआर (एक्स्ट्राकोर्पोरियल कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) का उपयोग कर 11 वर्षीय एक लड़की को जीवनदान दिया। लड़की को सीने में तेज दर्द की शिकायत के साथ अस्पताल लाया गया। जिसे दो अलग-अलग आपातकालीन कक्षों में पेट की समस्या बताकर दवा दे दी गई। मरीज को हर बार पाचन संबंधी समस्या की दवा देकर जाने को कहा गया। मगर उसकी हालत लगातार बिगड़ती चली गई। अस्पताल में भर्ती होने के बाद शुरू में उसकी हालत स्थिर लग रही थी, लेकिन इकोकार्डियोग्राम और हृदय जांच से पता चला।

## निवेशकों को 1.81 लाख करोड़ का मुनाफा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

*सेंसेक्स पहली बार 81,700 अंक के ऊपर और निफ्टी 24,950 अंक के ऊपर बंद*

घरेलू शेयर बाजार आज लगातार चौथे कारोबारी दिन बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहा। सेंसेक्स आज पहली बार 81,700 अंक के ऊपर और निफ्टी 24,950 अंक के ऊपर बंद हुए। आज सुबह बाजार मामूली तेजी के साथ खुला था। पूरे दिन के कारोबार के दौरान लिवालों और बिकवालों के बीच की खींचतान जारी रहने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी की चाल भी लगातार ऊपर नीचे होती रही। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.35 प्रतिशत और निफ्टी 0.38 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आज के कारोबार के दौरान हेल्थ केयर, पावर, फार्मास्यूटिकल और मेटल सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। इसके साथ ही यूटिलिटी, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, एफएमसीजी, ऑयल एंड गैस, टेक और ऑटोमोबाइल इंडेक्स में भी बढ़त बनी रही। दूसरी ओर रियल्टी और पीएसयू बैंक सेक्टर में आज लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में आज मिला-जुला कारोबार होता रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.86 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर स्मॉल कैप इंडेक्स 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। आज बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में पौने दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई।

## रियलमी 13 प्रो 5 जी में भरपूर स्टोरेज कैपेसिटी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

स्मार्टफोन का इस्तेमाल पहले से काफी बदल गया है। पहले हमें सोच-समझकर फोटो चुनने पड़ते थे, लेकिन अब हम बड़े-बड़े ऐप्स आसानी से डाउनलोड कर सकते हैं। यह बदलाव हमारे डिजिटल जीवन के तेजी से विकास को दिखाता है। स्मार्टफोन की स्टोरेज भी बढ़कर मेगाबाइट्स से गिगाबाइट्स और अब टेराबाइट्स तक पहुंच गई है। यह बदलाव सोशल मीडिया, गेमिंग और यहां तक कि प्राइमरी कंप्यूटिंग डिवाइस के रूप में स्मार्टफोन पर हमारी निर्भरता पर आधारित है, जो जरूरी स्टोरेज कैपेसिटी की मांग करते हैं। आज के स्मार्टफोन यूजर्स स्टोरेज लिमिट के बारे में चिंता किए बिना क्रिएट, डाउनलोड करने और एक्सप्लोर करने पर ध्यान देते हैं। वे बेहतरीन डिजिटल एक्सपीरियंस चाहते हैं। रियलमी समझता है कि लोगों को ज्यादा स्टोरेज की जरूरत है, इसलिए उसने अपने नए फोन में ज्यादा स्टोरेज देने का फैसला किया है। उसके नए 13 प्रो सीरीज 5जी फोन में कम से कम 512 जीबी स्टोरेज होगी, ताकि लोगों को अपने फोन में ज्यादा चीजें स्टोर करने में परेशानी न हो।

## भारत आपूर्ति श्रृंखला परिषद का उपाध्यक्ष चुना गया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत को आपूर्ति श्रृंखला परिषद का उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। ये परिषद इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क (आईपीईएफ) के 14 सदस्यीय आईपीईएफ ब्लॉक द्वारा गठित तीन निकायों में से एक है। इसका उद्देश्य क्षेत्र में सहयोग, स्थिरता तथा समृद्धि में योगदान देना है। आईपीईएफ में सहयोग के चार स्तंभ व्यापार, आपूर्ति श्रृंखला लचीलापन, स्वच्छ अर्थव्यवस्था और निष्पक्ष अर्थव्यवस्था है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि भारत को आपूर्ति श्रृंखला परिषद का उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। भारत और आईपीईएफ के 13 अन्य साझेदारों ने आपूर्ति श्रृंखला को जुझारू बनाने के आईपीईएफ के समझौते के तहत तीन निकायों की स्थापना की है। ये समझौता इस साल फरवरी में लागू हुआ। मंत्रालय के मुताबिक आपूर्ति श्रृंखला परिषद (एससीसी), संकट प्रतिक्रिया नेटवर्क (सीआरएन) और श्रम अधिकार सलाहकार बोर्ड (एलआरएबी) की उद्घाटन आभासी बैठकों ने क्षेत्र में आपूर्ति श्रृंखला लचीलेपन को मजबूत करने के लिए भागीदार देशों के बीच सहयोग के लिए एक बड़ा कदम आगे बढ़ाया है।

# लक्ष्य सेन ने तीसरी सीड जोनाथन क्रिस्टी को चौंकाया, अंतिम-16 में पहुंचे



एजेंसी

**पेरिस।** लक्ष्य सेन ने पेरिस ओलंपिक में अपने अंतिम ग्रुप एल पुरुष एकल मैच में तीसरी वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई जोनाथन क्रिस्टी को 21-18, 21-12 से हरा दिया और अंतिम 16 में पहुंच गए। खराब शुरुआत के बावजूद, जिसमें भारतीय खिलाड़ी पहले गेम में 2-8 से पिछड़ रहा था, सेन ने गेम को पलटने के लिए गहरी कोशिश की और वापसी करते हुए स्कोर 10-ऑल से बराबर कर दिया। उतार-चढ़ाव भरे मुकाबले में दोनों शटलर 18-18 से बराबरी पर थे, लेकिन सेन ने आगे बढ़कर पहले गेम में 21-18 से जीत हासिल कर ली। 22 वर्षीय खिलाड़ी ने अपनी आक्रामक खेल शैली जारी रखी और दुनिया के चौथे नंबर के शटलर द्वारा खेल में वापस आने के किसी भी प्रयास का शानदार ढंग से बचाव किया और दूसरे गेम में 21-12 से जीत के साथ मैच को अपने नाम कर लिया। इस जीत ने प्री-क्वार्टर फाइनल राउंड में लक्ष्य का स्थान पक्का कर दिया, जहां उनका सामना हमवतन एच.एस प्रणय से हो सकता है, अगर प्रणय बाद में दिन में वियतनामी शटलर ले डक फाट के खिलाफ मैच जीत जाते हैं। महिला एकल वर्ग में भारत की पदक उम्मीद, पीवी सिंधु सेन के मैच से पहले एक्शन में थीं, जहां उन्होंने एस्टोनिया की क्रिस्टिन कुबा को आसानी से 21-5, 21-10 से हराया और ग्रुप एम में शीर्ष पर रहकर 16वें राउंड में जगह बनाई।

## सिंधु ने क्रिस्टिन कुबा को हराकर ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया

### प्री-क्वार्टर में जगह पक्की की

एजेंसी

**पेरिस।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने 2024 पेरिस खेलों में बुधवार को महिला एकल ग्रुप एम मैच में एस्टोनिया की क्रिस्टिन कुउबा को 21-5, 21-10 से हराया। सिंधु ने केवल 34 मिनट में जीत हासिल कर ली और दो जीत के साथ ग्रुप में शीर्ष पर रहकर अंतिम 16 चरण में आगे बढ़ गईं। अपने शुरुआती मैच में, शीर्ष भारतीय ने मालदीव के फातिमाथ नबाहा अब्दुल रज्जाक को हराया था। सिंधु, जो अपना लगातार तीसरा ओलंपिक खेल रही हैं, ग्रीष्मकालीन खेलों से कभी खाली हाथ नहीं लौटी हैं, उन्होंने टोक्यो खेलों में कांस्य पदक जीतने से पहले रियो 2016 में अपने पहले खेलों में रजत पदक जीता था।

> अपने शुरुआती मैच में, शीर्ष भारतीय ने मालदीव के फातिमाथ नबाहा अब्दुल रज्जाक को हराया था।



## दीपिका कुमारी महिलाओं की व्यक्तिगत तीरंदाजी में राउंड ऑफ 32 में पहुंचीं



**पेरिस।** टीम प्रतियोगिता की निराशा को दूर करते हुए भारत की दीपिका कुमारी मंगलवार को यहां इनवैलिड्स एरेना में महिलाओं की व्यक्तिगत तीरंदाजी स्पर्धा में एस्टोनिया की रीना परनाट को 6-5 से हराकर राउंड ऑफ 32 में पहुंच गईं। दीपिका अपनी निरंतरता से अच्छी दिखीं और रीना के खिलाफ पहला सेट 29-28 से जीत लिया। लेकिन जल्द ही एस्टोनियाई ने वापसी की और दूसरे सेट (27-26) में जीत के साथ बराबरी कर ली। हालाँकि, दीपिका ने जल्द ही 6-5 से जीत (29-28, 26-27, 27-27, 24-27, 30-27, 9-8 एसओ) के साथ मैच बंद कर दिया।

## बलराज पंवार पुरुष एकल स्कल्स सी/डी सेमीफाइनल में छठे स्थान पर रहे

**वैरेस-सुर-मार्ने।** भारत के एकमात्र रोवर बलराज पंवार मौजूदा पेरिस ओलंपिक में वैरेस-सुर-मार्ने नॉटिकल स्टेडियम में पुरुष एकल स्कल्स सेमीफाइनल सी/डी में 7:04.97 का समय लेकर छठे स्थान पर रहे। छठे स्थान पर रहने के कारण पंवार अंतिम डी में पहुंच गए, जो कि उनकी रैंकिंग को 19वें से 24वें स्थान तक सुनिश्चित करने के लिए एक वर्गीकरण कार्यक्रम है, और शुक्रवार को होगा। पहली हीट में चौथे और दूसरे रेपेचेज राउंड में दूसरे स्थान पर रहने के बाद खेलों में उनका प्रदर्शन अच्छा रहा, लेकिन क्वार्टर फाइनल में 7:05.10 के समय के साथ पांचवें स्थान पर रहने के बाद वह पदक की दौड़ से बाहर हो गए।

## श्रीजा टेबल टेनिस महिला एकल प्री-क्वार्टर फाइनल में मनिका के साथ शामिल हुईं

एजेंसी

**पेरिस।** भारत की श्रीजा अकुला ने पेरिस 2024 ओलंपिक में महिला एकल राउंड 32 टेबल टेनिस मैच में सिंगापुर की पैडलर ज़ेंग जियान को हराया और महिला एकल प्री-क्वार्टर फाइनल में हमवतन मनिका बत्रा के साथ शामिल हो गईं। भारत की शीर्ष रैंकिंग वाली एकल खिलाड़ी श्रीजा ने बुधवार को साउथ पेरिस एरेना में 51 मिनट में 4-2 (9-11, 12-10, 11-4, 11-5, 10-12, 12-10) से जीत दर्ज की। श्रीजा ओलंपिक में राउंड 16 में जगह बनाने वाली केवल दूसरी भारतीय टेबल टेनिस एकल खिलाड़ी बनीं। 12:30 बजे (गुरुवार) होने वाले राउंड ऑफ 16 मैच में उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त सुन यिंग्शा से होगा। अपना 26वां जन्मदिन मना रही भारतीय पैडलर शुरुआती गेम हार गई लेकिन उसने तुरंत खुद को फिर से संगठित किया और अगले तीन गेम अपने नाम कर लिए। जहां ज़ेंग ने वापसी करते हुए पांचवां गेम जीत लिया, वहीं अकुला ने छठे गेम में मैच अपने नाम करने के लिए साहस बनाए रखा।



## सीन नदी के गुणवत्ता परीक्षण पास करने के बाद ट्रायथलॉन प्रतियोगिताएं आगे बढ़ेंगी

एजेंसी

**पेरिस।** ओलंपिक महिला और पुरुष ट्रायथलॉन स्पर्धाएं बुधवार को होंगी, क्योंकि हाल के परीक्षणों से पता चला है कि सीन नदी प्रतिस्पर्धा के लिए काफी साफ है। पुरुषों का कार्यक्रम मंगलवार सुबह होने वाला था, लेकिन सीन के पानी की गुणवत्ता के कारण, ट्रायथलीटों को सूचित किया गया कि कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। पेरिस 2024 के आयोजकों और वर्ल्ड ट्रायथलॉन ने कहा, "तड़के 3.20 बजे प्राप्त नवीनतम जल विश्लेषण के परिणामों को वर्ल्ड ट्रायथलॉन द्वारा अनुपालन के रूप में मूल्यांकन किया गया है, जिससे ट्रायथलॉन प्रतियोगिताओं को आयोजित करने की अनुमति मिलती है। महिला ओलंपिक ट्रायथलॉन कार्यक्रम योजना के अनुसार सुबह 8 बजे (सीईटी) शुरू होगा। प्रारंभ में उसी समय मंगलवार के लिए निर्धारित किया गया था, पुरुषों का कार्यक्रम उसके बाद सुबह 10:45 बजे (सीईटी) शुरू होगा। मंगलवार को पुरुषों के कार्यक्रम को स्थगित करने से पहले, रविवार और सोमवार को प्रशिक्षण रद्द करना पड़ा क्योंकि पिछले शुक्रवार और शनिवार को उद्घाटन समारोह के दौरान भारी बारिश के कारण सीन नदी गंदी हो गई थी।



# मैंने अपनी टीम से कहा था कि मैं इस तरह के बहुत सारे मैच देख चुका हूं : सूर्यकुमार

एजेंसी

**पल्लेकेले।** भारत और श्रीलंका के बीच हुए तीसरे टी20 के दौरान एक समय पर श्रीलंका को 30 गेंदों में सिर्फ़ 30 रनों की ज़रूरत थी। इसके बावजूद भारतीय टीम श्रीलंका को हराने में सफल रही। टी20 विश्व कप के फ़ाइनल की तरह ही भारत की इस जीत में भी सूर्यकुमार यादव ने फिर से एक अदभुत कारनामा किया। हालांकि इस बार सूर्या ने बल्लेबाज़ी या क्षेत्ररक्षण में नहीं बल्कि गेंद के साथ अपना करतब दिखाया। आख़िरी ओवर में श्रीलंका को जीत के लिए सिर्फ़ छह रनों की ज़रूरत थी और सूर्या ने गेंदबाज़ी की जिम्मेदारी लेते हुए, दो विकेट झटके और सिर्फ़ पांच ही रन दिए, जिससे मैच सुपर ओवर में पहुंच गया। इस टी20 सीरीज़ में श्रीलंका की बल्लेबाज़ी काफ़ी लचर रही है। जहां उनकी शुरुआत तो काफ़ी दमदार रहती है लेकिन वह अचानक से गुच्छों में विकेट गंवा देते हैं। पहले टी20 में उन्होंने सिर्फ़ 30 रनों के भीतर ने अपने नौ विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद वाले मैच में उन्होंने 31 रनों के भीतर सात विकेट और अंतिम मैच में उन्होंने 22 रनों के भीतर सात विकेट गंवा दिए। पहले दो मैचों की तुलना में तीसरे टी20 का माज़रा तो बिल्कुल ही अलग था। पहले दो मैचों में भारत के मुख्य गेंदबाज़ों ने विकेट निकाले थे लेकिन तीसरे टी20 में सूर्या और रिंकू सिंह ने चार विकेट निकाल दिए। रिंकू ने अपने पूरे टी20 करियर में सिर्फ़ 60 गेंदें फेंकी हैं और सूर्या ने पिछले पांच साल में घरेलू क्रिकेट और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सिर्फ़ दो बार गेंदबाज़ी की है। मैच जीतने के बाद सूर्या ने कहा, "मैच के अंतिम दो ओवरों से भी ज़्यादा महत्वपूर्ण यह है था कि 30 के स्कोर पर चार और 48 के स्कोर पर पांच विकेट गंवाने के बाद हमारे खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल दिखाया और खेल को विपक्षी टीम की पहुंच से दूर ले गए।

## टी20 में कोहली, बाबर के बाद सूर्या के नाम ये बड़ा रिकॉर्ड

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव के शानदार प्रदर्शन ने उन्हें क्रिकेट के शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल कर दिया है, जो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में सबसे अधिक प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड जीतने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में शामिल हो गए हैं। भारतीय टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव के नाम पांच प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड है, जबकि उनके आगे पूर्व कप्तान विराट कोहली हैं, जिनके नाम छह अवॉर्ड है। सूर्यकुमार की उपलब्धि उन्हें पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम, बांग्लादेश के शाकिब अल हसन और ऑस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर की बराबरी पर पहुंचाती है। अपने नाम 71 टी20 के साथ, उन्होंने 42.67 की प्रभावशाली औसत से 2432 रन बनाए हैं। श्रीलंका के खिलाफ हाल ही में हुई टी20 सीरीज में सूर्या ने अपने नेतृत्व कौशल को प्रदर्शित किया, जहां उन्होंने सीरीज 3-0 से जीती और दो विकेट लेने के अलावा कुल 92 रन बनाए। मंगलवार को पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया फाइनल मैच रोमांचक रहा, जिसमें भारत ने सुपर ओवर में मैच जीतने के लिए काफी मशक्कत की। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने श्रीलंका को तीसरे टी20 मैच में जीत के लिए 138 रनों का टारगेट दिया था। भारत की ओर से ओपनर शुभमन गिल ने सर्वाधिक 39 रनों की पारी खेली। जवाब में श्रीलंका भी 20 ओवर में 8 विकेट पर 137 रन ही बना सका और मैच टाई हो गया।



## मुझे पता ही नहीं था कि मैं सुपर ओवर में गेंदबाज़ी करूंगा : वॉशिंगटन



**पल्लेकेले।** तीसरे टी20 में श्रीलंका को जीत के लिए आख़िरी 12 गेंदों में सिर्फ़ नौ रनों की ज़रूरत थी। भारत के पास गेंदबाज़ी के लिए मोहम्मद सिराज का विकल्प मौजूद था, जिन्होंने अपने स्पेल के पहले तीन ओवरों में सिर्फ़ 11 रन दिए थे। इसके अलावा भारत के पास 20वें ओवर के लिए खलील अहमद का भी विकल्प मौजूद था। उस वक़्त कुसल परेरा मैदान पर मौजूद थे और कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अचानक से गेंद रिंकू सिंह को थमा दी। इससे पहले रिंकू ने कभी भी टी20 में गेंदबाज़ी नहीं की थी। हालांकि सूर्या की यह रणनीति काम कर गई।

# यूएई में वनडे सीरीज के लिए द.अफ्रीका की मेजबानी करेगा अफगानिस्तान

एजेंसी

**जोहान्सबर्ग।** अफगानिस्तान 18 से 22 सितंबर तक यूएई में तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी करेगा। ये वनडे सीरीज दोनों टीमों के बीच पहली द्विपक्षीय सीरीज है, जिसके तीनों मैच शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। दक्षिण अफ्रीका ने 2019 और 2023 में पिछले दो आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के दौरान वनडे क्रिकेट में दो मौकों पर अफगानिस्तान का सामना किया है। ये सीरीज पिछले महीने त्रिनिदाद और टोबैगो में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका द्वारा अफगानिस्तान को हराने के बाद से उनका पहला मुकाबला होगा। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के चेयरमैन लॉसन नायडू ने बुधवार को अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के साथ जारी एक संयुक्त बयान में कहा, "हम अफगानिस्तान के साथ इस ऐतिहासिक वनडे सीरीज को शुरू करने के लिए उत्साहित हैं, जो आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 और हाल ही में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 में अपने हालिया प्रदर्शन से एक बहुत ही प्रतिस्पर्धी ऑलराउंड टीम बन गई है। यह हमारे क्रिकेट संबंधों को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण पल होगा।



**ऐसा होगा शेड्यूल**

- **बुधवार, 18 सितंबर:** अफगानिस्तान बनाम दक्षिण अफ्रीका, शारजाह क्रिकेट स्टेडियम, यूएई
- **शुक्रवार, 20 सितंबर:** अफगानिस्तान बनाम दक्षिण अफ्रीका, शारजाह क्रिकेट स्टेडियम, यूएई
- **रविवार, 22 सितंबर:** अफगानिस्तान बनाम दक्षिण अफ्रीका, शारजाह क्रिकेट स्टेडियम, यूएई

## स्वप्निल कुसाले ने पुरुष राइफल 50 मी 3पी फाइनल के लिए क्वालीफाई किया

एजेंसी

**चेटौरौक्स।** भारत के स्वप्निल कुसाले ने पेरिस ओलंपिक में क्वालीफिकेशन में सातवें स्थान पर रहने के बाद 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन पुरुषों के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। कुसाले ने 60-शॉट क्वालीफाइंग राउंड में 38 इनर 10 सहित कुल 590 अंक बनाए। उन्होंने घुटने टेककर 99 के दो प्रभावशाली स्कोर के साथ शुरुआत की और एक ठोस आधार तैयार किया। उन्होंने प्रोन पोजीशन में अपना फॉर्म बरकरार रखा और 98 और 99 का स्कोर किया। फाइनल स्टैंडिंग पोजीशन में थोड़ी गिरावट के बावजूद, जहां उन्होंने 98 और 97 का स्कोर पोस्ट किया, कुसाले की कुल संख्या फाइनल में उनकी जगह पक्की करने के लिए पर्याप्त थी। दूसरी ओर, साथी भारतीय निशानेबाज ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर फाइनल में जगह बनाने से चूक गए। तोमर ने क्वालिफिकेशन राउंड को 589 अंकों (33 इनर 10 के साथ) के साथ 11वें स्थान पर समाप्त किया। स्टैंडिंग पोजीशन में चुनौतीपूर्ण पहली सीरीज़ तक तोमर शीर्ष-आठ में जगह बनाने की दौड़ में थे, जहाँ उन्होंने 95 का स्कोर किया, अंततः उनकी संभावनाएँ पटरी से उतर गईं। क्वालिफिकेशन राउंड में चीन के लियू युकुन का दबदबा रहा, जिन्होंने 594 के प्रभावशाली स्कोर के साथ ओलंपिक क्वालीफिकेशन रिकॉर्ड बनाया। हालांकि, घटनाओं के एक आश्चर्यजनक मोड़ में, उनके हमवतन डु लिंशु, जिनके पास विश्व क्वालीफिकेशन रिकॉर्ड है।



## महिलाओं के तीसरे राउंड के साथ सर्फिंग स्पर्धाएं फिर से शुरू होने की संभावना

**ताहिती।** पेरिस ओलंपिक में सर्फिंग स्पर्धाएं, जिन्हें मंगलवार को स्थगित कर दिया गया था, बुधवार को दोपहर 12:00 बजे जीएमटी (5:30 बजे भारतीय समयानुसार) पर महिलाओं के राउंड 3 के साथ फिर से शुरू होने की संभावना है। आयोजकों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इवेंट होगा या नहीं, इस पर अगली कॉल बुधवार को 10:15 जीएमटी (3:45 बजे भारतीय समयानुसार) पर आएगी। "इस बुधवार, 31 जुलाई को दोपहर में ताहिती में (फ्रांसीसी आधी रात) 8वें फाइनल महिलाओं के साथ प्रतियोगिता की बहाली संभव है। निर्णय बुधवार सुबह (जीएमटी) ताहिती में (पेरिस में शाम) को किया जाएगा। फ्रेंच सर्फिंग फेडरेशन ने एक बयान में कहा, "सोमवार दोपहर को आई तेज लहर से पूरे दिन 30मी50 से अधिक की लहरें उत्पन्न होने की उम्मीद है, जबकि सुबह की तटवर्ती हवा दोपहर के आसपास दक्षिण-पूर्व (पार तट) क्षेत्र में पहुंचने की उम्मीद है।

# बच्चों को सरस्वती वंदना करने से रोकने पर शिक्षकों में नोंक-झोंक





### सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश

मालूम हो कि बीते 2017 में पुलवामा में आतंकवादियों के हमले में शहीद हुए जवानों का जश्न मनाने का आरोप शिक्षक शेख तौहीद के उपर लगा था, उस समय उक्त शिक्षक द्वारा शहीद जवानों को लेकर आपत्तिजनक शब्द बोलते हुए विद्यालय में बच्चों के बीच मिठाईयां भी बांटी थी। मामला तूल पकड़ने पर काफी हो हंगामा होने के बाद भी उनके विरुद्ध किसी प्रकार की कोई विभागीय कार्रवाई नही किया गया था, साथ ही विद्यालय में प्रायः छात्र छात्राओं को प्रार्थना एवं सरस्वती वंदना करने से रोकने तथा विद्यालय में सरस्वती पूजा का विरोध करते रहे है। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रेमकुमार यादव, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष छवि कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष सुशीला देवी ने शिक्षक शेख तौहीद पर विद्यालय में धार्मिक उन्माद फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि कई मर्तबा विद्यालय में इनके द्वारा ऐसे कार्य किया गया,जिसमें प्रशासनिक तथा समाजिक पंचायत के तहत मामला शांत कराया गया, लेकिन शिक्षक अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहें हैं।

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर ।** प्रखंड के मकरी पंचायत के धंगरडीहा स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में पदस्थापित सहायक शिक्षक शेख तौहीद द्वारा बुधवार के सुबह विद्यालय में प्रार्थना के दौरान बच्चो को सरस्वती वंदना करने से रोकने तथा साउंड सिस्टम तोड़े जाने से मामला सांप्रदायिक रंग ले लिया। इस दौरान शेख तौहीद के साथ विद्यालय के अन्य शिक्षकों में काफी नोंक झोंक भी हुआ। विद्यालय में सरस्वती वंदना रोक जाने की सूचना पर बजरंग दल तथा विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों ने विद्यालय पहुंचकर उक्त शिक्षक के प्रति आक्रोश जताया तथा समाज में धार्मिक उन्माद फैलाने को लेकर उक्त शिक्षक को अविलंब बर्खास्त करने की मांग करने लगे। उधर, किसी अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, एएसआई नारायण यादव पुलिस बल के साथ विद्यालय पहुंचे तथा उक्त शिक्षक को हिरासत में लेकर थाना लाया। जहां पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रेम कुमार यादव और बजरंग दल के द्वारा उक्त शिक्षक पर विद्यालय में धार्मिक उन्माद फैलाने का आरोप लगाते हुए कारवाई के लिए आवेदन दिया गया। जिसपर थाना प्रभारी ने आवेदन के आलोक में वरीय पदाधिकारी को पत्राचार करने की बात कही।

### क्या है, मामला

जानकारी के अनुसार उत्क्रमित मध्य विद्यालय धंगरडीहा में बुधवार के सुबह प्रार्थना के बाद बच्चे सरस्वती वंदना कर रहे थे, तभी विद्यालय के ही सहायक शिक्षक शेख तौहीद बच्चो से कहा कि मेरे रहते इस विद्यालय में सरस्वती वंदना तो क्या कोई भी हिंदू देवी देवताओं का पूजा पाठ नही होगा, जब बच्चे नहीं माने तो उक्त शिक्षक ने सरकारी साउंड सिस्टम को पटक दिया। यह देख विद्यालय के ही सहयोगी शिक्षक निशीथ यादव ने उन्हें ये सब करने से रोकना चाहा तो शिक्षक शेख तौहीद उनसे धक्का मुक्की करते हुए अल्ला हू अकबर, नारे तकबीर जैसे धार्मिक उद्घोष करने लगे। मामले को बढ़ता देख विद्यालय के एचएम द्वारा इसकी सूचना बीईईओ तथा स्थानीय थाने को दी।

### घटना की आशंका को देखते हुए थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, एएसआई नारायण यादव पुलिस बल के साथ विद्यालय पहुंचे

## एक नजर

### सांप काटने से युवक की मौत

**पाटन।** थाना क्षेत्र के धनगाई गांव के मोती महरा के 45 वर्षीय पुत्र सागर महरा की सांप के काटने के कारण मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सागर महरा बिहार के भभुआ मोहनिया काम करने गया था। सोमवार की रात्रि में सोने के क्रम में मच्छरदानी में लिपटा जहरीला सांप ने उसे काट लिया। वहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिजनों को जानकारी देते हुए ठेकेदार ने शव को गांव भेजा। परिजनों द्वारा उसे पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच लाया गया।

### झोला छाप डॉक्टर गया जेल

**नीलांबर-पीतांबरपुर।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम राजपुर निवासी विजय साव, पिता हरिहर साव को लेस्लीगंज थाना पुलिस ने गुरूवार को प्राथमिक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बताते चलें कि अभियुक्त विजय साव झोलाछाप के डॉक्टरी के माध्यम से मरीजों को इलाज करता था। इसी क्रम में 2022 में एक महिला को गलत इंजेक्शन लगा दिया था। महिला को इंजेक्शन देने के साथ ही मौत हो गई थी। इसके बाद महिला के परिजनों ने तत्काल लेस्लीगंज थाना में लिखित आवेदन दिया था। मामला दर्ज होने के बाद से अभियुक्त पुलिस को चकमा देकर भागा फिर रहा था। लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर उक्त अभियुक्त को पकड़ा गया एवं अग्रेतर कार्यवाही करते हुए न्यायिक हिरासत भेजा गया है।

### बिजली विभाग की लापरवाही से दो दिनों से ग्रामीण क्षेत्रों में अंधेरा

**पाटन।** प्रखंड क्षेत्र में बिजली विभाग के लापरवाही से बिजली का संकट झेल रहे हैं ग्रामीण। दो दिनों से गहर पत्थरा ग्रिड से संपर्क टूट जाने से गांव अंधेरे में हैं। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को अंधेरे में रहना काफी कष्ट दायक पड़ रहा हैं। ग्रामीण क्षेत्र के लोग अधिकांश बिजली पर ही निर्भर रहते हैं। गहर पत्थरा ग्रिड से करीब 15 गांव के लोग बिजली जलाते हैं। ग्रामीण क्षेत्र मे पढ़ने वाले विद्यार्थियों पर भी पठन पाठन का असर होता है। बिजली विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों पर कानूनी कार्रवाई कर बिजली की उगाही की जाती है। बरसात के दिनों में ग्रामीण क्षेत्र में बिजली की नसीब नहीं होती है। दो तीनों दिनों से क्षेत्र में बिजली गुल होने पर किसान को भी काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। लोग मोबाइल चार्ज के लिए इधर से उधर भटक रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में बिजली के तार गिरने पर भी विभाग मौन बना रहता है। ग्रामीण अपने खर्च कर मेहनत, प्रयास से बिजली की मरम्मत कराते है। कोई बिजली कर्मी बिजली का मरम्मत करने नहीं पहुंचते है। जिससे ग्रामीण क्षेत्र में बिजली विभाग के प्रति ग्रामीणों में आक्रोश है।

## महिला सशक्तिकरण को लेकर शुरू की गई मुख्यमंत्री माईयां सम्मान योजना



नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** झारखंड सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण को लेकर शुरू की गई मुख्यमंत्री माईयां सम्मान योजना के क्रियान्वयन को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी अदिति गुप्ता ने प्रखंड के सभी पंचायतों में शिविर के लिये अलग अलग तिथि निर्धारित करते हुये नोडल पदाधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया है इस योजना के तहत 21 वर्ष से लेकर 50 वर्ष की महिलाओं को झारखंड सरकार रोजमर्रा की जरूरत को ध्यान में रखते हुए 1000 रुपये प्रतिमाह बैंक खाते में डालेगी। निर्धारित तिथि के अनुसार कुंबा खुर्द व बिलासपुर पंचायत सचिवालय में तीन अगस्त को, हलीवन्ता कला व पिपरडीह पंचायत सचिवालय में 4 अगस्त को, चितविश्राम एवं नरही पंचायत सचिवालय में 5 अगस्त को, कुशदण्ड एवं हुलहुला खुर्द पंचायत सचिवालय में 6 अगस्त को, गरबाँध एवं भोजपुर पंचायत सचिवालय में 7 अगस्त को, कधवन एवं कोलझिकि पंचायत सचिवालय में 8 अगस्त को शिविर लगाकर 21 से 50 वर्ष की महिलाओं से फॉर्म जमा कराया जायेगा। शिविर के सफल आयोजन के लिये कुम्बा खुर्द पंचायत सचिवालय में जनसेवक ज्ञानचंद केशरी, बिलासपुर पंचायत सचिवालय में प्रखंड समन्वयक पंचायती राज कौशल कुमार, हलीवन्ता पंचायत सचिवालय में जन सेवक विकास कुमार, पिपरडीह पंचायत सचिवालय में कनीय अभियंता रविंद्र मिंज, चितविश्राम पंचायत सचिवालय में जनसेवक ज्ञान केशरी,नरही पंचायत भवन में प्रखंड समन्वयक पंचायती राज कौशल कुमार, कुशदण्ड पंचायत सचिवालय में जनसेवक विकास कुमार, हुलहुला खुर्द पंचायत सचिवालय में कनीय अभियंता रविन्द्र मिंज,गरबाँध पंचायत सचिवालय में जनसेवक ज्ञान केशरी, भोजपुर पंचायत सचिवालय में प्रखंड समन्वयक पंचायती राज कौशल कुमार, कधवन पंचायत सचिवालय में जनसेवक विकास कुमार, कोलझिकि पंचायत सचिवालय में कनीय अभियंता रविन्द्र मिंज को नोडल पदाधिकारी प्रतिनियुक्ति किया गया है।

साबुन, डिटेर्जेन्ट पाउडर व फिनाइल प्रशिक्षण का समापन

## उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिया गया ट्रेनिंग: निदेशक



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत 13 दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान साबुन, डिटेर्जेन्ट पाउडर व फिनाइल प्रशिक्षण का समापन मौके पर संस्था के निदेशक इंदु भूषण लाल,फैकल्टी मिथलेश कुमार सिंह, पंकज कुमार वर्मा ने प्रतिभागियों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण कर किया गया। इस मौके पर संस्था के निदेशक इंदु भूषण लाल ने कहा की आरसेटी की ओर से ग्रामीण क्षेत्र में इस उद्योग को बढ़ावा देने के लिए लोगो को प्रशिक्षित किया गया ताकि लोग स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़े और इस उद्योग के प्रति आकर्षित करें। आप सभी लोग प्रशिक्षण लेकर डिटेर्जेन्ट पाउडर, साबुन व फिनाइल बनाने में आपलोग दक्ष हो गए है।अब स्वरोजगार कर आप आर्थिक रूप से मजबूत बने। साथ ही उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के बीच वाशिंग पाउडर, साबुन व फिनाइल के उपयोग को बढ़ावा मिले। मिथलेश कुमार सिंह कहा कि आप सभी प्रशिक्षण प्राप्त कर हुनरमंद हो चुके है। पंकज कुमार वर्मा ने कहा कि इस तरह का प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ा जा रहा है।

## प्रखंड के सभी पंचायतों में शिविर आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** झारखंड सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण को लेकर शुरू की गई मुख्यमंत्री माईयां सम्मान योजना के क्रियान्वयन को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी अदिति गुप्ता ने प्रखंड के सभी पंचायतों में शिविर के लिये अलग अलग तिथि निर्धारित करते हुये नोडल पदाधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया है इस योजना के तहत 21 वर्ष से लेकर 50 वर्ष की महिलाओं को झारखंड सरकार रोजमर्रा की जरूरत को ध्यान में रखते हुए 1000 रुपये प्रतिमाह बैंक खाते में डालेगी।निर्धारित तिथि के अनुसार कुंबा खुर्द व बिलासपुर पंचायत सचिवालय में तीन अगस्त को, हलीवन्ता कला व पिपरडीह पंचायत सचिवालय में 4 अगस्त को, चितविश्राम एवं नरही पंचायत सचिवालय में 5 अगस्त को, कुशदण्ड एवं हुलहुला खुर्द पंचायत सचिवालय में 6 अगस्त को, गरबाँध एवं भोजपुर पंचायत सचिवालय में 7 अगस्त को, कधवन एवं कोलझिकि पंचायत सचिवालय में 8 अगस्त को शिविर लगाकर 21 से 50 वर्ष की महिलाओं से फॉर्म जमा कराया जायेगा। शिविर के सफल आयोजन के लिये कुम्बा खुर्द पंचायत सचिवालय में जनसेवक ज्ञानचंद केशरी, बिलासपुर पंचायत सचिवालय में प्रखंड समन्वयक पंचायती राज कौशल कुमार, हलीवन्ता पंचायत सचिवालय में जन सेवक विकास कुमार,पिपरडीह पंचायत सचिवालय में कनीय अभियंता रविंद्र मिंज,चितविश्राम पंचायत सचिवालय में जनसेवक ज्ञान केशरी,नरही पंचायत भवन में प्रखंड समन्वयक पंचायती राज कौशल कुमार,कुशदण्ड पंचायत सचिवालय में जनसेवक विकास कुमार,हुलहुला खुर्द पंचायत सचिवालय में कनीय अभियंता रविन्द्र मिंज,गरबाँध पंचायत सचिवालय में जनसेवक ज्ञान केशरी, भोजपुर पंचायत सचिवालय में प्रखंड समन्वयक पंचायती राज कौशल कुमार, कधवन पंचायत सचिवालय में जनसेवक विकास कुमार, कोलझिकि पंचायत सचिवालय में कनीय अभियंता रविन्द्र मिंज को नोडल पदाधिकारी प्रतिनियुक्ति किया गया है।

## मेदिनीनगर की पूर्व मेयर ने किया गढ़वा के विभिन्न प्रखंडों का दौरा



**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरिया ।** डाल्टनगंज की मेयर सह भाजपा नेत्री अरूणा शंकर ने भंडरिया प्रखंड क्षेत्र का किया दौरा । भाजपा नेत्री ने जिन गांवों का दौरा किया उनमें सरईडीह,पीपरा खजुरी,कंजीया, नौका, भंडरिया मदगड़ी, क बघवार के नाम शामिल हैं। एक दिवसीय दौरे के क्रम में उन्होंने लोगों से जनसंपर्क किया व उनका कुशलक्षेम जानते हुए भाजपा कार्यकताओं के द्वारा अथक प्रयास कर विगत लोकसभा चुनाव में भारी मतों से सांसद बनाने का कार्य किया है जिसके लिए आप सब बधाई के पात्र हैं। प्रखंड के बघवार गांव में आदिवासी समुदाय के द्वारा आयोजित हो रहे अच्छी बारिश होने को लेकर प्रकृति की पूजा में भी शामिल हुईं। तथा वहां उपस्थित बैगा, पाहन को अंगवस्त्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस तरह के पूजा में वे पहली बार शामिल हुई हैं। इसकी एक अलग ही अनुभुती हमें मिली। इधर भंडरिया दौरे के क्रम में उन्होंने डोर टू डोर भाजपा कार्यकताओं से मिलते हुए बुथ अध्यक्ष, संयोजक समेत भाजपा के वरिष्ठ कार्यकताओं को शौल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरे के क्रम में उन्होंने कहा कि भाजपा के सिर्श नेताओं का विश्वास व आप सभी का आशीर्वाद रहा तो आनेवाले विधानसभा चुनाव में डाल्टनगंज भंडरिया विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के रूप में आप सभी के बीच में उपस्थित रहूंगी। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश्वर ठाकुर सांसद प्रतिनिधि रूप निरंजन सिन्हा , नौका बूथ अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह दिलीप तमोली बीजका बूथ संयोजक कोमल सिंह, मुखदेवन प्रजापति, इंद्रदेव सिंह, राकेश सोनी सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

### सेवनिवृत शिक्षक को भावपूर्ण विदाई

**खरौंधी।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय चन्दनी के प्रांगण में बुधवार को शिक्षक मोतीचंद जायसवाल को सेवनिवृत होने के उपरांत भावपूर्ण विदाई दी गई। शिक्षक मोतीचंद जायसवाल 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हुए हैं। इस अवसर पर खरौंधी प्रखंड के दर्जनों शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति में विदाई समारोह आयोजित कर उन्हें विदाई दी गई। विदाई समारोह में सेवनिवृत शिक्षक राजकेश्वर प्रसाद यादव ने अपने संबोधन में कहा कि सेवानिवृत्त शिक्षक मोतीचंद जायसवाल का व्यवहार उत्तम रहा है।

### मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना

## 10 लाभुकों को 1 करोड़ 27 लाख का मिला लोन

### 4 को स्कॉर्पियो, एक-एक को बोलेरो, ट्रैक्टर मिला

■ जिले के उपविकास आयुक्त शब्बीर अहमद व जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू ने लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत चयनित लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण करने को लेकर बुधवार को समाहरणालय परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर जिले के उपविकास आयुक्त शब्बीर अहमद व जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू ने लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। इस दौरान लाभुकों को दोनों पदाधिकारियों ने विभिन्न वाहन के चाबी भी सौंपे। कार्यक्रम में 10 लाभुकों के बीच मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत अनुदान आधारित 1,27,06,556 राशि का ऋण उपलब्ध कराया गया। इनमें तरहसी के राहुल कुमार को 1300915 रुपए का बोलेरो, तरहसी के ही नेहा कुमारी को 1255703 रुपए का बोलेरो प्रदान किया गया। इसी तरह विकास कुमार सोनी को 13 लाख का सोनालिका का ट्रैक्टर दिया गया। आशीष कुमार, गोविंद कुमार मेहता,अजय कुमार व रणजीत सिंह को स्कोर्पिओ का चाबी दिया गया। सतबरवा के संजय कुमार सिंह को टेंट हाउस का रोजगार करने के लिये 10 लाख का ऋण दिया गया। हरिहरगंज के कन्हाई ठाकुर को हार्डवेयर के व्यापार के लिये 15 लाख का ऋण दिया गया। हैदरनगर के अविनाश कुमार को जेनेरल स्टोर का रोजगार करने के लिए 50 हजार रुपये का ऋण उपलब्ध कराया गया।

## न्यूज बॉक्स

### राजकीय उतक्रमित मध्य विद्यालय में प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बनी अनिता देवी



**हुसैनाबाद।** प्रखण्ड के अंतर्गत उतक्रमित मध्य विद्यालय एकडरी हुसैनाबाद में विदयालय प्रबंधन समिति के पुनर्गठन करने हेतु अभिभावकों एवं ग्रमीण की बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता पथरा पंचायत के मुखिया नरेश पासवान एंव पयेवेक्षक संकुल सांधन सेवी पथरा के अखिलेश सिंह ने की। संचालन निर्मल कुमार प्रधानाध्यापक ने किया। सभी को चुनाव के बारे में चर्चा की गई। सभी पोषक क्षेत्र के अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अनिता देवी, और संयोजिका ललिता देवी को चुना गया। विद्यालय के सभी शिक्षक पूनम,लक्ष्मी, श्रीराम सिहं,असलम, सुनिल सिंह आदि उपस्थित थे। नये अध्यक्ष ने कहा कि विद्यालय को विकास करने का प्रयास व इसे शिक्षा के क्षेत्र में इसे बेहतर बनायेंगे।

### नीलांबर- पीतांबरपुर थाना पुलिस ने आसेहार में चिपकाया इश्तिहार



**सगालीम।** पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र के आसेहार पंचायत निवासी सुनील यादव पिता प्रयाग यादव के घर में नीलांबर-पीतांबरपुर थाना के एसआई प्रदीप कुमार द्वारा ढोल बाजे के साथ इश्तिहार चिपकाया गया। एसआई प्रदीप कुमार द्वारा बताया गया कि सुनील यादव पिता प्रयाग यादव पर पुलिस एक्ट के तहत मामला दर्ज है। कई बार नोटिस के बाद भी अभियुक्त सुनील यादव उपस्थित नहीं होकर फरार चल रहा है। जिसे लेकर नीलांबर पीतांबरपुर पुलिस द्वारा आसेहार में उसके घर के साथ-साथ विभिन्न जगहों पर इश्तिहार चिपकाया गया। साथ ही कहा गया कि आप सभी को यह मुजरिम मिलता है तो इसे प्रस्तुत होने के लिए प्रेरित करें।

### अयोध्याधाम जा रहा लातेहार का युवक ट्रेन से गिर कर घायल



**मोहम्मदगंज।** थाना क्षेत्र के मोहम्मदगंज-कोसियारा स्टेशन के मध्य स्थित बेगमपुरा गांव के पास अप लाइन में ट्रेन से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसकी जेब से मिले आधार कार्ड के अनुसार घायल युवक की पहचान लातेहार जिले के कामता गांव निवासी जगदेव गंझू के 30 वर्षीय पुत्र संजय गंझु के रूप में हुई है। जेब में टोरी से अयोध्याधाम जाने का टिकट भी मिला है। संभवतः युवक मजदूरी करने वहां जा रहा था। सुबह टहलने गए ग्रामीण और रेल कर्मी ने युवक को घायलावस्था में तड़पते हुए देख तुरंत ही 108 एंबुलेंस से इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भिजवा दिया। जहां से बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर में भर्ती कराया गया है। परिजनों को इसकी सूचना दे दी गई है।

## पेज एक का शेष

### कांके, ओरमांझी, और...

शहरी क्षेत्र और ग्रामीण क्षेत्रों में हर दो वर्ष में जमीन और मकान के रेट में वृद्धि की जाती है। वर्ष 2022 में अंतिम बार ग्रामीण इलाकों की भूमि, मकान और फ्लैट की कीमतों में 10% की वृद्धि की गई थी। सरकार के नियम के मुताबिक, हर 2 वर्ष पर ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में जमीन की सरकारी दर बढ़ाई जाती है, जिसका सीधा असर रजिस्ट्री में लगने वाले कोर्ट और स्टाम्प फीस पर पड़ता है। रांची के इन ग्रामीण इलाकों में बढ़ा है सबसे ज्यादा सरकारी दर

| इलाका | आवासीय रेट | व्यवसायिक रेट |
|---|---|---|
| बोड़ेया | 549622 | 988807 |
| पिर्रा | 508972 | 915675 |
| सिमलिया | 402348 | 723845 |
| एदलहात | 440124 | 440124 |
| टेंडर | 274062 | 493055 |
| कमड़े | 328876 | 591667 |
| नगड़ी | 278030 | 500191 |
| लालगुटवा | 320734 | 577019 |
| हुटुप | 234912 | 422619 |

### झारखंड के राज्यपाल...

सुमन अर्पित किया। इसके बाद गार्ड ऑफ ऑनर देकर गंगवार को राजभवन ले जाया गया। शपथ ग्रहण से पहले मुख्य सचिव एल खियांग्ते ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अभिभाषण पढ़ा। इसके बाद झारखंड हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस ने संतोष गंगवार को राज्यपाल के रूप में शपथ दिलायी।

### हमास चीफ हानिया...

वहीं, हमास का दावा है कि इजरायली हमलों में अब तक 39 हजार से अधिक फिलिस्तीनी नागरिकों की मौत हो चुकी है। इससे पहले इजराइल ने बेरूत में हिजबुल्ला के ठिकानों पर हमला किया। इजराइली सेना ने कहा कि गोलन हाइट्स पर किए गए रॉकेट हमले के जिम्मेदार आतंकी कमांडर को निशाना बनाया गया। इस हमले में हिजबुल्लाह सैन्य कमांडर फुआद शुक्र मारा गया।

### लातेहार में पुलिस...

प्रारंभिक छानबीन में अधिकारियों ने पाया कि राइफल सफाई करने के दौरान मिस फायर हो जाने से प्रमोद सिंह को गोली लगी और उनकी मौत हो गई। इस संबंध में लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने बताया कि पुलिस ने हर पहलू को ध्यान में रखकर मामले की छानबीन आरंभ कर दी है।

### झारखंड में जल्द...

योजना के बारे में जानकारी देते हुए चंपाई सोरेन ने कहा कि हर खेत तक पानी पहुंचाने का काम पाइप लाइन से ही संभव है। साथ ही मंत्री ने बताया कि राज्य में सुखाड़ को लेकर कृषि विभाग हर सप्ताह स्थिति का आकलन कर रहा है। चंपाई ने कहा कि सुखाड़ से निबटने के लिए स्थायी समाधान की कार्य योजना भी तैयार की जाएगी। अगस्त के अंतिम में विभाग केंद्र सरकार को सुखाड़ की रिपोर्ट भेजेगा। वहीं, कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने सदन में जानकारी दी है कि वर्ष 2024-25 में विभाग ने मोटा अनाज के लिए 50 करोड़ रुपये का निर्धारण किया है। दरअसल, प्रदीप यादव ने सदन में ध्यानाकर्ष प्रश्न के जरिए सुखाड़ पर सरकार की तैयारी पर सवाल पूछा था।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com




**ब्रीफ न्यूज**

## ब्रिटेन में चाकू के हमले में दो बच्चों की मौत, नौ घायल

**लंदन।** उत्तर-पश्चिम इंग्लैंड के साउथपॉर्ट (मसीसाईड) में सोमवार को चाकू के हमले में दो बच्चों की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने बताया कि हमले में नौ लोग भी घायल हुए हैं, इनमें छह की हालत गंभीर है। पुलिस ने बताया सात से ग्यारह साल के बच्चे 'टेलर स्विफ्ट योगा एंड डांस वर्कशॉप' में क्लास ले रहे थे, तभी अचानक एक हमलावर आया और उन पर हमला कर दिया। दो वयस्क जो बच्चों को बचाने की कोशिश कर रहे थे, वह भी घायल हो गए। लंकाशायर के बैंक्स से एक 17 साल के लड़के को हत्या और हत्या के प्रयास के शक में गिरफ्तार किया गया है।

## क्वाड व्यावहारिक परिणाम देने वाला प्लेटफार्म है : जयशंकर

**टोक्यो।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका



का क्वाड समूह बातचीत का मंच नहीं, बल्कि व्यावहारिक परिणाम देने वाला एक प्लेटफार्म है। टोक्यो में क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद जयशंकर ने एसटीईएम फेलोशिप से लेकर ऑफ-ग्रिड सौर परियोजनाओं तक पर प्रकाश डाला। गौरतलब है कि अतीत में, बीजिंग क्वाड को चीन के खिलाफ एक विशेष गुट बता चुका है।

## कांग्रेस के अच्छे प्रदर्शन से राष्ट्रीय राजनीति में बदलाव आएगा : सोनिया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की बैठक बुधवार को नई दिल्ली के संविधान सदन में हुई। इस बैठक की अध्यक्षता सोनिया गांधी ने की। बैठक में कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के साथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व पार्टी प्रमुख राहुल गांधी और अन्य वरिष्ठ नेता संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में उपस्थित रहे। इस मौके पर मीडिया से बातचीत में सोनिया गांधी ने कहा कि अगर कांग्रेस आगामी विधानसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करती है तो राष्ट्रीय राजनीति में बदलाव आएगा।

## मैं तृणमूल के खिलाफ चुप कैसे रह सकता हूं : अधीर रंजन

**कोलकाता।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी ने एक बार फिर पार्टी के प्रति अपनी नाराजगी जताई है। खास तौर पर इशारे-इशारे में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के पुराने बयानों की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि मैं बंगाल में तृणमूल के खिलाफ चुप कैसे रह सकता हूं? दिल्ली में कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल से मिलने के कुछ दिनों बाद, पांच बार के पूर्व लोकसभा सदस्य अधीर रंजन चौधरी ने सोशल मीडिया पर अपनी पार्टी के हाईकमान पर अप्रत्यक्ष रूप से हमला किया है।

# जाति जनगणना की मांग को लेकर विपक्ष का लोकसभा में जोरदार हंगामा

### विपक्षी सांसदों के हंगामे के बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रश्नकाल की कार्यवाही को चलाने का किया प्रयास

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के सांसदों ने बुधवार को जाति जनगणना करवाने के लिए लोकसभा में जोरदार हंगामा और नारेबाजी की। विपक्षी सांसदों के हंगामे के बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रश्नकाल की कार्यवाही को चलाने का प्रयास किया। लेकिन विपक्षी दलों के सांसदों द्वारा वेल में आकर तख्तियां लहराने के बाद स्पीकर ने सदन की कार्यवाही को 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। सुबह 11 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने पर सबसे पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन की तरफ से पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीत कर इतिहास बनाने वाले मनु भाकर और सरबजोत सिंह को बधाई दी। इसके बाद उन्होंने प्रश्नकाल की कार्यवाही शुरू की लेकिन जाति जनगणना की मांग को लेकर कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के सांसदों ने नारेबाजी शुरू कर दी। नारेबाजी करते हुए हुए विपक्षी सांसद वेल में भी आ गए। वो लगातार सरकार के खिलाफ नारे लगाते रहे, जाति जनगणना की मांग करते रहे और माफी मांगने की भी मांग करते रहे।

**नियोजित तरीके से सदन की कार्यवाही बाधित कर रहा विपक्ष :** लोकसभा स्पीकर ने भी सदन में नियोजित बाधा डालने के लिए विपक्षी सांसदों को फटकार लगाते हुए कहा कि बीएसी की बैठक में यह तय हुआ था कि सदन में कोई भी तख्तियां नहीं लहराएगा। यह गलत है। विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है और वे नियोजित तरीके से सदन की कार्यवाही को बाधित करना चाहते हैं।



### जाति पूछने वालों से जाति पूछने पर अपमान कैसा : डॉ. संबित पात्रा

कांग्रेस और इंडी गठबंधन के वार पर भारतीय जनता पार्टी के सांसद डॉ. संबित पात्रा ने पलटवार करते हुए कहा कि संसद में किसी का नाम नहीं लिया गया, लेकिन विपक्ष के नेता को न जाने क्यों लगता है कि उनकी जाति पूछी गई। बुधवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में सांसद संबित पात्रा ने राहुल गांधी पर वार करते हुए कहा कि वे पत्रकारों की जाति पूछ सकते हैं, हलवा सेरेमेनी में प्रशासनिक अधिकारियों की जाति पूछी जा सकती है, न्यायाधीशों की जाति पूछी जाति है, लेकिन विपक्ष के नेता की जाति नहीं पूछी जा सकती।

### चरणजीत चन्नी ने प्रधानमंत्री के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव पेश किया

नई दिल्ली। लोकसभा सत्र के दौरान भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर के भाषण की तारीफ से कांग्रेस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भड़क उठी है। बुधवार को कांग्रेस ने इस मामले को लेकर विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव का नोटिस दिया है। कांग्रेस सांसद चरणजीत सिंह चन्नी ने कहा कि उन्होंने लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव का नोटिस दिया है। जिसमें उन्होंने भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर द्वारा एक्स पर ट्वीट की गई टिप्पणी के पूरे भाषण वीडियो के साथ ट्वीट किया। यह सदन की अवमानना थी।

### जाति पूछकर अनुराग ने राहुल का अपमान किया है : खरगे

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर की जातिगत टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। मंगलवार को लोकसभा सत्र के दौरान अनुराग ठाकुर की जातिगत टिप्पणी पर बुधवार को मल्लिकार्जुन खरगे ने मीडिया से बातचीत में कहाकि जाति पूछकर अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि सदन में इस तरह से कभी ताना नहीं मारा गया था, अब तक संसद में ऐसा नहीं हुआ है। खरगे ने कहा कि संसद में किसी की जाति नहीं पूछी जा रही है।

### सुबह-शाम जाति की बात करने वाले ही सवाल खड़े करते हैं : रिजिजू

किरेन रिजिजू ने बुधवार को लोकसभा में कांग्रेस सांसदों के हंगामे और नारेबाजी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि राहुल गांधी और पूरी कांग्रेस पार्टी सुबह-शाम-रात जाति-जाति करते रहते हैं और यहां जाति पूछने पर सवाल खड़े करते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश को तोड़ने के लिए सबसे पहले सेना के खिलाफ बयानबाजी की और सेना का मनोबल कमजोर करने का प्रयास किया। ये देश में हिंसा भड़काने और अराजकता फैलाने के लिए उकसाते हैं।

## जीवन और स्वास्थ्य बीमा से जीएसटी हटाएं : गडकरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता



नितिन गडकरी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर उनसे जीवन और स्वास्थ्य बीमा योजना के भुगतान पर लगने वाला जीएसटी हटाने का अनुरोध किया है। नितिन गडकरी ने निर्मला सीतारमण को यह पत्र नागपुर मंडल जीवन बीमा निगम कर्मचारी संघ की ओर से प्राप्त ज्ञापन पर लिखा है। अपने पत्र में गडकरी ने लिखा है कि जीवन बीमा और चिकित्सा बीमा प्रीमियम दोनों पर 18 प्रतिशत की जीएसटी दर लगती है।

## बजट में आर्थिक वृद्धि पर जोर, सभी राज्यों को धन का आवंटन : सीतारमण

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को



राज्यसभा में केंद्रीय बजट 2024-25 पर हुई चर्चा का जवाब दिया। वित्त मंत्री ने सदन को बताया कि बजट में आर्थिक वृद्धि, रोजगार, पूंजी निवेश और राजकोषीय मजबूती के बीच बेहतर संतुलन स्थापित किया गया है। बजट में किसी राज्य का नाम नहीं लेने का मतलब यह नहीं है कि उसे पैसे जारी नहीं किए गए हैं। वित्त मंत्री ने राज्यसभा में केंद्रीय बजट 2024-25 और जम्मू-कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के बजट 2024-25 पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि हम सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास के सिद्धांत पर काम कर रहे हैं। यह सिद्धांत अगले पांच साल जारी रहेगा और हम तब तक इसे जारी रखेंगे जब तक भारत विकसित देश नहीं बन जाता। सीतारमण ने चर्चा के दौरान विपक्ष पर दुष्प्रचार करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बजट भाषण में किसी राज्य का नाम नहीं होने का मतलब यह नहीं है कि उन्हें कोई पैसा नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि कृषि और इससे जुड़े सेक्टर्स के लिए केंद्रीय बजट में 1.52 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान है जो इससे पिछले वित्त वर्ष से 8000 करोड़ रुपये ज्यादा है।

## फर्जी आयुष्मान कार्ड मामले में ईडी ने 19 ठिकानों पर छापा मारा


एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आयुष्मान भारत योजना में फर्जीवाड़े को लेकर बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने इस योजना के फर्जी आईडी कार्ड बनवाने के मामले में राजधानी दिल्ली, चंडीगढ़, पंजाब, हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा, ऊना, शिमला, मंडी और कुल्लू सहित 19 ठिकानों पर छापेमारी की है। इसमें हिमाचल के कांग्रेस विधायक आरएस बाली भी शामिल हैं। आयुष्मान भारत योजना धोखाधड़ी मामले में बांके बिहारी अस्पताल, फोर्टिस अस्पताल सहित कई नामी-गिरामी अस्पतालों में ऐसे फर्जी कार्डों पर कई मेडिकल बिल बनाए गए हैं, जिससे सरकारी खजाने और लोगों को नुकसान हुआ है। इस फर्जीवाड़े में हिमाचल प्रदेश के दो कांग्रेसी नेताओं का नाम सामने आया है।

**एजुकेशन/करियर**

*रजनीश। ड्रिलिंग इंजीनियर के तौर पर आप तेल और गैस के कुओं की ड्रिलिंग के लिए आवश्यक कार्यों की योजना, विकास और टेस्टिंग के लिए जिम्मेदारी निभाते हैं। ड्रिलिंग इंजीनियर कुएं के डिजाइन से लेकर टेस्टिंग और लागत के लिए भी कार्ययोजना तैयार करते हैं। ड्रिलिंग इंजीनियर सुरक्षा प्रबंधन की देखरेख करने और पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भूवैज्ञानिकों और भूवैज्ञानिकों जैसे अन्य पेशेवरों के साथ काम करते हैं। एक ड्रिलिंग इंजीनियर पेट्रोकेमिकल कंपनियों के लिए काम करता है, ऑयल-रिग ड्रिलिंग ऑपरेशंस की योजना और प्रबंधन करता है। वे विभिन्न ड्रिलिंग उपकरण और मशीनरी पर डिजाइन और रखरखाव करते हैं और इसकी सुरक्षा और दक्षता सुनिश्चित करने के लिए ड्रिलिंग प्रक्रिया की देखरेख करते हैं। ड्रिलिंग इंजीनियर आमतौर पर आर्गनाइजेशन के रुपये बचाने और कुओं को ड्रिल करने के तरीकों को कार्यान्वित करते हैं। कुछ ड्रिलिंग इंजीनियर लंबे समय तक काम करते हैं, शिफ्ट में घूमते हैं।*

# ड्रिलिंग इंजीनियरिंग में बना सकते हैं अपना करियर



### ड्रिलिंग इंजीनियर के कार्य क्या हैं

- ड्रिलिंग इंजीनियर प्रत्येक कुएं की डाटा शीट तैयार करता है।
- विभिन्न कुओं की ड्रिलिंग के लिए उत्पादन प्रवाह (प्रोडक्शन फ्लो) और योजना बनाना।
- कर्मचारियों और संचालन की प्रगति की निगरानी करना।
- ड्रिलिंग प्रयासों की दैनिक लागत और बजट पर नज़र रखना और व्यय प्रस्तावों के साथ लागत की तुलना करना।
- ड्रिलर्स की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल और प्रक्रियाएं बनाना।
- टीम और कस्टमर्स के लिए ड्रिलिंग और कॉन्ट्रैक्ट का निर्माण करने के लिए जिम्मेदारी निभाना।
- भू-भाग के विभिन्न स्तरों पर कुएं खोदना और रास्ते डिजाइन करना।
- ड्रिलिंग स्थान के जोखिमों का आंकलन करना।
- ड्रिलिंग ऑपरेशन की रिपोर्टिंग और लॉजिस्टिक्स का मैनेजमेंट करना।
- अच्छे पथ पर दिशात्मक डिज़ाइन के लिए जिम्मेदार।
- छोटे कस्टमर्स की ओर से मैनेजमेंट करना।
- ड्रिलिंग न होने की स्थिति में साइट को उसकी सेम सेटिंग में लौटाना।
- ड्रिलिंग इंजीनियर बनने के लिए विदेशी विश्वविद्यालय
- स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी
- टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी ऑफ डेनमार्क
- टेक्सास ए एंड एम यूनिवर्सिटी
- इंपीरियल कॉलेज लंदन
- एडिलेड विश्वविद्यालय
- अल्बर्टा विश्वविद्यालय
- हेरियट-वाट विश्वविद्यालय
- किंग फहद यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड मिनरल्स

### भारतीय वीश्वविद्यालय



- आईआईटी मद्रास
- प्रेसीडेंसी विश्वविद्यालय, बैंगलोर
- आईआईटी मुंबई
- आईआईटी गुवाहाटी
- आईआईटी धनबाद
- एनएमआईएमएस यूनिवर्सिटी, जयपुर
- आईटीएम। यूनिवर्सिटी